दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — डीकेएस की तीसरी लिफ्ट भी खराब...
4 अभिव्यक्ति — कानून के फेर में फंसी निर्भया के दरिंदों...
9 मनोरंजन/व्यापार — दीपिका पादुकोण को मिला क्रिस्टल अवार्ड...
11 खेल — शिखर न्यूजीलैंड के टी-20 दौरे से बाहर

www.navpradesh.com
बिलासपुर, बुधवार 22 जनवरी 2020, माघ कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-281 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

विवादास्पद बयानबाजी करना नेताओं का काम है लेकिन कुछ अभिनेता अब बोल वचन कर नेताओं के एकाधिकार को खुली चुनौती दे रहे है। इसके जवाब में बयानवीर नेताओं को भी फिल्मी दुनिया में छपाक से छलांग लगाकर उनको चुनौती देना चाहिए। फ्लाप हीरो सैफ अली खान के भारतीय इतिहास के बारे में बेतुके बयान के बाद अभिनेत्री सोनी राजदान ने भी कुख्यात आतंकवादी अफजल गुरू को बलि का बकरा बताकर नया विवाद पैदा कर दिया है। देश के दुश्मनों की वकालत करने वाले ऐसे फिल्मी कलाकारों की जब लोग मुखालफत करते है तो उन्हे देश में असहिष्णुता नजर आने लगती है।

प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला के लिए देवदूत बने जवान

नवप्रदेश संवाददाता

■ बीजापुर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में गर्भवती महिला को खाट पर रख पहुंचाया अस्पताल

■ कंधों पर उठाकर 6 किलोमीटर तक चले पैदल

बीजापुर। नक्सली आए दिन सुरक्षा बल के जवानों पर लोगों को प्रताड़ित करने के आरोप लगाते रहते हैं। लेकिन हकीकत ये है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सुरक्षा बल के जवान यहां के लोगों के लिए कई बार संकट मोचक साबित होते हैं। लोगों के लिए जवानों के संकट मोचक बनने का ताजा मामला बीजापुर के धुर नक्सल प्रभावित इलाके का है। यहां सीआरपीएफ के जवानों ने मानवता की मिसाल पेश की है। जवानों ने प्रसव पीड़ा से तड़प रही एक गर्भवती महिला को खाट के सहारे अपने कंधों पर उठाकर हास्पिटल पहुंचाया। सीआरपीएफ की 85 बटालियन के जवानों ने गर्भवती महिला को खाट पर अपने कंधों पर लाद छह किमी दूर स्थित अस्पताल तक पहुंचाया, जहां से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एरिया डोमिनेशन के लिए निकले थे जवान

सीआरपीएफ की 85 बटालियन के कमांडेंट यादवेंद्र यादव ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी कंपनी के जवान एरिया डोमिनेशन के लिए पदेडा और संतोषपुर जैसे संवेदनशील क्षेत्र की ओर निकले थे। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए जवानों से मदद मांगी। जब जवान महिला के पास पहुंचे तो महिला प्रसव के दर्द से तड़प ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गंगालूर रोड में कम होने लगी नक्सल वारदातें

नक्सलियों के लिहाज से संवेदनशील जिले के गंगालूर रोड में सीआरपीएफ की 85 बटालियन पदस्थ है। इस इलाके में नक्सलियों का काफी प्रभाव है। लेकिन जब से यहां सीआरपीएफ की 85 बटालियन के जवानों ने मोर्चा संभाला है तब से नक्सली घटनाओं में काफी कमी आई है। जवान आये दिन ग्रामीणों की मदद करते हुए नजर आ जाते हैं। ग्रामीण भी जवानों के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करने लगे हैं।

भिलाई में एक ही परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या

■ महिला व पुरुष के बांधे हाथ-पैर, मुंह में ठूंसा कपड़ा, फिर जाली को गर्म कर जलाया शरीर

■ बच्ची की दम घुटने से मौत की आशंका

■ वारदात के बाद से मृतका का पति फरार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भिलाई में मंगलवार तड़के दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। यहां एक ही परिवार के तीन लोगों की निर्मता से हत्या कर दी गई। वारदात को भिलाई के तालपुरी कॉलोनी के पारिजात ब्लॉक के रवि शर्मा के मकान में अंजाम दिया गया। मकान से तड़के 5:30 बजे पुलिस को रवि की पत्नी मंजू सूर्यवंशी शर्मा (35), डेढ़ माह की बेटी निशा और 40 वर्षीय एक व्यक्ति की लाश मिली। मंजू और एक अन्य पुरुष के हाथ-पैर रस्सियों से बांधे गए थे और दोनों के मुंह में कपड़ा ठूंसकर चेहरों पर टेप चिपकाई गई थी। वारदता रोंगटे खड़े करने वाली इसलिए भी है क्योंकि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दम घुटने से बच्ची की मौत

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर के अंदर धुआं ही धुआं भरा था। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद दोनों के शवों को जलाने का प्रयास किया गया। धुएं के कारण दम घुटने से बच्ची की मौत होने का भी अंदेशा जताया जा रहा है।

घटना स्थल पर जांच में जुटी पुलिस

मृतका की मां को आया था फोन- बचा सकते हो तो बचा लो

तड़के करीब 4 बजे सेक्टर-7 में रहने वाली मंजू की मां को कॉल आया था। कॉल करने वाले ने कहा कि तुम्हारी बेटी और दामाद जल रहे हैं। बचा सकते हो तो बचा लो, इसके बाद उन्होंने घर कॉल किया। किसी के फोन रिसीव नहीं करने पर सुबह करीब 5.30 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और इस हत्याकांड का पता चला।

हत्यारे ने दिवार पर लिखी धमकी

हत्या को अंजाम देने के बाद हत्यारे मंजू के चरित्र पर सवाल उठाने वाली कुछ बातें भी लिखीं। लिखा कि मंजू की वजह से उसके (हत्यारे के) भाई ने फांसी लगाई। इसलिए मार रहा हूं। बाकी के परिवार को भी मार दूंगा। बताया जा रहा है कि मंजू की पहले मनीष नाम के युवक से शादी हुई थी। मनीष ने बाद में मंजू की बहन से शादी कर ली। इसके कारण मंजू रवि के साथ रहने लगी थी। रवि दुर्ग में कारपेंटर का काम करता है।

रेल टिकटों में टेरर फंडिंग का शक

■ झारखंड के रहने वाला गुलाम मुस्तफा अरेस्ट

■ पिछले साल गोंडा के एक स्कूल में हुए बम विस्फोट में था शामिल

नई दिल्ली (वार्ता)। रेलवे प्रटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) ने मंगलवार को एक ऐसे ई-टिकटिंग रैकिट का खुलासा किया, जिसके तार दुबई, पाकिस्तान और बांग्लादेश से जुड़े हुए हैं। आरपीएफ डीजी अरुण कुमार ने बताया कि इसके पीछे टेरर फंडिंग का शक है।

रैकिट का सरगना दुबई में है। जांच के दौरान चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इस मामले में गिरफ्तार एक ही शख्स के स्टेट बैंक ऑफइंडिया के 2,400 ब्रांचों में अकाउंट मिले हैं।

हाल के सालों में टिकटों के अवैध कारोबार पर सबसे बड़ी कार्रवाई में आरपीएफ ने झारखंड के एक शख्स को गिरफ्तार किया है। शक है कि वह टेरर फाइनैंसिंग में शामिल है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अंतरराष्ट्रीय ई-टिकट रैकेट का पर्दाफाश

पाकिस्तान, बांग्लादेश, दुबई से जुड़े हैं तार

आईआरसीटीसी के 563 आईडी, 3000 बैंक खाते मिले

गुलाम मुस्तफा के पास से आईआरसीटीसी के 563 पर्सनल आईडी मिले हैं। इसके अलावा संदेह है कि एसबीआई के 2,400 और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की 600 शाखाओं में उसके बैंक खाते हैं।

एनआईए, ईडी आईबी भी कर चुकी है पूछताछ

आरपीएफके डीजी अरुण कुमार ने बताया कि ई-टिकटिंग रैकिट के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए गुलाम मुस्तफा से पिछले 10 दिनों में आईबी, स्पेशल ब्यूरो, ईडी, एनआईए और कर्नाटक पुलिस पूछताछ कर चुकी है। रैकिट के तार मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग से जुड़ने का शक है।

अयोध्या फैसले के खिलाफ पीस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की क्यूरेटिव पिटिशन

नई दिल्ली (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट के अयोध्या पर फैसले को लेकर दाखिल सभी 18 पुनर्विचार याचिकाओं के खारिज होने के बाद अब शीर्ष अदालत में क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल की गई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 नवंबर 2019 के अपने फैसले में विवादित जमीन रामलला विराजमान को देने का आदेश दिया था। अब पीस पार्टी के डॉक्टर अय्यूब ने 9 नवबर के फैसले पर दोबारा विचार करने की मांग वाली याचिका दाखिल की है।

चीफ जस्टिस एस ए बोबडे, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोक भूषण, जस्टिस अब्दुल नजीर और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने एकमत से रिव्यू पिटिशन को खारिज कर दिया था। बता दें कि अयोध्या के ऐतिहासिक फैसले वाली पीठ में जस्टिस बोबडे, डी वाई चंद्रचूड़ और अब्दुल नजीर भी शामिल रहे हैं।

खास खबर

नामांकन : 7 घंटे लाइन में लग सीएम केजरीवाल ने भरा पर्चा

नई दिल्ली ए.। आम आदमी पार्टी के संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नामांकन के आखिरी दिन आखिरकार पर्चा तो भरा लेकिन इसके लिए उन्हें कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। नामांकन केंद्र पर उन्हें करीब 7 घंटे तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। सोमवार को अपने 'रोड शो में भारी भीड़' की वजह से वह पर्चा दाखिल नहीं कर पाए क्योंकि वह दोपहर के 3 बजे के तय समय तक जामनगर हाउस में नामांकन पत्र भरने नहीं पहुंच पाए थे।

मोदी-ओली ने किया विराट नगर आईसीपी का उद्घाटन

विराटनगर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोनों देशों की सीमा से माल की आवाजाही को सुचारु बनाने के वास्ते एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) का शुभारंभ किया और आशा व्यक्त की कि आने वाले दिनों में ऐसी और भी सुविधाएं शुरू की जाएंगी। श्री मोदी नयी दिल्ली से और श्री ओली काठमांडू से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे।

धर्म के आधार पर नागरिकता संविधान के खिलाफ : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने सीएए के विरुद्ध हो रहे प्रदर्शनों को लेकर केंद्र की चुप्पी पर हैरानी जताते हुए सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि धर्म के आधार पर नागरिकता देना संविधान के खिलाफ है। कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस कानून को लेकर देश की जनता से असत्य बोल रहे हैं।

नेपाल : गैस लीक में 8 भारतीयों की मौत

■ विदेश मंत्रालय ने रखी है नजर

■ मृतकों में 4 बच्चे भी शामिल

काठमांडू। नेपाल में एक रिजॉर्ट में संदिग्ध गैस रिसाव के कारण मंगलवार को आठ भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई। मृतकों में 4 बच्चे भी शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद भारतीय दूतावास के अधिकारी अस्पताल पहुंचे हैं। वहीं, विदेश मंत्रालय ने भी घटना पर नजर रखी हुई है। पुलिस अधीक्षक सुशील सिंह राठौर ने बताया कि रिजॉर्ट के कमरे में बेहोश मिले इन भारतीय नागरिकों को एचएएमएस अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। नेपाल अखबार 'हिमालय टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार, गैस लीक में मारे गए 8 लोग, 15 पर्यटकों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सूबे के दो दिग्गजों ने ऐसे दिखाया एक-दूसरे को सियासी आईना

रमन सिंह और केंद्र सरकार पर बरसे सीएम भूपेश बघेल

नवप्रदेश संवादाता

■ पीएम-गृहमंत्री के बीच मतभेद, पुलवामा जांच पर सवाल

रायपुर। पुलवामा की घटना की कौन सी जांच हो गई? पुलवामा में 44 जवान सीआरपीएफ के शहीद हो गए। महीनों बीत गए, लेकिन 350 किलो आरडीएक्स लेकर आरोपी पहुंचा कैसे? इसके बारे में कोई जांच नहीं हुई है, अभी पता चल रहा है कि जो पकड़ा गया है डीएसपी देवेंद्र सिंह वह उस समय पुलवामा में ही पदस्थ था और अभी तक उस पर देशद्रोह का अपराध दर्ज नहीं हुआ है। कम से कम ये तो देश को बताना चाहिए कि वहां आरडीएक्स लेकर पहुंचे वो कौन थे? प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रमन बोले भूपेश सरकार में कानून व्यवस्था नाकाम

■ कहा- प्रदेश के कई जिले बनते जा रहे हैं अपराध के गढ़

छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की दृष्टि से सरकार पूरी तरह असफल रही है, जिसके कारण प्रदेश के रायपुर, दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर सहित कई जिले अपराध के गढ़ बनता जा रहे है। डा. सिंह आज एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि हर जगह कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। रायपुर से अगवा किए गए व्यापारी प्रवीण सोमानी का आज तक कोई सुराग पुलिस नहीं जुटा पाई है। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। प्रदेश में पुलिस का दुरुपयोग राजनीतिक कारणों, किसानों के यहां धान पकड़ने और छापेमारी के लिए करना गलत है। पुलिस अपने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गणतंत्र दिवस : चीफ गेस्ट होंगे ब्राजील के राष्ट्रपति बोलसोनारो

■ शुक्रवार को पहुंचेंगे दिल्ली

नई दिल्ली (वार्ता)। गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर विशेष अतिथि शामिल होने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो शुक्रवार को चार दिवसीय दौर पर भारत आएंगे। राष्ट्रपति पद का कार्यभर संभालने के बाद बोलसोनारो की यह पहली भारत यात्रा होगी। बोलसोनारो सात मंत्रियों, शीर्ष अधिकारियों और एक बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां पहुंचेंगे। विदेश मंत्रालय ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। ट्वीट में लिखा , 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो 24 से 27 जनवरी तक भारत दौरे पर रहेंगे। वह 26 जनवरी को भारत की 71वीं गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि होंगे।' राजपथ पर गणतंत्र दिवस 2020 परेड की रिहर्सल के चलते 17, 18, 20 और 21 जनवरी को कई मार्गों पर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक विजय चौक - राजपथ - इंडिया गेट (सी-हैक्सागन) परेड की रिहर्सल का रूट रहेगा।

गरमा-गरम

सम्मान पर संदेह — निलंबित आईपीएस गुप्ता के गैलेंट्री अवॉर्ड का साइटेशन होगा चेक

मुकेश गुप्ता का गैलेंट्री अवॉर्ड भी जांच घेरे में!

सुकांत राजपूत

रायपुर। मदनवाड़ा में नक्सली हमले की जांच के लिए गठित जस्टिस शंभूनाथ श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हर बिंदु पर पड़ताल होगी। इसमें एक बार फिर निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता की परेशानी बढ़ेगी। इस सनसनीखेज माओवादी हमले से लेकर बाद तक के सभी कार्यों को बिंदुवार जांच में शीमिल किया जाना है। जिसमें हादसे के बाद भारी कीमत चुकाने वाली राज्य पुलिस के विवादित आईपीएस मुकेश गुप्ता को मिला गैलेंट्री अवॉर्ड भी शामिल है। जांच आयोग के गठन के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जिसने कुछ नहीं किया उसे भाजपा ने नवाजा : सीएम भूपेश



साइटेशन में चूक हुई तो गए काम से

सीएम भूपेश बघेल ने जिस तरह अपात्र को अवॉर्ड दिये जाने वाला संकेत दिया है। अगर यह निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता को मिले गैलेंट्री अवॉर्ड की साइटेशन कॉपी में कहीं भी चूक या खामियां मिली तो बड़ी कार्रवाई होगी। पूरी संभावना है कि झूठा साइटेशन देकर अवॉर्ड लेने का मामला भी बनेगा जो नौकरी तक के लिए खतरा बन सकता है। वहीं गैलेंट्री अवॉर्ड भी वापिस लिया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो यह देश में पहला मामला होगा। एसपी चौबे को पुलिस पार्टी लेकर भेजने से लेकर उस बड़े नुक्सान के बाद गैलेंट्री अवॉर्ड मिलने तक में विभाग से लेकर प्रशासन तक में कई तरह की बातें होती हैं।

अवॉर्ड के साइटेशन की कॉपी अहम

निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता को मदनवाड़ा कांड के बाद ही राष्ट्रपति का गैलेंट्री अवॉर्ड मिला है। बताते हैं कि इस अवॉर्ड के लिए राज्य शासन की तरफ से जो साइटेशन की कॉपी भेजी गई है उसी आधार पर यह सम्मान दिया गया है। वैसे अब तक राज्य में अपने तैनाती कार्यकाल में एक भी सीधी नक्सली मुठभेड़ में निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता ने हिस्सा नहीं लिया है यह हल्ला है। फिर उनके आईजी रेंज रहते हुए ही मदनवाड़ा कांड हुआ था। उसमें भी उनकी भूमिका और शहीद एसपी वीके चौबे के चालक की गवाही के अलावा साइटेशन में आईपीएस की उपलब्धता जांच आयोग के लिए खासी अहम मानी जा रही है।

सांसद, विधायकों को अयोग्य करार देने वाली स्पीकर की शक्ति पर संसद विचार करे : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर द्वारा विधायकों और सांसदों को अयोग्य ठहराने की प्रक्रिया पर सख्त टिप्पणी की। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले में कहा कि स्पीकर की भूमिका पर एक बार फिर से विचार होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि स्पीकर लंबे समय तक ऐसी याचिकाओं को अपने पास नहीं रख सकते हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि ऐसे मामलों की जांच के लिए एक स्वतंत्र संस्था का गठन किया जाना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने संसद से विचार करने का आग्रह किया है कि स्पीकर जो खुद किसी पार्टी के सदस्य होते हैं, क्या उन्हें विधायक/सांसद की अयोग्यता पर फैसला लेना चाहिए? बता दें कि कर्नाटक में विधानसभा स्पीकर ने 17 विधायकों को अयोग्य ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को बरकार रखा, लेकिन विधायकों को उपचुनाव लड़ने की अनुमति दे दी थी। स्पीकर द्वारा विधायकों और सांसदों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ न्यूज गैलरी

ट्रूफिक ने घरेलू जरुरतों की जैविक वस्तुओं को बाजार में उतारा

नई दिल्ली (वार्ता)। घरेलू खानपान और किराना की वस्तुओं को उपलब्ध कराने वाली ट्रूफिक कम्पनी ने वर्ष 2025 तक देश में 5000 करोड़ रुपये का कारोबार करने तथा किसानों को उसके उत्पाद का उचित मूल्य देने के संकल्प के साथ मंगलवार को गुणवत्तापूर्ण जैविक खाद्य वस्तुओं की एक श्रृखला को खुदरा बिक्री के लिए जारी किया । कम्पनी के अध्यक्ष और प्रवासी भारतीय परमजीत सिंह कहलों ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक सौ करोड़ रुपये के निवेश से कारोबार शुरु किया गया है और अगले पांच साल में 5000 करोड़ रुपये के व्यवसाय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

आप विधायक सुरेन्द्र सिंह 'कमांडो' ने पार्टी से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं दिल्ली छावनी विधानसभा सीट से विधायक सुरेन्द्र सिंह 'कमांडो' ने विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार न बनाये जाने से खिन्न होकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। श्री सिंह ने आप के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपना इस्तीफा भेज दिया है। पत्र में उन्होंने कहा है कि वह पार्टी की सदस्यता छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि उन्हें सभी कार्यभार से मुक्त कर दिया जाए।

शाहीन बाग की महिलाओं ने की उपराज्यपाल से मुलाकात

नई दिल्ली(वार्ता)। नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर(एनआरसी) के खिलाफ पिछले एक महीने से अधिक समय में आंदोलन कर रही महिलाओं के साथ सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां उपराज्यपाल अनिल बैजल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल तासीर अहमद ने बताया कि उपराज्यपाल की ओर से प्रदर्शन करने वाली सड़क कालिंदी कुंज मार्ग से स्कूल बसों के आवागमन का आग्रह किया गया जिसे स्वीकार किया गया है। इसके अलावा एंबुलेंस को भी आने जाने दिया जा रहा है।

मनमोहन ने शमशेर सिंह को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, (वार्ता)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमशेर सिंह सुरजेवाला के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते मंगलवार को कहा कि वह किसान हितों के लिए समर्पित एक लोकप्रिय नेता थे। डॉ सिंह ने श्री शमशेर सिंह के पुत्र एवं कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला को भेजे एक शोक संदेश में कहा, ÷आपके पिता शमशेर सिंह सुरजेवाला जी के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की अंतिम सूची

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने दिल्ली विधान सभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की तीसरी और अंतिम सूची जारी कर दी। वरिष्ठ नेता परवेज हाशमी को ओखला से टिकट दिया गया है। कांग्रेस चुनाव समिति के प्रमुख मुकुल वासनिक ने यह सूची जारी करते हुए बताया कि सूची में पांच उम्मीदवार शामिल है। पार्टी ने जय प्रकाश पंवार को मादीपुर सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया है। मुकेश शर्मा को विकासपुरी, प्रवीण राणा को बिजवासन तथा मोहिंदर चौधरी को महरौली से टिकट दिया गया है। पार्टी ने कल देर रात दूसरी सूची जारी की थी जिसमे रमेश सब्बरवाल को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफनयी दिल्ली से, करावलनगर से अरबिंद सिंह, घोंडा से भीष्म शर्मा, तिलकनगर से रमिंदर सिंह बमराह, राजेंद्रनगर से राकी तुसीद, बदरपुर से प्रमोद यादव और कोंडली से अमरीष गौतम को उम्मीदवार बनाया गया है।

नामांकन में देरी का कारण 35 उम्मीदवार, केजरीवाल ने कहा- इंतजार में मजा है

नई दिल्ली (ए.)। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नामांकन पत्र दाखिल होने में देरी का कारण पहले से बैठ 35 उम्मीदवार हैं। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि निर्वाचन कार्यालय में 35 उम्मीदवार नामांकन के अधूरे दस्तावेज लिए बैठे हैं। यहां तक कि कई के पास तो 10 प्रस्तावकों के नाम तक नहीं हैं। सौरभ भारद्वाद के इस ट्वीट के जवाब में केजरीवाल ने कहा- कोई बात नहीं कई लोग पहली बार नामांकन भर रहे हैं तो गलतियां होंगी ही, हमने भी पहली बार गलती की थी। हमें उन्हें सिखाना चाहिए। मैं इनके साथ इंतजार कर मजा ले रहा हूं, ये लोग मेरे परिवार का हिस्सा हैं। केजरीवाल रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) चैंबर्स में हैं और अपना नामांकन दाखिल करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मंगलवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है।

उन्होंने यह भी ट्वीट किया कि वह नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए लाइन में खड़े हैं। केजरीवाल ने ट्वीट किया, ''अपना नामांकन पत्र भरने का इंतजार कर रहा हूं। मेरा टोकन नंबर 45 है। यहां नामांकन दाखिल करने के लिए अनेक लोग हैं। मुझे खुशी है कि इतने अधिक लोग लोकतंत्र में भागीदारी कर रहे हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को अपना नामांकन पत्र सोमवार को दाखिल करना था, लेकिन अपने रोडशो के कारण विलंब के चलते वह ऐसा नहीं कर पाए। केजरीवाल ने कहा, ''अगले पांच साल की यात्रा अब यहां से शुरू होती है। दिल्ली में हुए अच्छे काम की तरह मैं उम्मीद करता हूं कि अगले पांच साल में भी अच्छा काम होगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का उद्देश्य जहां उन्हें हराने का है, वहीं उनका उद्देश्य भ्रष्टाचार को हराना और दिल्ली को आगे ले जाने का है। केजरीवाल ने कहा, ''भाजपा, कांग्रेस, लोजपा, जजपा, जदयू और राजद साथ आ गए हैं। इस बार दिल्ली में इस तरह का गठबंधन है। इन सभी दलों का एकमात्र उद्देश्य यह है कि केजरीवाल को कैसे हराया जाए। और मेरा केवल एक उद्देश्य है कि भ्रष्टाचार का कैसे खात्मा किया जाए और दिल्ली को कैसे आगे ले जाया जाए। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को अपना नामांकन पत्र सोमवार को दाखिल करना था, लेकिन अपने रोडशो के कारण विलंब के चलते वह ऐसा नहीं कर पाए। केजरीवाल ने कहा, ''अगले पांच साल की यात्रा अब यहां से शुरू होती है। दिल्ली में हुए अच्छे काम की तरह मैं उम्मीद करता हूं कि अगले पांच साल में भी अच्छा काम होगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का उद्देश्य जहां उन्हें हराने का है।

विपक्ष का एकमात्र उद्देश्य केजरीवाल को हराना

आप प्रमुख ने कहा, ''वे (विपक्षी दल) कह रहे हैं कि केजरीवाल को हराओ और मैं कह रहा हूं कि स्कूलों को बेहतर बनाओ, अस्पतालों को बेहतर बनाओ। उनका एकमात्र उद्देश्य केजरीवाल को हराने का है। आप नेता ने कहा अरविंद केजरीवाल के नामांकन में देरी का कारण बीजेपी तो सीएम बोले- इंतजार में मजा है आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नामांकन पत्र दाखिल होने में देरी का कारण भारतीय जनता पार्टी है। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि निर्वाचन कार्यालय में 35 उम्मीदवार नामांकन के अधूरे दस्तावेज लिए बैठे हैं। यहां तक कि कई के पास तो 10 प्रस्तावकों के नाम तक नहीं हैं।

नामांकन भर रहे हैं तो गलतियां होंगी ही

सौरभ भारद्वाद के इस ट्वीट के जवाब में केजरीवाल ने कहा- कोई बात नहीं कई लोग पहली बार नामांकन भर रहे हैं तो गलतियां होंगी ही, हमने भी पहली बार गलती की थी। हमें उन्हें सिखाना चाहिए। मैं इनके साथ इंतजार कर मजा ले रहा हूं, ये लोग मेरे परिवार का हिस्सा हैं। केजरीवाल रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) चैंबर्स में हैं और अपना नामांकन दाखिल करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मंगलवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है।

भ्रष्टाचार को हराना और दिल्ली को आगे ले जाना है

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि उनकी अगले पांच साल की यात्रा अब शुरू होती है और उनका उद्देश्य भ्रष्टाचार को हराना तथा दिल्ली को आगे ले जाने का है। उन्होंने यह भी ट्वीट किया कि वह नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए लाइन में खड़े हैं। केजरीवाल ने ट्वीट किया, ''अपना नामांकन पत्र भरने का इंतजार कर रहा हूं।

लखनऊ में सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने फिर भरी हुंकार

शाह की दो टुक, विरोध करना है करें सीएए वापस नहीं होगा

लखनऊ (ए.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के समर्थन में मंगलवार को लखनऊ के बंगला बाजार स्थित रामकथा पार्क में रैली को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डॉ. दिनेश शर्मा ने भी रैली में मौजूद रहे।

राजस्थान के पिछले विधानसभा में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा कि पाकिस्तान से आए हिन्दुओं, सिखों को नागरिकता दी जाएगी। आप करो तो सही है और मोदी जी करें, तो विरोध करते हो।

नेहरू जी ने कहा था कि केंद्रीय राहत कोष का उपयोग शरणार्थियों को राहत देने के लिए करना चाहिए। इनको नागरिकता देने के लिए जो जरूरी हो वो करना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। अमित शाह ने कहा महात्मा गांधी जी ने 1947 में कहा था कि पाकिस्तान में रहने वाले हिंदू, सिख भारत आ सकते हैं।

उन्हें नागरिकता देना, गौरव देना, भारत सरकार का कर्तव्य होना चाहिए। मैं आज डंके की चोट पर कहने आया हूं कि जिसको विरोध करना है करे, सीएए वापस नहीं होने वाला है। अमित शाह ने कहा कि मैं वोट बैंक के लोभी नेताओं को कहना चाहता हूं, आप इनके कैंप में जाइए, कल तक जो 100-100 हेक्टेयर के मालिक थे वे आज एक छोटी सी झोपड़ी में परिवार के साथ भीख मांगकर गुजारा कर रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्षों से प्रताड़ित लोगों को उनके जीवन का नया अध्याय शुरू करने का मौका दिया है।

शरणार्थियों को नागरिकता देने का ये बिल

जब देश आजाद हुआ, कांग्रेस के पाप के कारण धर्म के आधार पर भारत मां के दो टुकड़े हो गए। 16 जुलाई 1947 को कांग्रेस पार्टी ने प्रस्ताव पास करके धर्म के आधार पर विभाजन को स्वीकार किया। अमित शाह ने कहा कि इस बिल में किसी की नागरिकता लेने का प्रावधान नहीं है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यकों पर वहां अत्याचार हुए, वहां उनके धार्मिक स्थल तोड़े जाते हैं। वो लोग वहां से भारत आए हैं। ऐसे शरणार्थियों को नागरिकता देने का ये बिल है। लखनऊ रैली में अमित शाह ने कहा कि देश में सीएए के खिलाफभ्रम फैलाया जा रहा है, दंगे कराए जा रहे हैं। सीएए में कहीं पर भी किसी की नागरिकता लेने का कोई प्रावधान नहीं है, इसमें नागरिकता देने का प्रावधान है। रैली के लिए गोंडा से भाजपा कार्यकर्ता रवाना हो चुके हैं। गोण्डा-लखनऊ रोड पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

बेटियों पर एफआईआर, मुनव्वर राना बोले-

मुझ पर दर्ज करो मुकदमा, मैंने ऐसी बागी बेटियां पैदा की

लखनऊ (ए.)। लखनऊ में धारा 144 लागू होने के बाद भी नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में हो रहे प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने तीन मुकदमें दर्ज किए हैं। इनमें से एक मुकदमा मशहूर शायर मुनव्वर राना की दोनों बेटियों समेत 12 अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बेटियों पर एफआईआर होने के बाद मुनव्वर राना ने कहा, 'मेरे पर मुकदमा दर्ज करो, ऐसी बागी बेटियां पैदा की' मुन्नवर राना ने कहा कि लखनऊ में नागरिकता संशोधन कानून का विरोध पहले से चल रहा है और इसे रोकने के लिए शहर में धारा 144 लगाई गई है। उन्होंने कहा कि जब शहर में धारा 144 लगी है तो गृहमंत्री अमित शाह यहां सभा को संबोधित करने कैसे आ रहे हैं। मुन्नवर राना ने कहा कि यहां की सरकार कहती है उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश है, यहां सब ठीक है। अगर यहां सब ठीक है तो धारा 144 क्यों लगाया गया। मुन्नवर राना ने कहा कि ये लड़कियां, महिलाएं जो प्रदर्शन कर रही हैं उनके पास ना कागज है, ना घर है ना छत है। वो डर रही है कि हमसे नागरिकता मांगी जाए हमसे कागज मांगे जाए जो हम ना दे पाए जो हमें देश से ना निकाल दिया जाए।

बता दें कि नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में लखनऊ के घंटाघर में हो रहे प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने सोमवार को 24 नामजद और 140 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। एडीसीपी पश्चिमी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि धारा 144 के चलते प्रदर्शन पूरी तरह असंवैधानिक है। घंटाघर के सामने पिछले चार दिनों से महिलाए अपने बच्चों के साथ नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं।

भीम आर्मी चीफ को दिल्ली आने की मिली इजाजत, साथ में रखी गई शर्तें

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद की जमानत शर्तों में मंगलवार को कुछ संशोधन किए हैं। इसके बाद अब आजाद दिल्ली का दौरा कर सकेंगे। दिल्ली के दरियागंज हिंसा मामले में आजाद को मिली जमानत की शर्तों में संशोधन करते हुए कोर्ट ने कहा है कि आजाद दिल्ली का दौरा कर सकते हैं लेकिन उन्हें यहां आने से पहले डीसीपी क्राइम को सूचना देनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि जब वह दिल्ली आएंगे तो वह दिए गए पते पर ही रहेंगे। वह डीसीपी को टेलीफोन और ईमेल के जरिए सूचित करेंगे कि वे दिल्ली या सहारनपुर में नहीं हैं। कोर्ट ने बुधवार को चंद्रशेखर आजाद को जमानत दी थी। आजाद को इस शर्त पर जमानत दी गई थी कि वह चिकित्सा उपचार को छोड़कर अगले चार सप्ताह तक दिल्ली नहीं आएंगे और इस दौरान किसी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल भी नहीं होंगे। उन पर 20 दिसंबर को जामा मस्जिद में सीएए विरोधी प्रदर्शन के दौरान लोगों को भड़काने का आरोप है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कामिनी लाउ ने आजाद को कुछ शर्तों के साथ राहत दी थी।

15 लोगों को अदालत ने दी जमानत

आजाद के संगठन ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ20 दिसंबर को पुलिस की इजाजत के बिना ही जामा मस्जिद से जंतर-मंतर तक विरोध मार्च का आह्वान किया था। इस मामले में गिरफ्तार किए गए 15 अन्य लोगों को नौ जनवरी को अदालत ने जमानत दे दी थी।

चंद्रशेखर की जमानत का क्यों किया विरोध

चंद्रशेखर की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान पब्लिक प्रोसिक्यूटर की तरफ से जमानत याचिका का विरोध करते हुए दलील दी गई थी कि उसने सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए हिंसा भड़काई थी, लेकिन तीस हजारी सेशन कोर्ट की जज कामिनी लौ ने कहा था कि इसमें उसके खिलाफ कोई हिंसा की बात नहीं है।

घाघरा नदी में नाव पलटी, एक दर्जन से अधिक लोगों के डूबने की आशंका, एक शिक्षक का शव मिला

गोण्डा (ए.)। यूपी के गोंडा जिले में ऐली परसौली घाट पर घाघरा नदी में मंगलवार दोपहर एक नाव पलटने से कई लोगों के डूबने की आशंका है। अभी तक एक का शव बरामद किया गया जो प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक बताया गया है। घटना की सूचना पाकर डीएम-एसपी मौके पर पहुंच गए हैं। बताया जाता है कि अयोध्या के रूदौली थाना क्षेत्र से लोग नाव पर सवार होकर आ रहे थे। इसी दौरान घाट से कुछ दूर पहले नाव पलट गई। आसपास के गांवों के लोगों ने यह देखा तो मौके पर भागे। कुछ ग्रामीणों ने नदी में उतर कर एक शव बरामद किया है। मौके पर सीओ तरबगंज और फोर्स व पीएसी के गोताखोर पहुंच गए हैं।

शिवाजी का अपमान बर्दाश्त नहीं : संजय राउत

■ पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के एडिटेड वीडियो पर भड़के

नई दिल्ली। मराठी योद्धा शिवाजी पर विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। मामला तब शुरु हुआ जब भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता द्वारा लिखी गई किताब में 17वीं शताब्दी के राजा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना की गई। ऐसे में अब दिल्ली विधानसभा चुनाव कैंपेन के लिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह के एक मोर्फ्ड वीडियो से शिवसेना तिलमिला गई है। एक्टर अजय देवगन की फिल्म तानाजी के एक एडिटेड ट्रेलर को वेबसाइट पॉलिटिकल कीड़ा ने रिलीज किया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शिवाजी के रूप में दिखाय गया है और अमित शाह को सेना कमांडर तानाजी के रूप में। 100 सेकंड के इस वीडियो में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उदयभान सिंह राठौड़ के रूप में दिखाया गया है। शिवसेना नेता संजय राउत ने इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दी जिसके बाद से वीडियो वायरल हो गया। मुंबई में संजय राउत ने इसको लेकर कहा कि- मैंने इसे न्यूज में देखा कि छत्रपति शिवाजी महाराज और तानाजी की तस्वीरों को राजनीति के लिए प्रयोग किया जा रहा है। चुनवी कैंपेन के लिए शिवाजी की तस्वीरों को प्रयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि तानाजी ने 4 फरवरी 1670 में पूणे के सिंहागढ़ किले का एतिहासिक युद्ध शिवाजी के नेतृत्व में लड़ा था। ये किला राजपूत कमांडर उदयभान सिंह राठौड़ के नियंत्रण में था। गौरतलब है कि पूर्व शिवसेना कार्यकर्ता जय भगवान गोयल द्वारा लिखी किताब 'आज का शिवाजीः नरेंद्र मोदी' में नरेंद्र मोदी की तुलना शिवाजी से की गई थी।

क्यों मांगु माफी | पेरियार के खिलाफ टिप्पणी पर रजनीकांत का माफी मांगने से इंकार

पेरियार पर टिप्पणी, रजनी बोले मैंने कुछ गलत नहीं कहा

नई दिल्ली (ए.)। साउथ फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत ने बीते दिनों पेरियार के खिलाफ किए अपने टिप्पणी से पीछे हटने या माफी मांगने से साफ तौर पर इनकार कर दिया है। तमिल अभिनेता रजनीकांत ने समाज सुधारक और द्रविड़ आंदोलन के जनक माने जाने वाले पेरियार के खिलाफ टिप्पणियों के लिए माफी मांगने से इनकार कर मंगलवार को कहा कि मैं अपने बयान से पीछे नहीं हटूंगा। मीडिया में उन्हें लेकर कई खबरें भी छपी हैं, मैं आपको दिखा सकता हूं। इसलिए मैं माफी नहीं मागूंगा। उन्होंने पत्रिकाओं और अखबारों की क्लिपिंग भी दिखाई, जिसमें कहा गया था कि पेरियार के नेतृत्व में 1971 में एक रैली निकाली गई थी, जिसमें भगवान राम और सीता की वस्त्रहीन तस्वीरों को दिखाया गया था। इतना ही नहीं, भगवान राम और सीता की न्यूड तस्वीरों पर जूतों की माला भी पहनाई गई थी।

जो मैंने कहा ही नहीं उसी पर हो रहा विवाद

रजनीकांत ने कहा कि उस चीज पर विवाद हो रहा है, जो मैंने कहा ही नहीं। मगर मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा जो नहीं हुआ हो। मैंने केवल वही कहा जो मैंने सुना और जो चीजें पत्रिकाओं में छपीं। उन्होंने कहा कि मैंने कल्पना के आधार पर कुछ भी नहीं कहा या फिर वो जो नहीं हुआ। लक्ष्मणन (तत्कालीन जनसंघ और अब भाजपा के नेता) ने एक धरने में भाग लिया (1971 में) और इसे अपना समर्थन दिया था।

एक इवेंट में की थी आलोचना

बता दें कि बीते दिनों चेन्नई में एक इवेंट के दौरान रजनीकांत ने पेरियार की आलोचना की थी और हिन्दू देवी-देवताओं को अपमानित करने का आरोप लगाया था। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था 1971 में सलेम में पेरियार ने एक रैली निकाली थी, जिसमें भगवान श्रीरामचंद्र और सीता की मूर्ति को बिना वस्त्र के दिखाया गया था और उस पर जूतों की माला पहनाई गई थी। इस बयान के बाद द्रविड़ विदुथलई कषगम (डीवीके) ने ईवीएन रामास्वामी पेरियार की रैली को लेकर दिये गये बयान के विरोध में तमिल सुपरस्टार रजनीकांत के खिलाफमामला दर्ज कराया था।

प्रशांत किशोर और पवन वर्मा स्टार प्रचारकों की लिस्ट से गायब

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए जेडीयू ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में प्रशांत किशोर का नाम नहीं शामिल किया गया है। इसके अलावा जेडीयू नेता और पूर्व सांसद पवन वर्मा का भी नाम सूची से गायब है। मालूम हो कि सीएए को लेकर इन दोनों नेताओं का बयान चर्चा में रहा था। जेडीयू स्टार प्रचारकों की सूची में 20 नाम हैं। इनमें केसी त्यागी, आरसीपी सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, अशोक चौधरी, संजय कुमार झा, अफाक अहमद खान, दयानंद राय, श्रवण कुमार, जयकुमार सिंह, महाबली सिंह, महेश्वर हजारी, दिलेश्वर कामत, आरपी सिंह, सुनील कुमार पिंटू, कविता सिंह, चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी और राज सिंह मान शामिल हैं। बताते चलें कि बिहार में मिलकर सरकार चला रहे भाजपा और जेडीयू अब दिल्ली विधानसभा का चुनाव भी एकसाथ लड़ेंगे। इन दोनों पार्टियों के बीच दिल्ली चुनाव के लिए गठबंधन की घोषणा हो चुकी है। गठबंधन के तहत भाजपा ने दिल्ली की दो सीटें जदयू के लिए छोड़ी है। इनमें संगम बिहार और बुराड़ी की सीटें हैं। बिहार विधानसभा में भाजपा और जेडीयू गठबंधन ने वर्ष 2005 और 2010 में बड़ी जीत हासिल की। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बिहार में भाजपा-जदयू-लोजपा के गठबंधन ने भारी जीत दर्ज की थी।

डीकेएस की तीसरी लिफ्ट भी खराब

■ दो लिफ्ट पहले से खराब थीं, तीसरी सोमवार को हुई बंद

■ भर्ती गंभीर मरीजों को एमआरआई, सीटी स्कैन तक लाना मुश्किल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश के एकमात्र शासकीय सुपरस्पेशलिटी डीकेएस हास्पिटल में भर्ती मरीजों को अब कितने दिन तक एमआरआई, सीटी स्कैन व एक्स ले की सुविधा नहीं मिल पाएगी कहा नहीं जा सकता। ऐसा नहीं है कि हॉस्पिटल में ये उपकरण नहीं हैं या इन्हें ऑपरेट करने वाले लोग नहीं है। जो मरीज चलकर इन उपकरणों तक ग्राउंड फ्लोर पर आ सकते हैं, उनका स्कैन तो हो रहा है, लेकिन जो मरीज गंभीर हालत में हैं और जिन्हें एमआरआई या सीटी स्कैन की सख्त जरूरत है उन्हें यह सुविधा नसीब नहीं हो पा रही है। इसके पीछे की वजह है अत्याधुनिक सुविधा वाले हॉस्पिटल में एक भी लिफ्ट का काम नहीं कर पाना।

डीकेएस हॉस्पिटल में तीन लिफ्ट हैं, लेकिन सोमवार 20 दिसंबर से मरीजों को एक भी मयस्सर नहीं हो पा रही है। खास बात यह भी है कि दो लिफ्ट तो पहले से ही खराब हैं, वहीं सोमवार को तीसरी भी खराब हो गई। स्थिति ये बन गई कि सेकंड व थर्ड फ्लोर के जरूरतमंद व गंभीर मरीजों को ग्राउंड फ्लोर पर सीटी स्कैन व एमआरआई के लिए लाना मुश्किल हो गया।

कुछ एसी भी बंद, सुधरवाने का जिम्मा सीजीएमएससी का : प्रबंधन

पूरे मामले का एक और रोचक पहलू यह भी है कि लिफ्ट और अन्य उपकरणों को लेकर डीकेएस अस्पताल प्रबंधन व छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (सीजीएमएस) आमने सामने हैं। डीकेएस अस्पताल के एडिशनल सुप्रीटेंडेंट डॉ. हेमंत शर्मा का कहना है कि अस्पताल में लगी लिफ्ट के साथ एयर कंडिशनर्स अभी वारंटी पीरियड में है। इसलिए इनके रखरखाव का जिम्मा अस्पताल निर्माण के साथ यहां ये सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले सीजीएमएस का है। शर्मा ने यह भी कहा कि तीसरी लिफ्ट खराब होने के बारे में उन्हें सोमवार सुबह ही पता चला है। तीनों लिफ्ट को अब अस्पताल प्रबंधन अपने स्तर पर दुरुस्त करवा रहा है। शर्मा ने यह भी कहा कि अस्पताल के बंद पड़े एसी को लेकर सीजीएमएससी को 32 बार पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अस्पताल प्रबंधन की ओर से सीजीएमएससी से इन उपकरणों की टेंडर प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेज भी मंगाए गए हैं।

बने है रैंप पर मरीजों को लाना चुनौती

अस्पताल में लिफ्ट बंद होने की स्थिति में मरीजों को ग्राउंड फ्लोर पर लाने व यहां से मरीजों को उनके वार्ड तक ले जाने के लिए रैंप बने हुए हैं। लेकिन अस्पताल के वार्ड बॉयज का कहना है कि इन रैंप से व्हील चेयर पर ले जा सकने वाले मरीजों को लाना ही चुनौती भरा काम है। बहुत ज्यादा मोड़ होने के कारण स्ट्रेचर वाले मरीजों, खासकर भारी-भारीकम को तीन लोगों द्वारा लाना भी मुश्किल होता है। वार्ड बॉयज का कहना है कि ऐसे मरीजों को दो लोगों द्वारा लाने का रिस्क नहीं लिया जा सकता, लिहाजा लिफ्ट सुधरने का इंतजार किया जा रहा है।

अस्पताल में तीसरी लिफ्ट खराब होने की जानकारी मिली है। इसे सुधरवाने का जिम्मा सीजीएमएससी का है, लेकिन हम तीनों लिफ्ट को अपने स्तर पर दुरुस्त करवा रहे हैं। रैंप से मरीजों को लाने-ले जाने की व्यवस्था की जा रही है।

डॉ. हेमंत शर्मा, एडिशनल सुप्रीटेंडेंट, डीकेएस हास्पिटल

मैं इस मामले को लेकर संबंधितों से पता करवाता हूं।

भुवनेश यादव, एमडी, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (अस्पताल प्रबंधन द्वारा लिफ्ट सुधारने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी की बताए जाने संबंधी सवाल पर)

■ न्यूज गैलरी

बंद ऑफिस के दराज से एक लाख 18 हजार रूपये पार

रायपुर। शहर के गंज थाना क्षेत्र में बंद ऑफिस से अज्ञात आरोपी ने 01 लाख 18 हजार 08 सौ रूपये पार कर दिए। घटना की रिपोर्ट ऑफिस के मालिक जिम्मी पटेल निवासी फाफाडीह ने थाने में दर्ज कराई है। बताया गया कि 18 से 20 जनवरी को रात 20.45 बजे के दरम्यान रियल मार्केटिंग शॉप पार्टीदान भवन के पीछे फाफाडीह में स्थित उसका ऑफिस बंद पड़ा था। इस दौरान अज्ञात आरोपी ने ऑफिस में लगे एल्यिमिनियम सीट तोड़कर ऑफिस में प्रवेश कर टेबल के दराज में रखे 01 लाख 18 हजार 800 रूपये चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में धारा 457, 380 के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

सूने मकान से नगदी, गहनें पार

रायपुर। शहर के पण्डरी तराई मोवा इलाके में दिनदहाड़े एक सूने मकान से अज्ञात चोरों ने नगदी व सोने के गहनें सहित लगभग 40 हजार रूपये के सामान चोरी कर ले गये। घटना की रिपोर्ट प्रार्थिया श्रीमती शीला धुरंधर ने मोवा थाने में दर्ज कराई है। बताया गया कि 20 जनवरी को अपरान्ह लगभग 3.30 बजे अज्ञात चोर प्रार्थिया के सूने मकान के दरवाजे की कुंडी खोलकर घर के अंदर प्रवेश करते हुए बिस्तर पर रखे प्रार्थिया के पर्स से नगदी चार हजार रूपये के अलावा सोने का मंगलसूत्र, टाप्स, वीवो कंपनी का एक मोबाईल फोन चोरी कर ले गये। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

बांस शिल्प: आर्थिक स्वावलंबन का बना आधार

रायपुर। बांस शिल्प प्रशिक्षण केंद्र नारायणपुर शिल्पियों के लिए आर्थिक स्वावलंबन का आधार बना हुआ है। जिले के स्थानीय ग्रामीण और यहां की जनजाति के लोग बांस शिल्प के महत्व को समझते परखते हैं। यहां के लोग बांस का काम प्रमुखता से कर अनेक उपयोगी मनमोहक और आकर्षक सामग्रियों का निर्माण करते हैं। बांस शिल्प के प्रति स्थानीय लोगों की रूचि के कारण नारायणपुर में बांस शिल्प प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई। इस प्रशिक्षण केंद्र में स्थानीय निवासियों को बांस शिल्प के साथ-साथ बेल मेटल और काष्ठ कला का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। बांस शिल्प सामान्य सुविधा केंद्र का प्रमुख उद्देश्य यहां के जनजातीय परिवार जो परंपरागत रूप से शिल्प कार्य में संलग्न रहते हैं उनको निरंतर रोजगार प्रशिक्षण आदि के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

अन्याय-अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाए महिलाएं

मैट्स विश्वविद्यालय में महिला सुरक्षा को लेकर संगोष्ठी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर के मैट्स स्कूल ऑफ साइंसेस द्वारा महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा के विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खम्हारडीह थाने की टीआई श्रीमती ममता अली शर्मा विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों को लेकर जागरुक होना चाहिए। उन्हें चुपचाप किसी भी तरह का कोई अत्याचार सहन नहीं करना चाहिए। पीड़ित महिलाओं को आगे बढ़कर पुलिस की सहायता लेने के लिए साहस दिखाना चाहिए। इस संगोष्ठी में मैट्स विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संध्या रानी पंडा, डॉ. महिमा गौतम, डॉ. राधाकृष्णन, डॉ. रेशमा अंसारी सहित अनेक विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती ममता अली शर्मा को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

137 अभ्यर्थियों ने अभी तक नहीं दी चुनाव खर्च की जानकारी

जानकारी नही दिए जाने पर 5 वर्ष के लिए चुनाव लड़ने के लिए हो सकते है अयोग्य

रायपुर निगम चुनाव

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय निर्वाचन में पार्षद पद के अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन किए जाने से लेकर नाम निर्देशन पत्र जमा करते ही यह बाध्यकारी हो जाता है कि वह उस तिथि से निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख के बीच निर्वाचन सबंधी सभी खर्च का सही लेखा स्वयं या अपने निर्वाचन अभिकर्ता व्दारा व्यय संपरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करें। ऐसा नही किए जाने पर प्रत्याशी को पांच वर्ष से अनधिक कालावधि के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रायपुर नगरीय निकाय चुनाव में पहली बार पार्षद पद के प्रत्याशियों के लिए चुनाव कार्य में व्यय की सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत नगर पालिक निगम रायपुर के पार्षद प्रत्याशी 5 लाख रुपए तक खर्च करने की सीमा है। रायपुर नगर निगम में पार्षद पद के कुल 425 उम्मीदवारों में से 288 उम्मीदवार ने अपने नगरीय निकाय निर्वाचन खर्च की जानकारी उपलब्ध करा दी है, जबकि 137 उम्मीदवारों ने अभी तक खर्चों की जानकारी व्यय संपरीक्षक को नहीं दी है। उन्होंने बताया कि खर्च की जानकारी देने की अंतिम तिथि 23 जनवरी को शाम 5:30 बजे तक है। नगरीय निकाय के चुनाव में पार्षद का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को समस्त खर्चों के दिन-प्रतिदिन का लेखा का मूल रजिस्टर, चुनाव व्यय का सार विवरण तथा प्रत्याशी का शपथ पत्र देना अनिवार्य है।

नेताजी की प्रतिमा का अनावरण कल

रायपुर (नवप्रदेश)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष नेताजी सुभाष मंच द्वारा आजाद हिन्द फौज के संस्थापक एवं प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को बंगाली कालीबाड़ी स्थित परिसर में दोपहर 1 बजे प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा साथ ही हरिनाथ डे एकेडमी एवं परमानंद एकेडमी शाला (भारतसेवाश्रम संघ) सहित स्कूली बच्चों द्वारा सुबह 7 बजे कालीबाड़ी चौक से नेताजी सुभाष स्टेडियम तक प्रभात फेरी निकालकर नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में नेताजी सुभाषचन्द्र के संरक्षक अरूण भद्रा, सचिव आशीष क्रांति घोष, रैली संयोजक विजय भट्टाचार्य एवं बंटी चावला ने संयुक्त रूप से दी।

पत्रकारवार्ता में भद्रा ने बताया कि सुभाष जयंती के अवसर पर सुबह 10 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन नेताजी प्रतिमास्थल तेलीबांधा चौक में नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, विधायक कुलदीप जुनेजा, सभापति प्रमोद दुबे द्वारा किया गया है। शाम को देशभक्ति गीत का आयोजन 6 बजे नगर निगम मुख्यालय गार्डन मंच में संस्कृति विभाग एवं छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से आयोजित किया गया है।

सीएस मंडल ने प्रस्तावित मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों का लिया जायजा

रायपुर। मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में उनके प्रतिकक्ष में प्रस्तावित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 28 जनवरी को प्रस्तावित बैठक की तैयारियों की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि केन्दीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक प्रस्तावित है। इसमें छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिवों का शामिल होना प्रस्तावित है। श्री मण्डल ने इस बैठक की तैयारियों के लिए अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू को नोडल अधिकारी बनाया है। बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए है। बैठक में अपर मुख्य सचिव वित्त अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग एवं वन मनोज कुमार पिंगवा, सचिव सामान्य प्रशासन डी.डी. सिंह, सचिव राजस्व सुश्री रीता शांडिल्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं दक्षिण मध्य पूर्व रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय : स्थानीय स्तर पर हो रहा है लोगों की समस्याओं का समाधान

वार्ड कार्यालय से केवल तीन माह में 3094 नागरिकों को मिली समस्याओं से निजात

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश के सभी 168 नगरीय निकायों में वार्ड कार्यालय खुलने से अब वार्ड में ही आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। इससे आम लोगों का समय और आर्थिक नुकसान होने से बच रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दूर दृष्टि सोच और शहरी नागरिकों को स्थानीय स्तर पर समस्याओं से निजात दिलाने के लिए प्रारंभ किया गया मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय से हो पाया है। प्रदेश में 13 नगर निगमों के 71 वार्ड में शुरू की गई वार्ड कार्यालयों से मात्र तीन महीने में तीन हजार 94 नागरिकों को उनकी समस्याओं से निजात मिली है।

नगरीय निकाय विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि राज्य के सभी नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में निवास करने वाले स्थानीय नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वार्ड कार्यालयों का शुभारंभ 02 अक्टूबर 2019 को किया गया। सुशासन और वार्ड में ही नागरिकों की समस्याओं को त्वरित निदान के दृष्टिकोण से शहरी क्षेत्रों में शुरू की गई मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय सफल साबित हुई है। अब वार्ड कार्यालयों में ही साफ सफाई सड़कों का निर्माण नालियों का निर्माण, सड़कों एवं नालियों का संधारण, स्ट्रीट लाइट संधारण, उद्यानों तथा सामुदायिक भवनों की साफ-सफाई, पाइपलाइन लीकेज संधारण, स्वच्छ पेयजल से संबंधित समस्या का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है। इससे अब आम लोगों का निकाय कार्यालय जाने की जरूरत नही पड़ती है। उन्हें निकाय द्वारा जारी की जाने वाली विभिन्न सेवाएं जैसे भवन अनुज्ञा दुकान पंजीयन विद्युत अनापत्ति प्रमाण पत्र आवासीय योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र एवं निकायों से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिल जाती है। वहीं विभिन्न समस्याओं का निराकरण भी वार्ड स्तर पर हो रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रथम चरण में 2 अक्टूबर 2019 को प्रदेश के सभी नगर पालिक निगमों में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय प्रारंभ की गई। वार्ड कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने पर उन्हें पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करते हुए संबंधित कर्मचारी द्वारा नागरिकों को पावती प्रदान की जाती है।

प्रेसवार्ता एजाज ढेबर मेयर बनने के बाद पहली बार पत्रकारों से जाहिर की अपनी मंशा

इंदौर को स्वच्छता रैंकिंग में टक्कर देने की है योजना

■ सफाईकर्मियों का वेतन 6 से 8 हजार रूपए किया

■ एमआईसी सदस्यों की हर 6 माह में होगी समीक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगर निगम के नव नियुक्त महापौर एजाज ढेबर आज प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू होते ही अपनी मंशा जाहिर की। उन्होंने सबसे पहले स्वच्छता पर जोर देते हुए इसे निगम की प्राथमिकता बताई साथ ही आम जनता से भी सहयोग मांगा। हालांकि इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि रायपुर को स्वच्छता रैंकिंग में इंदौर के बराबर लाना है और इसके लिए न सिर्फ निगम बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। हालांकि उन्होंने ये भी माना कि लोगों में पहले की अपेक्षा एवेयरनेस बढ़ा है, तभी रैंकिंग में शामिल है, जबकि इसे और बेहतर किया जा सकता है।

महापौर ने कहा कि उन्होंने 6 जनवरी को पद संभाला और 20 जनवरी को एमआईसी सदस्यों की घोषणा किया। अब हर 6 माह में एमआईसी मेम्बर्स की बैठक लिया जाएगा। ये बैठक महज बैठक नहीं होगा, बल्कि कामों की समीक्षा किया जाएगा। कामचोर व निष्क्रिय लोगों को तुरंत बाहर का रस्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने शहर में अवैध कब्जाधारियों के लिए भी संभल जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियां मिले तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

महापौर ने ये भी माना कि अब तक सफाईकर्मियों का वेतन बहुत कम था, लिहाजा वो जितना वेतन उतना काम कर रहा था, लेकिन इनमें उनके वेतन में वृद्धि किया। एजाज ढेबर ने कहा कि वैसे तो सफाईकर्मियों का वेतन 8 हजार रुपए था, लेकिन उनके खाते में सिर्फ 6 हजार आते थे, जिससे वे निराश थे। महापौर ने कहा कि इस मुद्दे को स्वयं हाथों में लिया तो पता चला कि ठेकेदारों की मिलीभगत है और प्रति कर्मियों से 2 हजार रुपए वसूल लेता था।

उन्होंने कहा कि करीब 4 हजार सफाईकर्मियों का एटीएम कार्ड ठेकेदारों से लेकर सफाईकर्मियों के हाथों में दिया गया, जिससे अभी उन्हें पूरा वेतन मिल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताया कि आगे स्वच्छता रैंकिंग होगा तो, रायपुर टॉप पर रहेगा। इसके लिए टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा। जिसका कार्यालय महापौर आफिस से लगा होगा। महापौर सहित एमआईसी मेंबर्स बारी-बारी से एक-एक घंटा बैठेंगे और लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर समाधान करेंगे।

महापौर ने किया सील्ट सफाई कार्य का निरीक्षण

रायपुर। महापौर एजाज ढेबर आज निगम के नए मेंबर जल विभाग अध्यक्ष सतनाम सिंह पनाग के साथ वीटी पंप स्थापित करने के लिए सागर पंप हाउस में सील्ट सफाई के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस काम के लिए सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 150 एमएलडी जल संयंत्र को बंद रखा गया है। इससे 150 एमएलडी संयंत्र से संचालित होने वाले 19 जलागारों के क्षेत्रों में संध्याकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी है। महापौर ने कार्य को द्रुत गति से मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता युक्त तरीके से पूर्ण करना का निर्देश कार्यपालन अभियंताको दिये एवं देर शाम तक पानी की पूर्ति प्रभावित के दौरान मॉनिटरिंग कर प्रभावित क्षेत्र में टैंकरों से पानी की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ वार्ड पार्षद प्रमोद मिश्रा सहित कार्यपालन अभियंता जल बद्री चंद्राकर भी साथ रहे। ये योजना अमृत मिशन के अंतर्गत जलआवर्धन योजना के तहत 150 एमएलडी इंटेकवेल में आता है।

पॉवर कंपनी के कार्यपालक निदेशक बने हरीश पाण्डेय

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी द्वारा जारी आदेशानुसार एचके पाण्डेय को मानव संसाधन विभाग में कार्यपालक निदेशक बनाया गया। तदानुसार उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया। कंपनी के शीर्ष पद पर पदस्थ होने पर उन्होंने कंपनी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि शासन एवं कंपनी की रीति-नीति के अनुसार विद्युत विकास संग कर्मियों के हित संवर्धन के प्रति न्यायोचित प्रक्रिया को अपनाने अग्रसर रहेंगे।

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विद्युत विषयक एवं मानव संसाधन संबंधित कार्यो के लगभग चार दशक के दीर्घ अनुभवी श्री पाण्डेय को महाप्रबंधक पद से कार्यपालक निदेशक पर मिली पदोन्नति पर अधिकारियों/कर्मचारियों, श्रमिक संगठनों सहित पॉवर कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) विजय मिश्रा सहित जनसम्पर्क विभाग के सभी स्टाफ ने श्री पाण्डेय का स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इनके साथ ही पॉवर कंपनी द्वारा जारी आदेशानुसार ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में सेवारत चार मुख्य अभियंताओं को कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। नव पदोन्नत कार्यपालक निदेशकों में एपी सिंह, ए.के. श्रीवास्तव, एम.ए. अंसारी एवं हर्ष गौतम शामिल हैं।

संपादकीय

नड्डा को भाजपा की कमान

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रहे जे पी नड्डा को अब भाजपा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया है। उन्हे 2019 से 2022 तक के लिए सर्व सम्मति से पार्टी की कमान सौपी गई है। उल्लेखनीय है कि भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को केन्द्रीय गृह मंत्री बनाए जाने के बाद से जे पी नड्डा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। अब वे पार्टी के पूर्णकालीक अध्यक्ष निर्वाचित हो गए है। उन्हे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बेहद करीबी नेता माना जाता है। जब 2014 में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो जे पी नड्डा को उन्होने केबिनेट मंत्री बनाया था। 2019 में जब नरेन्द्र मोदी दुसरी बार प्रधानमंत्री बने तो उन्होने जे पी नड्डा को फिर से स्वास्थ्य मंत्री बनाया था किन्तु अमित शाह को गृह मंत्री बनाने के बाद पार्टी का कामकाज सुचारू रूप से चल सके इसके लिए पीएम मोदी ने जे पी नड्डा को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कराया। जिसके चलते उन्हे स्वास्थ्य मंत्री छोड़ना पड़ा कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी जे पी नड्डा ने अपनी संगठन क्षमता का परिचय दिया, जिसके चलते उन्हे भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। इसके पूर्व भी वे नीतिन गडकरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहने के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में अपनी योग्यता साबित कर चुके है। भजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का सियासी सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ था और 2008 में पहली बार हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बने थे। उसके बाद उन्होने कभी पिछे मुड़कर नहीं देखा और राष्ट्रीय राजनीति में आ गए। जे पी नड्डा को भाजपा की कमान मिलने से अब उन्हे अपनी प्रतिभा और संगठन क्षमता का परिचय देने का अवसर मिलेगा। उन्होने कहा है कि पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए वे पूरी ताकत लगा देंगे और जिन गिने चुने राज्यों में पार्टी मजबूत सिथति में नहीं है वहां भी कमल पहुंचाया जाएगा। देखनो होगा कि जे पी नड्डा पार्टी के सामने मौजूद चुनौतियों का सामना कैसे कर पाते है और पार्टी को कितना आगे ले जाने में सफल हो पाते है।

कानून के फेर में फंसी निर्भया के दरिंदों फांसी

राजेश माहेश्वरी

> दिल्ली जेल मैनुअल 2018 के मुताबिक अगर किसी मामले में एक से ज्यादा दोषियों को फांसी की सजा दी गई है और इनमें से किसी की भी याचिका लंबित है, तो उस पर फैसला आने तक सभी दोषियों की फांसी टलती रहेगी। एक ओर निर्भया के मां-बाप के लिए इंसाफ में होती एक-एक दिन की देरी भारी लग रही है, वहीं निर्भया के दोषी और उनके वकील कोई न कोई हथकंडा अपनाकर इस केस को खींचते जा रहे हैं। वाकई, हमारी कानून व्यवस्था एक अपराधी को खुद को बचाने के इतने मौके देती है कि वह केस को घुमाता रहे और उम्र गुजर जाए। बहरहाल जो भी हो अब वक्त आ गया है कि कानूनी दांव पेंच का तोड़ जल्द से जल्द निकाला जाये।

निर्भया के दरिंदों की फांसी लगता है कानून के फेर में फंस गई है। चूंकि देश में कानून का राज है, इसलिए गुनाहगारों को भी अपने हक में लड़ने का अधिकार है। अब इसे मौजूदा कानून की खामी कहें या फिर कुछ और, लेकिन गुनाहगार लगातार मामले को लटकाने और खींचने में सफल हो रहे हैं। गुनाहगारों को सजा न मिल पाने की पीड़ा निर्भया के परिवारीजनों के साथ देश के नागरिकों को भी है। चूंकि कानूनी प्रक्रियाएं अपने हिसाब से काम करती हैं, ऐसे में गुनाहगार अपने बचाव में कानूनी पैंतरे चल रहे हैं। इन सबके बावजूद एक बात तो तय है कि एक दिन निर्भया के गुनाहगार फांसी के फंदों पर लटकेंगे। फिलवक्त सजा में हो रही देरी दर्द बढ़ाने का काम रही है।

जमीनी हकीकज यह है कि देश की अदालतों में केसों की भरमार है। ऐसे में फैसला आने में सालों-साल का इंतजार करना पड़ता है। निर्भया केस में चारों गुनाहगार और उनके परिजन न्यायपालिका से खिलवाड़ कर रहे हैं। फांसी टलवाने हर संभव कोशिश की जा रही है। दो-तीन बार फंदा दोषियों के करीब आते-आते रह गया। हो सकता है कि एक फरवरी या उसके आसपास फांसी हो जाये। हो सकता है कि कुछ दिन बाद सब भुला दिया जाये। होने को बहुत कुछ हो सकता है फिर भी इस मुद्दे ने कई सवाल खड़े किये हैं। जिनका जवाब सबको सोचना पड़ेगा। नहीं तो इस तरह की शर्मनाक घटना होती रहेगी। सबसे पहला सवाल तो केन्द्र सरकार से है। जब वह किस्म-किस्म के विवादास्पद मामले छेड़ रही है तो फिर इस तरह के केस के लिए कुछ विशेष क्यों नहीं किया जा रहा। सात साल से यह मामला लटका हुआ है। 6 साल इस सरकार को हो गये हैं। पीड़ित परिवार का एक-एक दिन न्याय के इंतजार में बीत रहा है। चूंकि कानूनी प्रावधान ही ऐसे हैं, इसलिए गुनाहगार मामले को लटकाने में सफल हो रहे हैं।

पटियाला हाउस कोर्ट ने बीते शुक्रवार को निर्भया मामले के दोषियों के लिए नया डेथ वॉरंट जारी कर दिया। इसके मुताबिक, चारों दोषियों को अब एक फरवरी को सुबह 6 बजे फांसी दी जाएगी। इससे पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने निर्भया के गुनहगार मुकेश कुमार की दया याचिका खारिज कर दी थी। मुकेश ने यह याचिका मंगलवार शाम को राष्ट्रपति को भेजी थी। इस मामले में बाकी दोषी अगर दया याचिका नहीं लगाते हैं तो 14 दिन बाद चारों को फांसी दी जा सकती है। इसी अदालत ने 7 जनवरी को विनय शर्मा, मुकेश सिंह, पवन गुप्ता और अक्षय के खिलाफडेथ वारंट जारी किया था और 22 जनवरी को फांसी की तारीख तय की थी, लेकिन मुकेश सिंह के दया याचिका दायर करने के बाद दिल्ली सरकार ने हाईकोर्ट को बताया था कि दया याचिका लंबित रहने तक किसी भी दोषी को फांसी नहीं दी जा सकती। तिहाड़ जेल प्रशासन के वकील ने अदालत को बताया कि दोषी मुकेश को उसकी दया याचिका खारिज होने की सूचना आधिकारिक तौर पर दे दी गई है। इससे पहले दोषी पवन के वकील ने अदालत को सूचना दी कि निर्भया के साथ गैंगरेप

के समय दोषी पवन के नाबालिग होने की याचिका हाईकोर्ट से खारिज होने के बाद उसने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। सुप्रीम कोर्ट ने पवन की याचिका को खारिज कर दिया है।

असल सवाल यह है कि तेज गति से काम करने वाली सरकार निर्भया केस में सुस्त क्यों है। बार-बार फास्ट ट्रैक कोर्ट या स्पेशल अदालत के बारे में कहा जा रहा है। एक केन्द्रीय मंत्री तो 24 घंटे में फांसी की ढींग हांक चुके हैं। केन्द्र सरकार चाहे तो बलात्कार से संबंधित मामले में नया और ऐसा कानून बना सकती है जो अपराधी को जल्द से जल्द दंड दिलवाने में मदद करें। एक सवाल यह भी है कि क्या निर्भया के चारों आरोपी को फांसी देने से दुष्कर्म के मामले कम हो जायेंगे। पिछले सात साल का रिकार्ड देखें तो कुकर्म के मामले लगातार बढ़ते मिल जायेंगे। म.प्र. में निर्भया केस जैसी घटना भोपाल में हुई थी। नाबालिग को रेप के बाद मार दिया गया था। तब शिवराज सिंह चैहान ने मौत की सजा का कानून आनन-फानन बनाया। इसके बाद भी आये दिन इस प्रदेश में बलात्कार हो रहा है। अपने मंसूबे में कामयाब न होने पर जलाकर मारने की घटना भी कम नहीं हो पा रही। एक सवाल समाज को अपने आपसे भी करना चाहिए। हालांकि अब यह सब कहना-सुनना घिसा-पिटा सा हो गया है। दुनिया आगे जा रही है और यह देश दिन-ब-दिन पीछे खिसक रहा है। 21वीं सदी में भी महिला अपराध रिकार्ड पर रिकार्ड बना रहे।

निर्भया मामले में अगर तेजी से फैसला सुनाने की बात करें तो ट्रायल कोर्ट ने 9 महीनों में अपना फैसला सुना दिया था, लेकिन हाईकोर्ट (और सुप्रीम कोर्ट की देरी के चलते निर्भया के दोषी आज भी जिंदा हैं। 1 नवंबर 2013 को सुप्रीम कोर्ट ने निर्भया केस में सुनवाई शुरू की और 13 मार्च 2014 को चारों की फांसी की सजा बरकार रखने का फैसला सुना दिया. यानी देखा जाए तो 5 से भी कम महीनों में दिल्ली हाईकोर्ट ने निर्भया गैंगरेप मामले में अपना फैसला सुना दिया. लेकिन सुप्रीम कोर्ट पहुंचने में इसे कई साल लग गए, लेकिन क्यों? 16 दिसंबर 2012 को हुए रेप के मामले को सुप्रीम कोर्ट पहुंचते-पहुंचते करीब साढ़े तीन साल लग गए और 3 अप्रैल 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई शुरू की. ये केस कितना धीरे चला इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि फांसी की सजा को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर मुहर लगाने में ही सुप्रीम कोर्ट को करीब साल भर लग गए। 27 मार्च 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में अपना फैसला सुरक्षित रखा और 5 मई 2017 को अक्षय ठाकुर, विनय शर्मा, पवन गुप्ता और मुकेश सिंह की फांसी की सजा को बरकरार रखा। 8 नवंबर 2019 को विनय शर्मा ने दिल्ली सरकार के पास दया याचिका दायर की, जिसे 29 नवंबर को दिल्ली गृह मंत्रालय ने चीफसेक्रेटरी को भेजा। वहां से चीफसेक्रेटरी ने 30 नवंबर को इसे गृह मंत्री सत्येंद्र जैन के पास स्पेलिंग चेक करने के लिए भेजा. जैन ने 1 दिसंबर को इसे एलजी ऑफिस भेज दिया। 2 दिसंबर को एलजी ने विनय की दया याचिका खारिज करने के प्रस्ताव को आगे गृह मंत्रालय को भेज दिया। गृह मंत्रालय ने 6 दिसंबर को इस याचिका को राष्ट्रपति के पास भेज दिया और वहां भी विनय की याचिका को खारिज करने पर मुहर लग गई। तो एक दया याचिका इस तरह खारिज होने में महीने भर लग गए। ताजा स्थिति यह है कि मुकेश के पास अब कोई विकल्प बाकी नहीं है। उसकी क्यूरेटिव याचिका पहले ही सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी है, लेकिन बाकी तीन दुष्कर्मियों के पास अभी भी कानूनी विकल्प बाकी हैं। दोषी विनय के पास दया याचिका का विकल्प है। अक्षय और पवन के पास अभी क्यूरेटिव पिटीशन और दया याचिका, दोनों ही विकल्प बाकी हैं।

विचार

मस्जिद में हिंदू विवाह

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

केरल के कायमकुलम कस्बे के मुसलमानों ने सांप्रदायिक सदभाव की ऐसी मिसाल कायम की है, जो शायद पूरी दुनिया में अद्वितीय है। उन्होंने अपनी मस्जिद में एक हिंदू जोड़े का विवाह करवाया। निकाह नहीं, विवाह ! विवाह याने हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार मंत्र-पाठ, पूजा, हवन, द्वीप-प्रज्जवलन, मंगल-सूत्र आदि यह सब होते हुए आप यू-टयूब पर भी देख सकते हैं। शरत शशि और अंजु अशोक कुमार के इस विवाह में आये 4000 मेहमानों को शाकाहारी प्रीति-भोज भी करवाया गया। विवाह के बाद वर-वधु ने मस्जिद के इमाम रियासुद्दीन फैजी का आशीर्वाद भी लिया। चेरावल्ली मुस्लिम जमात कमेटी ने वर-वधु को 10 सोने के सिक्के, 2 लाख रु. नकद, टीवी, फ्रिज और फर्नीचर वगैरह भी भेंट में दिए। इस जमात के सचिव नजमुद्दीन ने बताया कि वधु अंजू के पिता अशोक कुमार उनके मित्र थे और 49 वर्ष की आयु में अचानक उनका निधन हो गया था। खुद नजमुद्दीन गहनों के व्यापारी हैं और अशोक सुनार थे। अशोक की पत्नी ने अपनी 24 साल की बेटी अंजू की शादी करवाने के लिए नजमुद्दीन से प्रार्थना की। उनकी अपनी आर्थिक स्थिति काफी नाजुक थी। नजमुद्दीन को मस्जिद कमेटी ने अपना पूरा समर्थन दे दिया। और फिर यह कमाल हो गया। इस काम ने यह सिद्ध कर दिया है कि हमारे देश का मलयाली समाज कितना महान है, कितना दरियादिल है और उसमें कितनी इंसानियत है ! ऐसे ही विवाह या अन्य संस्कार हमारे मंदिरों, गिरजों और गुरुद्वारों में क्यों नहीं हो सकते ? यदि ये भगवान के घर हैं तो फिर ये सबके लिए क्यों नहीं खुले हुए हैं ? यदि ईश्वर सबका पिता है तो पूरा मानव-समाज एक-दूसरे के रीति-रिवाजों का सम्मान क्यों नहीं कर सकता ? लेकिन दुर्भाग्य यह है कि मजहब के नाम पर सदियों से निम्नतम कोटि की राजनीति होती रही है। धर्म-ध्वजियों या मजहबियों ने अपने बर्ताव से यह सिद्ध कर दिया है कि ईश्वर मनुष्यों का पिता नहीं है, मनुष्य ही ईश्वर के पिता हैं। मनुष्यों ने अपने-अपने मनपसंद भगवान घड़ लिये हैं और उन्हें वे अपने हिसाब से आपस में लड़ाते रहते हैं। उन्हें एक-दूसरे से ऊंचा-नीचा दिखाते रहते हैं। मस्जिद में हिंदू विवाह करवाकर मलयाली मुसलमानों ने सिद्ध कर दिया है कि वे पक्के मुसलमान तो है ही, पक्के भारतीय भी है। वे ऊंचे इंसान हैं, इसमें तो कोई शक है ही नहीं।

दो बच्चों की नीति पर देश में शुरू हो गयी राजनीति

दीपक कुमार त्यागी

> संतोष की बात यह है कि पश्चिम भारत व दक्षिण भारत में ये हर जगह हो गया है। लेकिन चिंता की बात यह है कि इसके उलट हिंदी भाषी क्षेत्र उत्तर भारत और पूर्वी भारत के क्षेत्र में महिलाओं की औसतन प्रजनन दर अब भी तीन है और कुछ जगह तो यह चार तक बनी हुई है। जिसमें सबसे अधिक योगदान बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा आदि जैसे राज्यों का है। इसका सबसे बड़ा नकारात्मक प्रभाव यह है कि संसाधनों के अभाव में जनसंख्या के बढ़ते दवाब की वजह से इन राज्यों की बहुत सारी जनता गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने के लिए मजबूर है।

देश में दो बच्चों की नीति लागू करने के संदर्भ में बहुत लंबे समय से विचार चल रहा है। देश के नीतिनिर्माता इसके लाभ व हानि को दृष्टिगत रखकर इस पर विचार करने का कार्य कर रहे है, लेकिन हमारे देश के बेहद उथलपुथल भरे अनिश्चितता पूर्ण राजनीतिक हालातों को देखकर अभी यह कहना जल्दबाजी होगी की देश में दो बच्चों का कानून कब आ पायेगा। लेकिन जब से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस की आगामी योजना देश में दो बच्चों का क़ानून लागू करवाना है, तब से देश के आमजनमानस व राजनीतिक दलों में एकबार फिर से दो बच्चों के कानून पर तेजी से बहस व जमकर राजनीति भी शुरू हो गयी है। आज हमारी सबसे बड़ी दुविधा यह है कि चंद लोगों व नेताओं की कृपा से हमारे देश में हर मुद्दे पर इतनी ज्यादा राजनीति होने लगी है कि आम आदमी के समझ में ही नहीं आता है कि उसके लिए क्या सही व क्या गलत है। देश में राजनीति की अति के चलते ऐसे हालात हो गये है कि जब तक हर बात का आम जनता के बीच में बतंगड़ ना बन जाये तब तक देश के कुछ राजनेताओं को तो चैन की नींद तक भी नहीं आ पाती है।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने की मांग क्या कर डाली, तभी से इस ज्वलंत मसले पर देश के कुछ राजनेताओं ने पक्ष व विपक्ष में श्रेय लेने के लिए अपनी राजनीति चमकाने के लिए बिसात बिछानी शुरू कर दी हैं। कोई भी यह समझने के लिए तैयार नहीं है कि यह राजनीति का मसला नहीं बल्कि देश की अधिकांश समस्याओं की जननी बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण करने का एक ठोस समाधान है व अधिकांश समस्याओं का निदान है। आज 133 अरब जनसंख्या वाले हमारे देश में आबादी के इस जबरदस्त विस्फोट पर लगाम लगाना समय की मांग है और यह देश व समाज के हित में अब बहुत जरूरी हो गया है। क्योंकि अब अगर और देर कर दी गयी, तो इस घातक बीमारी का कोई इलाज किसी भी नीतिनिर्माता व विशेषज्ञ के पास नहीं बचेगा। देश में जनसंख्या वृद्धि की यही रफ्तार चलती रही तो हम लोग अपनी आने वाली पीढियों को सुविधाओं व संसाधनों से वंचित करके हर चीज की लंबी लाईन में लगने के लिए मजबूर करके एक दिन इस दुनिया से रुखसत हो जायेंगे। इस नीति का विरोध करने वाले राजनीतिक दल व लोग आरोप लगाते हैं कि देश में दो बच्चों की नीति को बाध्यकारी बनाए जाने की संघ प्रमुख और कुछ अन्य लोगों की मांग के पीछे छिपे हुए राजनीतिक कारण हैं। वहीं विरोधी पक्ष भी तरह-तरह के तर्क देकर बताते हैं कि यह कानून देश के मुसलमान और ग़रीब विरोधी है। इस तरह की बात करके आम लोगों को बरगलाने के चक्कर में ये चंद लोग अक्सर यह भूल जाते हैं कि भाई इस कानून से लाभ होगा तो सबको और नुकसान होगा तो सबको होगा, इसमें हिन्दू-मुसलमान या अमीर-गरीब की बात कहां से बीच में आ गयी। वहीं इस कानून के पक्षधर लोग व राजनीतिक दल देश की जनता को उसके अनगिनत लाभ गिनाते हुए नहीं थकते हैं, लेकिन उनमें से ही चंद लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म व समुदाय को टारगेट करके उनको एक अच्छे कानून के प्रति भयभीत करने का काम भी करते नज़र आते हैं, जो सरासर गलत है। देश में अन्य मुद्दों की तरह ही दो बच्चों के कानून के पक्षधर व विरोधियों के बीच राजनीति तेजी से शुरू हो गयी है, भविष्य के गर्भ में छिपे इस कानून पर भी दोनों पक्षों के चंद लोग श्रेय लेने की अंधी दौड़ में शामिल हो गये हैं, जो हमारे देश में चंद राजनेताओं की कृपा से लगातार जारी रहेगी।

वैसे हमारे देश में बच्चों के पैदा होने की दर को आकडों के रूप में देखें तो देश में वर्ष 1950 में देश की महिलाओं की औसतन प्रजनन दर छह के आसपास थी, यानी कि देश की एक महिला अपने जीवनकाल में औसतन छह बच्चों को जन्म देती थी जो बहुत अधिक थी। लेकिन हाल के वर्षों में देखें तो देश में अब औसतन प्रजनन दर 2.2 प्रति महिला हो गई है, इसका मतलब यह है कि देशवासी इस ज्वलंत समस्या के प्रति काफी जागरूक तो हुए हैं। लेकिन विचारणीय यह है कि हमारे देश में प्रजनन दर अब भी 2.1 के एवरेज रिप्लेसमेंट रेट (औसत प्रतिस्थापन दर) तक नहीं पहुंच पायी है। औसत प्रतिस्थापन दर (एवरेज रिप्लेसमेंट रेट) प्रजनन क्षमता का वो स्तर है जिस पर एक आबादी खुद को पूरी तरह से एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी में बदल देती है। लेकिन यह भी तय है कि चंद लोगों के विरोध व बरगलाने के बाद भी अब देश में धीरे-धीरे स्थिति रिप्लेसमेंट लेवल पर जल्द ही पहुंचने वाली है। परंतु समस्या यह है कि अभी भी देश के कुछ राज्यों में ऐसा नहीं हो पा रहा है। जो देश की आने वाली पीढियों के शानदार उज्जवल भविष्य के लिए ठीक नहीं है।

टेक ज्ञान

सैमसंग गैलेक्सी नोट 10 लाइट आज होगा लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग गैलेक्सी नोट 10 लाइट आज भारत में लॉन्च होने को तैयार है। पिछले महीने सैमसंग ने गैलेक्सी नोट 10 लाइट और एस 10 लाइट को ग्लोबल मार्केट में लॉन्च किया था। इससे पहले इन दोनों स्मार्टफोन्स को इस महीने की शुरुआत में हुए सीईएस 2020 में शोकेस किया गया था। हालांकि, कंपनी ने अभी इन दोनों डिवाइस की कीमतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। गैलेक्सी नोट 10 लाइट का भारतीय यूजर्स को बेसब्री से इंतजार था और आज यह इंतजार खत्म होने वाला है। फ्लिपकार्ट

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

क्या होगा देश का

अरे! क्या होगा उस अखंड देश का सोचो जरा, जहां नेता कम बड़े-बड़े देश बेचवा व्यापारी हैं। देश में जो कुछ हो रहा है आजकल मेरे यारों सुनो, ये सब कुछ देश के बुद्धिजीवियों की कारगुजारी है।

- संजय सिंह राजपूत

पहले 6साल

पहले 6साल 'देश में डर का माहौल है' की कहानी बेची गयी।नहीं बिकी तो अचानक वही लोग जो कल तक डर में थे आज उनकी जुबान पर है कि 'किसकी औकात है हमें धरने से हटा देगा'/'देखते हैं कौन हमारे कागज़ देख लेगा'।बच्चों से कहलवा रहे कि मोदी-शाह को मार देंगे।सिंकारा का ओवर डोज़ मिल गया रातोंरात? **- सचिन चौधरी**

ख़ास पाती | हाँ , आऊंगी लौट कर बस

हाँ , आऊंगी लौट कर बस तुम पुकार लेना मुझको जब बरस रही हो यादें कुहासे संग किसी अंधेरी सर्द रात में और वह ठंढी एहसास जब कंपकंपाये तुम्हारे वजूद को पुकार लेना मुझको जब संघर्षों की धूप झुलसाने लगे तुम्हारे आत्मविश्वास को उग आए फफोले तुम्हारे थकते पांवों में जब मन की पीड़ा हो अनकही हाँ , पुकार लेना मुझको जब उम्र की चादर होने लगे छोटी जब आंखों के सपने कहीं हो जाये गुम जब हाथों की पकड़ होने लगे ढीली जब सम्बन्धों की डोर चटकने से लगें हाँ , पुकार लेना मुझको मैं आऊंगी लौट कर हाँ, बस एक बार पुकार लेना मुझको।।

- सत्या शर्मा कीर्ति

प्यार का ऐसा हुआ हम पर असर

प्यार का ऐसा हुआ हम पर असर चार सू आते वही हैं अब नज़र छोड़कर जाना नहीं मझधार में साथ चलना ज़िंदगी भर हमसफ़र माना हमने ये ज़माना है बुरा मुंतज़िर पर प्यार का अब भी बशर बाग़बां बोला चमन के फूल से मत समझना हर भँवर को मोतबर गर जुदा तुम रूठकर हमसे हुए टूटकर फिर तुम भी जाओगे बिखर शम्स बोला आओ मेरे दोस्तो ख़्वाब पूरे कर लो लाया हूँ सहर 'रश्मि' करना नज़र क्या उनको ग़ज़ल रहते हर एहसास से जो बे-ख़बर। **- रश्मि सक्सेना**

सुकून कहाँ है कहीं भी नही

सुकून कहाँ है कहीं भी नही, जिस मंज़र पर पहुँचकर तुम्हें सुकून मिल रहा है वहाँ का पता भी बेचैनी ढूँढते ढूँढते लगा ही लेती है और वो पता यकीन मानिए उसे हमारे अपनों या रिश्तेदारों से ही मिलता है।

- वर्ष गुप्ता

देश की असली समस्या बेरोजगारी

देश की असली समस्या बेरोजगारी है जनसंख्या वृद्धि समस्या नही है ओबैसी कहिन अब कोई इस पढ़े लिखे जाहिल को समझाए कि देश के संसाधन सीमित है. उसमे अगर लोग जानवरों के झुण्ड की तरह भकाभक बच्चे पैदा करेगे तो उस प्रचंड भीड़ को आसमानी किताब वाला भी रोजगार नही दे पायेगा ! **- रितेश सोनारे**

कच्ची मिट्टी के बर्तन सी जिंदगी

कच्ची मिट्टी के बर्तन सी जिंदगी के आवे म?.... पकती रही हर दिन.. .हर पल.... तपिश भी झुलसाती रही सहशीलता भी अब दे रही है जवाब मुँह तोड़.... आखिर ये आवा पक क्यों नहीं जाता ! कब तक यूँ ही चटकती रहेगी कलियाँ.... कच्ची मिट्टी के बर्तन सी ॥ **- सविता वर्मा ग़ज़ल**

हजारों मित्र हों, पर जब आपको लगे

हजारों मित्र हों, पर जब आपको लगे कि कोई आपके साथ होना चाहिए, और उस कोई की जगह आपको कोई भी नाम याद न आए,,, तब बहुत बुरी वाली फीलिंग आती???? एक मित्र या साथी तो ऐसा होना ही चाहिए हर किसी के जीवन में, जब आपको किसी के साथ कि जरूरत महसूस हो तो वो व्यक्ति आपके साथ मौजूद हो! **- उपासना पाण्डेय दिक्षित**

कुछ दोहे, चौपाइयां, लिख दो प्यारे गीत

कुछ दोहे, चौपाइयां, लिख दो प्यारे गीत। कह दो ग़ज़लें अमन की, दिल से मेरे मीत।। आग लगी है देश में, तुम बन जाओ नीर। भारत मां की खींच लो, अब तो सारी पीर।।

- राजकुमार धर द्विवेदी

लघु कथा- परिवार

एक गांव में सोनुराम नाम का वृद्ध रहता था।उसके नौ बेटी और चार बेटा रहता है ।परिवार बहुत बड़ा था। परिवार का लालन पालन खेती मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। सोनू राम की पत्नी बहुत परेशान रहती थी । परिवार बड़ा होने के कारण दिनोंदिन उनके बाल बच्चे झगड़ते रहते थे।सुबह होता कि चाय रोटी के लिए झगड़ते स्कूल जाने समय पुस्तक कापी के लिए झगड़ते कहीं न कहीं बच्चे के लिए कई बहाना मिल जाते और एक दूसरे झगड़ते रहते । मां काफी परेशान रहती थी फिर भी मां की ममता सभी बच्चों को लाड प्यार देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ती ।एक दिन सोनू का बेटा रंगा और बिल्ला कपड़ा के लिए दो-दो हाथ हाथापाई हो गए।रंगा का शर्ट बिल्ला पहन लिया था ।बिल्ला ने उससे गुस्से में इसका शर्ट फाड़ दिया जब उसका पिताजी काम करके घर आया देखा बिल्ला को खूब डांट फटकार पड़ी और उसके लिए कपड़ा भी नहीं लिया एक-एक पैसे कमा कर इकट्ठा करता लेकिन परिवार चलाना इतना आसान नहीं था।आटे दाल भाव का मालूम सोनू राम को परिवार पालन-पोषण से ही पता चल गया ।एक दिन अचानक रंगा का बहुत तबीयत खराब हुआ उसकी मां उसकी हालत देखकर जोर जोर से रो रही थी पैसे के लिए उस घर उस घर दर-दर भटक रही थी अंत में पैसे के अभाव में उसका बेटा दम तोड़ दिया।सोनू राम भी सोचने लगा इतना ज्यादा बच्चा परिवार चलाना बहुत कठिन है मन मन खुद कर रोने लगा।बहुत पश्चाताप किया। अंत मे उसके जीवन में एक ऐसा बदलाव आया कि सोनू राम को गांव में सरपंच बनने का अवसर मिला ।तब सरपंच गांव का मुखिया होने के नाते पूरे गांव को चलाया विकास कर गांव को तरक्की की ओर ले गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1517- तुर्की ने काहिरा पर कब्जा किया। 1666- मुगल बादशाह शाहजहाँ का निधन हुआ। 1673- न्यूयॉर्क एवं बोस्टन के बीच डाक सेवा की शुरुआत हुई। 1760- वांडीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसीसियों को हराया। 1831- प्रख्यात जीवविज्ञानी चार्ल्स डार्विन स्नातक बने। 1837- दक्षिणी सीरिया में भूकंप से हजारों लोग मरे। 1901- इंगलैंड की महारानी विक्टोरिया का निधन हुआ। 1905- रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में मजदूरों पर गोली चलायी गयी जिसमें 500 से ज्यादा लोग मरे। 1924- रैमसे मैकडोनाल्ड ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने। 1963- देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई। 1970- बोइंग 747 की न्यूयॉर्क एवं लंदन के बीच पहली व्यावसायिक उड़ान शुरु हुई।

सेंट्रल पीडब्लूडी की टीम के साथ सिम्स के डीन की क्लोज डोर मीटिंग

दिसंबर में कम्पलिट होगा 10 मंजिला कोनी में नया सिम्स, जरुरी सुविधाओं के विषय में हुई चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कोनी में बन रहें 10 मंजिला नया सिम्स हॉस्पिटल में सुविधाओं और काम के विषय में चर्चा करने सोमवार को सेंट्रल पीडब्लूडी के अधिकारी सिम्स पहुंचे जिसमें प्रोजेक्ट के इंजिनियरो ने मेडिकल कॉलेज के डीन से बंद कमरे में चर्चा कर काम के बारे में जानकारी दी वहीं बताया कि इस वर्ष दिसंबर माह तक काम को पूरा कर लिया जाएगा।

कोनी में नवीन सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल भवन बनाने का काम चल रहा है। जिसे सेंट्रल पीडब्लूडी के द्वारा बनाया जा रहा है अब तक भवन 7 मंजिल तक बन कर तैयार है।अस्पताल के अनुरुप अब इसमें ऑक्सीजन सपलाई और जरुरी सुविधाओं के बारे में चर्चा करने सोमवार को सेंट्रल पीडब्लूडी के अधिकारी और इंजिनीयन सिम्स पहुंचे जहां बंद कमरे में सिम्स के डीन डॉ. पीके पात्रा और इंजिनीयरों के बीच चर्चा हुई। नवीन सुपर स्पेशिलिटी

भवन बनने के बाद शहर से सिम्स को कोनी सिफ्ट किया जाएगा।

इस हॉस्पिटल में, राज्य कैंसर सेंटर, ट्रामा सेंटर, मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल,हॉस्टल, फ़ेक्लटी व स्टॉफ हाउसिग व अन्य सुविधाएं। इसका निर्माण के लिए सीपीडब्ल्यूडी नोडल एजेंसी है। एजेंसी अस्पताल का ड्राइंग नक्शा बनाकर सिम्स प्रबंधन के पास अनुमोदन व सुधार के लिए भेजा था। जिसके बाद काम शुरु किया गया वहीं काम पुरा होने से पहले एक बार फिर सिम्स प्रबंधन से सेंट्रल पीडब्लूडी के इंजिनीयरों ने काम और ड्राइंग के बारे में चर्चा किया गया वहीं जानकारी दी की दिसंबर 2020 तक भवन पूरी तरह बन कर तैयार हो जाएगा जिसके बाद यहां सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का संचालन किया जाएगा। वहीं काम को देखने के लिए सप्ताह भर पहले स्वास्थ्य सचिन नेभी भवन का निरीक्षण कर जरुरी दिशा निर्देश दिए ।

200 करोड़ की परियोजना

कोनी में बनने वाले नवीन सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल 200 करोड़ की परियोजना है। इसमें 70 फीसदी राशि केंद्र व बाकी 30 फीसदी राशि राज्य को खर्च करना है। यह 10 मंजिला का होगा। इसमें सुपर स्पेशियली डिपार्टमेंट जैसे- न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलाजी, यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, कार्डियोथोरेसिक, प्लास्टिक सर्जरी, एंडोक्राइनोलॉजी आदि विषय खोली जाएंगे। इसके लोगों को सुविधाएं मिलेगी। कलेक्टर ने 2014 में इस अस्पताल के लिए 40 एकड़ जमीन आवंटित किया है।

इनका कहना है

कोनी में बन रहें सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल भवन में चल रहें कार्य के संबंध में सेंट्रल पीडब्लूडी के अधिकारी और इंजिनीयर से चर्चा हुई भवन गांउड फ्लोर को छोड़ कर 10 मंजिल का होगा जिसका 7 मंजित तक का निर्माण काम हो चुका है बाकि काम दिसंबर 2020 तक पूरा होने की बात सेंट्रल पीडब्लूडी के अधिकारीयों ने दिया है।

डॉ. पीके पात्रा, डीन सिम्स मेडिकल कॉलेज

लूट और चोरी के दो मामलों में पुलिस ने किया चार आरोपियों को गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। चोरी और लूट की दो अलग अलग वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम किया।

मामले का खुलासा करते हुए, शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चकरभाटा पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर लूट के आरोपियो को लूट के सामान के साथ गिरफ्तार किया । 20 जनवरी को चकरभाठा अचानकपुर में रहने वाला नरेंद्र गोस्वामी अपने मोटरसाइकिल से बिल्हा से अपने घर वापस जा रहा था। रहंगी खोली मैदान के पास वह लघुशंका के लिए जैसे रुका इसी दौरान दो नकाब पोश चापर और पट्टा दिखाकर नरेंद्र गोस्वामी के साथ मारपीट करते हुए उसके पास मौजूद सैमसंग मोबाइल और पर्स में रखे 5000 नगद रुपये और नई पल्सर मोटरसाइकिल लूट कर पेन्ड्रिडीह की ओर भाग गए। मारपीट के दौरान नरेंद्र के कंधे चेहरे , पीठ और सीने में गम्भीर चोटे भी आई ।लुटेरों के भाग जाने के बाद पीड़ित ने चकरभाठा थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई , लूट की वारदात को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल आसपास नाकेबंदी कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस के हाथ मुठीपार बिल्हा के रहने वाले दोनों लुटेरे दीपक मरकाम और हेमंत वर्मा को धर दबोचा जिनके पास से पुलिस ने लूट की नई मोटरसाइकिल के साथ 3 हजार रुपये भी बरामद कर लिए । दूसरा मामला बिल्हा क्षेत्र का है 19 जनवरी की श्याम कुमार राजपूत पिता बलदाउ प्रसाद राजपूत 50 वर्ष सुबह 5 बजे शिकायत दर्ज कराई की घर के सामने खड़ी आंगन में खड़ी खड़ी ट्रेक्टर का ट्राली किसी अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर लिया गया है उमरिया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना में लगी थी । चकरभाटा, छतोंना, ग्राम के दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया ताकि ट्राली लेजाते हुए आरोपियों का सुराग मिले इसी दौरान सूचना मिली कि बरेला के पास गजेंद्र टायर वर्क शॉप तथा न्यू प्रकाश ढाबा के बाजू में टायर बड़े साइज के निकले हुए हैं जिसे के बाद पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मुआयना शुरू किया , वही ढाबा में लगे सीसीटीवी देखने के बाद पथरिया धरदेई निवासी अशोक साहु के रूप में पहचान हुई , सहयोगी गोलू साहु को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया पूछताछ में दोनों ने साई बस से टायर को लेजाना बताया उसके बाद सरगांव के भाईजान टायर दुकान में पांच हजार में बेचने की बात स्वीकार की ।

डांट फटकार से परेशान 11वीं की छात्रा ने छोड़ा घर

- पुलिस की समझाई देने के बाद लौट आई

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। परिजनों की डांट फटका से नाराज होकर नाबालिग लड़की घर से निकली परिजनों की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने के बाद, तालाश में निकली पुलिस की टीम को रेलवे स्टेशन में मिली ।

मिली जानकारी के अनुसार कल दोपहर ट्यूशन जाने के नाम पर घर से दो दुपहिया वाहन लेकर निकली 11वीं की छात्रा जब देर शाम तक घर नहीं लौटी और तलाश करने पर भी नहीं मिली तो आज सुबह कोतवाली थाना पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई, परिजनों ने लड़की के कमरे से अंग्रेज़ी में लिखा पत्र मिला था पुलिस ने गुमशुदगी की कायमी कर पता तलाश शुरु की गई।

रेल्वे स्टेशन के पार्किंग पर उसका दो पहिया वाहन की तलाश की जहां पर जिस गाड़ी से किशोरी घर से निकली थी उसे बरामद कर लिया गया। पुलिस ने उसके बाद उसके एक मित्र से पूछताछ की तो उसने एक नंबर के बारे में बताया जो कि किशोरी इस्तमाल करती थी पर परिजनों को भी उस नंबर के बारे में नहीं पता था। पुलिस ने उसके किशोरी के मित्र से उसे फ़ेन लगवाया और स्टेशन की सीढ़ियों के पास किशोरी मिल गई। जो अपने माता पिता के साथ जाने से इंकार कर दिया, जिसकी बातों सुनकर पुलिस भी झेंप गई, जब उससे एकांत में पूछताछ करने पर माता पिता द्वारा हर बात में डांट फ्टकार से त्रस्त हो गई है। वहीं पुलिस ने बेहद मनुहार और मनौव्वल के बाद किशोरी घर जाने राजी हो गई । थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने नाबालिक को अपना फोन नंबर दिया है अगर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संपर्क कर सकती है ।

26 व 30 को बंद रहेगा मांस विक्रय

कोरबा। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी को एवं महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी को पशुवध का कार्य पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी धर बनाफर ने बताया कि निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित समस्त पशुवध गृहों के सभी पशुवधकर्ताओं को आदेश दिए गए है कि वे उक्त दोनों तिथियों में पशुवध का कार्य न करें तथा मांस बिक्री की दुकानों को बंद रखें, किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जाएगी एवं संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही भी होगी।

सत्ता और संगठन से उपेक्षित तो नहीं हो रहे विधायक : शैलेष पांडेय

- पुलिस मैदान में इस बार भी नही कर पाएंगे ध्वजारोहण
- राज्य शासन प्रभारी मंत्री को भेज रहे मुख्य अतिथि बनाकर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को पुलिस मैदान में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि गृह व जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। पिछले कई दिनों से यह सवाल उठ रहा था कि 15 अगस्त को मुख्य अतिथि बनने से वंचित कर दिए गए बिलासपुर के विधायक शैलेष पांडेय को 26 जनवरी को क्या मौका मिल पायेगा मगर गणतंत्र दिवस के 5 दिन पहले ही राज्य शासन के आदेश ने स्पष्ट कर दिया कि विधायक पांडेय को मौका नही मिल पायेगा क्योकि जारी सूची में बिलासपुर के मुख्य अतिथि मंत्री ताम्रध्वज को बनाया गया है । विधानसभा चुनाव के एक वर्ष बीत जाने के बाद बिलासपुर में सत्ताधारी कांग्रेस की जो स्थिति दिख रही है उससे सहज ही यह प्रश्न उठ रहा है कि बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय कहीं सत्ता और संगठन से उपेक्षित तो नही हो रहे है ?

अविभाजित मप्र सरकार के दौरान से ही बिलासपुर जिला मुख्यालय में 15 अगस्त और 26 जनवरी के आयोजित समारोहों में मुख्य अतिथि कोई मंत्री या बड़े नेता ही होते रहे है और परेड की सलामी तथा ध्वजारोहण भी करते आ रहे थे बीच मे तत्कालीन मंत्री अमर अग्रवाल द्वारा मन्त्रिमण्डल से इस्तीफा दे देने कारण तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक मुख्य अतिथि बनाये गए थे हालांकि अमर अग्रवाल तब विधायक थे । उनको मंत्रिमंडल में पुनः शामिल किए जाने के बाद वे फिर से मुख्य अतिथि बनते रहे । अमर अग्रवाल के चुनाव हार जाने और राज्य में भाजपा के सत्ता से बाहर हो जाने के बाद कौतूहल भरा सवाल यह रहा कि अब पुलिस मैदान में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि कौन होगा ? यह सवाल इसलिए भी उठने लगा था कि जो पार्टी राज्य बनने के बाद रिकार्ड 68 सीटे पाकर सरकार बनाने और डेढ़ दशक की भाजपा सरकार को अर्श से फर्श पर भेज देने में कामयाब रही वही पार्टी बिलासपुर जिले में मात्र 2 विधानसभा सीट ही जीत पाई । विधायक चुने गए दोनो पहली बार विधायक बने इसलिए मंत्रिमंडल में नही लिए गए और जिस जिले में कभी 5,5 केबिनेट मंत्री हुआ करते थे वह जिला मन्त्रिविहीन हो गया ।

स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किसे बनाया जाए यह तय करना निश्चित ही राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र की बात है लेकिन 15 अगस्त 2019 को राज्य सरकार ने ही पुरानी परंपरा को बदलते हुए व्यवस्था दी कि मन्त्रिविहीन बिलासपुर जिला मुख्यालय में कोई मंत्री नही बल्कि विधायक मुख्य अतिथि होगा ।

स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के लिये कोई समझौता नहीं होना चाहिये : राज्य निर्वाचन आयुक्त

बिलासपुर । राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने सोमवार को बिलासपुर संभाग में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारी के लिये संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिये कोई समझौता नहीं होना चाहिये। बेहतर समन्वय और तालमेल से निर्वाचन सफलतापूर्वक सम्पन्न करायें। मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में संभागायुक्त बी.एल.बंजारे, आईजी प्रदीप गुप्ता सहित बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा और रायगढ़ जिले के, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्वाचन आयुक्त ठाकुर ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिये मत पत्रों के मुद्रण, मतदान दलों का गठन, मतदान दलों का प्रशिक्षण, मतदान सामग्री की केन्द्रवार व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति, आदर्श आचरण संहिता का पालन, शिकायतों का निराकरण, मतदाता जागरूकता जाबो कार्यक्रम, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में व्यवस्था आदि की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

एपेक्स जेसीसी में उत्पादन, डिस्पैच और क्वालिटी पर होगा मंथन

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोल इंडिया एपेक्स जेसीसी एवं मानकीकरण समिति की बैठक में 30 जनवरी को आयोजित की जाएगी, पर प्रबंधन से जारी एजेंडा में पिछली तिथि से बढ़ी हुई ग्रेज्युटी, पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल स्कीम समेत अनेक मुद्दे शामिल नहीं किए गए। सिर्फ उत्पादन, उत्पादकता व डिस्पैच संबंधित मुद्दे शामिल किए गए हैं।

एसईसीएल समेत सीआइएल की अन्य अनुषांगिक कंपनी से जनवरी 2017 से सेवानिवत हुए कर्मियों को बढ़ी हुई ग्रेच्युटी भुगतान करने की मांग लंबे अरसे से हो रही है। लगभग दो माह बाद पिछले सप्ताह मानकीकरण समिति की बैठक आयोजित की गई थी, पर कतिपय कारणों से बैठक स्थगित हो गई। प्रबंधन ने एक बार फिर बैठक की नई तिथि 30 जनवरी निर्धारित की है। श्रमिक संघ प्रतिनिधियों को उम्मीद थी कि सीआइएल चेयरमैन एके झा 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होंगे, इसके पहले कोलकर्मियों की बैकडेट ग्रेज्युटी समेत लंबित मांग पूरी हो जाएगी। इसलिए प्रस्तावित बैठक में इसमें वेतनमान में विसंगति समेत बैकडेट से 20 लाख ग्रेच्युटी देने के विषय पर चर्चा की जाएगी। प्रबंधन ने छह बिंदुओं पर एजेंडा तैयार कर श्रमिक संघ को सौंपा है। इनमें दो बिंदु पिछली बैठक से जुड़ी हुई है। शेष एजेंडा में उत्पादन, उत्पादकता, डिस्पैच व कोयले की गुणवत्ता, कास्ट, इकॉनामी, प्रोफिटेबेलिटी रखा है। अंत में चेयरमैन की सहमति से अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। जानकारों का कहना है कि मुख्य बिंदु शामिल नहीं करने से श्रमिक नेताओं में नाराजगी बढ़ी है, बावजूद श्रमिक संघ प्रबंधन पर दबाव बनाएंगे कि बैकडेट से ग्रेच्युटी, डिप्लोमा होल्डर्स कर्मियों का कॅरियर ग्रोथ, पोस्ट मेडिकल स्कीम व सुपरवाइजरी स्टाफ का ओटी सीलिंग पर चर्चा की जाए। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि वर्तमान में सरकार से जारी अधिसूचना के मुताबिक रिटायर्ड कोलकर्मियों को 29 मार्च 2018 के बाद से 20 लाख ग्रेच्युटी का भुगतान हो रहा है, जबकि 20 लाख ग्रेच्युटी जनवरी 2017 से सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को देने की मांग श्रमिक संघ प्रतिनिधि कर रहे हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि सेवानिवृत्त कोल अफसरों को जनवरी 2017 से 20 लाख ग्रेच्युटी दिया जा रहा है।

नियमों को बंधन नहीं समझना चाहिये : राकेश बिहारी घोरे

कोरबा। हमर अंगना घरेलु हिंसा के विरूद्ध प्रयास योजनान्तर्गत एवं नालसा के निर्देशानुसार संविधान की प्रस्तावना के संबंध में संवेदीकरण कार्यक्रम ज्योतिभूषण प्रताप सिंह विधि महाविद्यालय कोरबा में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि राकेश बिहारी घोरे, विशिष्ट अतिथि प्रवीण कुमार प्रधान, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा थे। जिला न्यायाधीश के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि सुयोग्य शासन के लिये विधि का निर्माण हुआ है। जब हम घर के लिये एक नियम बनाते है उसी तरह एक समाज, एक देश के लिये भी नियम बनता है। नियमों को बंधन नहीं समझना चाहिये। नियम सुव्यवस्था के लिये होता है। इसलिये नियमों का अनुशरण करना चाहिये। नियमों का उल्लघंन व्यक्ति रूप से हानि पहुंचाता है साथ ही सामाजिक तौर पर नुकसानी पहुंचाता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मनुष्य को केवल प्राणी होना चाहिये न कि पशु, जो विधान के विरूद्ध कार्य करते है ऐसे व्यक्ति असमाजिक तत्व या असमाजिक प्राणी होते है इनके लिये दण्ड का प्रावधान है। अपराध दो तरह के होते है एक अनजाने में होता है तो दूसरा अपराध प्लानिंग के साथ सोच समझकर किया जाता है। संयम और अनुशसन से ही अपराध को कम किया जा सकता है।

विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर कनिष्ठ यंत्री सोनी निलंबित

कोरबा। विद्युत वितरण विभाग में कार्य में लापरवाही बरतने वाले कनिष्ठ यंत्री नारायण प्रसाद सोनी को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें कोरबा मुख्यालय में उपस्थित रहने कहा गया है। वितरण विभाग कार्य में कोताही बरतने वाले अफसरों के खिलाफशिकायत मिलने पर जांच करा कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि कोरबा सर्किल अंतर्गत हसदेव बांगो वितरण केंद्र संभाग कटघोरा में कनिष्ठ यंत्री के पद पर नारायण प्रसाद सोनी पदस्थ हैं। उनके खिलाफ कंपनी प्रबंधन को लगतार शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिसकी जांच उपरांत शिकायत सही पाए जाने पर निलंबन कार्रवाई की गई। शहरी क्षेत्रों की भांति ग्रामीण अंचलों में गुणवत्तापूर्ण सतत विद्युत प्रवाह कार्यों पर पावर कंपनी ध्यान केंद्रित कर कंपनी मुख्यालय के साथ-साथ क्षेत्रीय मुख्यालयों में पदस्थ उच्चाधिकारी सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इससे विभिन्न क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से मिल रही शिकायतों की जांच के दौरान ही कनिष्ठ यंत्री सोनी की ओर से निर्बाध विद्युत प्रवाह कार्यों में कोताही बरतना सही पाया गया। कंपनी के चेयरमैन शैलेंद्र शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मोहम्मद अब्दुल कैसर हक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लापरवाह अभियंताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। इस पर वितरण कंपनी के कार्यपालक निदेशक (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) बजरंगी मिश्रा के आदेश पर सुदूर ग्रामीण इलाकों में निरंतर विद्युत प्रवाह विषयक कार्यों में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करते हुए हसदेव बांगो वितरण केंद्र संभाग कटघोरा में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता सोनी को निलंबित कर दिया गया है।

नजूल अधिकारी के न्यायालय में मामला क्रमांक 201409160900001/3

विषय-अ-20 (1) मामले की श्रेणी-राजस्व सन् 2013-14

किरन्दुल (प.ह.नं. 0006)

पक्षकारों का विवरण-

आवेदक पक्षकार - प्राचार्य शासकीय अरव

अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा इस ईश्तहार के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संस्था प्राचार्य, शासकीय अरविंद महाविद्यालय किरंदुल को नगर किरंदुल प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. व तहसील बचेली जिला दंतेवाड़ा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 25/1 रकबा 8.11 एकड़ में से 6.82 एकड़ तथा खसरा नंबर 77/1 रकबा 7.67 एकड़ में से 1.50 एकड़ भूमि प्रकार कुल रकबा 8.32 एकड़ भूमि महाविद्यालयीन भवन निर्माण हेतु आबंटित किए जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों का उल्लेख करते हुए स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 24.01.2020 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पस्चात प्रस्तुत आपत्ति इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/01/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील

Prakash Kumar Bhardwaj
नजूल अधिकारी
बड़े बचेली

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम कांकेर, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संगीता साहू पिता/पति मनीष साहू जाति तेली, निवासी-कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 18 सी प्लाट नं./रकबा में से 4/2 रकबा 53.12 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 25 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 24/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील

नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम कांकेर, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पार्वती साहू पिता/पति मिथला राम जाति तेली, निवासी-कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 17 बी प्लाट नं./रकबा में से 10/1 रकबा 23507 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 10 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 24/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील

नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ---, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा शांतिनगर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश पिता/पति तोरण जाति तेली, निवासी-कांकेर द्वारा मोहल्ला शांतिनगर की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 17 बी प्लाट नं./रकबा में से 10/1 रकबा 23.507 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 25 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 27/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील

नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम राजापारा, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा राजापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर पिता/पति नकुल जाति, निवासी- द्वारा मोहल्ला राजापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 7 डी प्लाट नं./रकबा में से 70 रकबा 134 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 30 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 24/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील

नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम राजापारा, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा राजापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शीतल पिता/पति राजेश जाति, निवासी- द्वारा मोहल्ला राजापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 7 डी प्लाट नं./रकबा में से 70 रकबा 200 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 30 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 24/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील

नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम राजापारा, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा राजापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रीता पिता/पति राजा चौरसिया जाति, निवासी- द्वारा मोहल्ला राजापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 7 डी प्लाट नं./रकबा में से 70 रकबा 105 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 30 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवंतीन साहू पिता/पति सदाराम साहू जाति तेली निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 18 ए प्लाट नं./रकबा में से 4/6 में से रकबा 60.5 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 20 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 25/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम टिकरापारा, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश टेकाम पिता/पति रंजन सिंह जाति गोंड़ निवासी द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 17 बी प्लाट नं./रकबा में से 10/1, 23507 में से रकबा 66.5 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 30 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 25/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ..., तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा माहुरबंदपारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय जायसवाल पिता/पति शिवशंकर जाति कलार निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 10 ए प्लाट नं./रकबा में से 4/1 में से रकबा 25.8 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 30 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 27/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम टिकरापारा, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक छन्नू चंद्रवंशी पिता/पति धनी लाल जाति कलार निवासी द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 17 बी प्लाट नं./रकबा में से 3, 1475 में से रकबा 70.35 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 15 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 24/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ---, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप एट्टी पिता/पति नरेन्द्र एट्टी जाति निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 17 बी प्लाट नं./रकबा में से 3 में से रकबा 16.38 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 15 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 27/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ---, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखबती संधू पिता/पति बलवीर सिंह संधू जाति सिक्ख निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 18 बी प्लाट नं./रकबा में से 4/6 में से रकबा 90 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 30 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 25/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ---, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा एट्टी पिता/पति भोलानाथ जाति गोंड़ निवासी द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 17 बी प्लाट नं./रकबा में से 10/1, 23507 में से रकबा 18.4 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 15 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 22/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ---, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जानकीबाई पटेल पिता/पति रामूराम पटेल जाति मरार निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 17 बी प्लाट नं./रकबा में से 3 में से रकबा 112.5 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 22 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 27/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम टिकरापारा, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज एट्टी पिता/पति सुरेन्द्र एट्टी जाति गोंड़ निवासी टिकरापारा द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 17 बी प्लाट नं./रकबा में से 3, 1475 में से रकबा 68.16 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 15 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 25/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ---, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागबती पिता/पति चैन सिंह जाति धोबी निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 17 बी प्लाट नं./रकबा में से 10/1 में से रकबा 40.2 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 25 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 27/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

चुनावी ड्यूटी नहीं करना है तो दे रहे हैं कई तरह के कारण

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में रोज ही बड़ी संख्या में ऐसे लोग जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच रहे है। जिनकी ड्यूटी चुनाव कार्य में लगी है। कोई खुद को बीमार बताकर तो कोई परिवार में शादी होने का हवाला देते हुए तो कोई ज्यादा उम्र बताकर चुनाव ड्यूटी से नाम हटवाने आवेदन देने आ रहे है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आवेदनों को इलेक्शन सुपरवाइजर और एनआईसी में भेज रहे है।

जिला पंचायत चुनाव को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। कांग्रेस और भाजपा का समर्थन पाकर जहां प्रत्याशी मैदान में है, वहीं कुछ अपनी ही पार्टी के समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे है। 12 जिला पंचायत क्षेत्रों के लिए लगभग 82 प्रत्याशियों में 47 महिला प्रत्याशी है। तीन चरणों में चुनाव होना है। इसमें मुंगेली ब्लॉक में 28 जनवरी ,पथरिया में 31 जनवरी तो लोरमी ब्लाक में 3 फरवरी को सुबह सात बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। चुनाव कार्य के लिए पीठासीन अधिकारी के साथ ही तीन और लोगों की ड्यूटी लगाई गई है। अलग-अलग चरणों में उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। चुनाव मतपत्रों से ही होना है लेकिन पांच साल के अंतराल के बाद चुनाव होने की वजह मतपत्रों से प्रशिक्षण जरूरी है। प्रशिक्षण लेने के बावजूद कई अपना नाम चुनाव ड्यूटी से हटवाने पहुंच रहे है। यहीं वजह है कि नई कंपोजिट बिल्डिंग स्थित उप जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर इन दिनों रोज ही भीड़ लग रही है। कुछ लोग विधानसभा चुनाव के दौरान बीमार पड़ने की वजह से इस बार भी ड्यूटी नहीं करने, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का शिकार होने के साथ ही डायबिटीज बढ़ने जैसी जानकारी देते हुए चुनाव कार्य से पृथक करने की मांग कर रहे है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवेदन के लिए जा रहे है लेकिन चुनाव कार्य से वहीं पृथक किए जाऐंगे जो अपनी बीमारी या अन्य कारणों के प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत कर पाएंगे। आवेदकों को प्रमाणिक दस्तावेजों आवेदन के साथ अटैच करने कहा जा रहा है। निर्वाचन कार्यालय के साथ ही एनआईसी में भी लोग सीधे आवेदन दे रहे है।

कुछ हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर मुक्त करने कह रहे

जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर हाईकोर्ट के एक आदेश का हवाला दुते हुए निर्वाचन कार्य से मुक्त रखने कहा है। उन्होंने पत्र में बताया है कि पंचायत चुनाव में पीठासीन अधिकारी के रूप में ड्यूट लगाई गई है। हाईकोर्ट बिलासपुर के हालांकि पंचायत चुनाव में सेक्टर व जोनल ऑफिसरों की सीमित संख्या व कम्पूटरों द्वारा ड्यूटी लगाए जाने की वजह से इस तरह की स्थिति पैदा होने की बात उप जिला निर्वाचन अधिकारी कह रहे है।

कर्मचारियों के नाम से कार्यालय हो रहे बंद

जिला पंचायत चुनाव होने के कारण कार्यालय बंद होने की स्थिति उत्पन्न हो रही है। राज्य शासन के श्रम विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में श्रमिकों को मतदान की सुविधा देने के लिए मतदान के दिन संबंधित क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। श्रमिकों को मतदान के दिन अवकाश देने के निर्देश दिये है। और यही स्थिति जिले के कृषि उपज मंडी में भी है जिला पचायत चुनाव में समस्त कार्य करने वाले श्रमिकों को चुनाव के चलते तीन दिनों की छुट्टी दी जायेगी, तथा श्रमिकों को अवकाश ऐसे दिनों में दिया जा रहा है जब किसान अपना फसल को बेचने मंडी पहुच रहे है ऐसे में किसानों के पास समस्या उत्पन्न हो रहे है।

निशिका अग्रवाल को जेईई मेंस में 99 प्रतिशत अंक

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। कुमारी निशिका अग्रवाल का जेईई मेंस एक्जाम में 99.3898 प्रतिशत अंक के साथ उसका जेईई एडवांस के लिए चयन हुआ है। कुमारी निशिका अकलतरा रोड निवासी राममूर्ति अग्रवाल की सुपौत्री एवं अमित नीतू अग्रवाल की सुपुत्री है। कुमारी निशिका अग्रवाल ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी जांजगीर व स्माईल किडजी के चेयरमेन आशीष अग्रवाल की भतीजी है। कु. निशिका की प्रारंभिक शिक्षा लगातार दिल्ली पब्लिक स्कूल जमनीपाली कोरबा से संम्पन्न हुई है। कु. निशिका अग्रवाल प्रारंभ से ही बहुत ही मेधावी छात्रा के रूप में अपनी पहचान बना रखी है। कु. निशिका अग्रवाल ने सीबीएसई कक्षा दसवीं की परीक्षा में 473.500 अंक 94.4 प्रतिशत अंक पाकर भी अपने परिवार को गौरवान्वित कर चुकी है। वर्तमान में 12वीं की छात्रा है। कु. निशिका अग्रवाल अपनी आईआईटी की परीक्षा की सफलता का श्रेय अपने मम्मी पापा व परिवार तथा अपने टीचर को देती है। परिवार के सभी सदस्यों दादा, दादी, ताऊ ताई एवं सभी भाई बहनों ने कु. निशिका के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की है। कु. निशिका जेईई मेंस के रिजल्ट को 19 जनवरी को अपने जन्मदिन का तोहफा मानकर बहुत खुश हैं तथा भविष्य में आईआईटी व आईआईएम को तथा यूपीएससी को अपना लक्ष्य मानती है।

जूनियर रेडक्रॉस तरांदुल ने पल्स पोलियो में सहभागिता निभाई

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। अति संवेदनशील वनांचल दुर्गम पहाड़ी पर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरादुल में जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी एवं भारत स्काउट एंड गाइड के रोवर रेंजर्स के द्वारा पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 19 जनवरी को 4 बूथ में अपनी सेवा देते हुए सहभागिता निभाए। टीम प्रभारी एवं संस्था के व्याख्याता प्रदीप सेन ने बताया कि तरांदुल के वालंटियर एवं स्वयं सेवक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत तीन गांव जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र तरांदुल ,बड़े पारा तरादुल, ग्राम धनेली एवं ग्राम खसगांव के केंद्र में छात्रा यशोदा कावड़े , राजेश्वर उइके, शत्तनु , राजेश्वरी, हेमलता उसेंडी, खेमन दर्रो, छात्र संजय यादव, राकेश सॉरी, निर्मला सलाम , रजुला मंडावी , राजुला गोटा, फुलबासन सलाम , संतोषी सलाम, सरस्वती ,सिलो एवं सेवक धर्म सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के सहयोग तथा व्याख्याता प्रदीप सेन के नेतृत्व एवं संस्था के अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो दवा पिलाने में अपनी सहभागिता दी। रेड क्रास के वॉलिंटियर्स मानवता की सेवा के लिए समर्पित सेवा भाव को प्रस्तुत करते हुए लोगों को जागरूक कर पोलियो को जड़ से मिटाने अपील किए। छात्र-छात्राओं की सेवा भावना को लोगों ने सराहना करते हुए प्रशंसा किए ।पल्स पोलियो को जड़ से मिटाने कार्यक्रम को सफल बनाने संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चे पालन उपस्थित रहे।

कांकेर जिले में अब तक 15 लाख 88 हजार क्विंटल धान की खरीदी

कांकेर। कलेक्टर श्री के.एल. चैहान के मार्गदर्शन में जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में अब तक 15 लाख 88 हजार 184 क्विंटल धान खरीदी गई है। धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप संपन्न कराने के लिए कलेक्टर श्री चैहान सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और विभागीय नोडल अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केन्द्रों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। अब दिनांक तक जिले के 113 धान उपार्जन केन्द्रों में मोटा धान 2 लाख 57 हजार 486 क्विंटल, मझलामा धान 9 हजार 660 क्विंटल, पतला धान 12 लाख 73 हजार 130 क्विंटल, एचएमटी धान 430.04 क्विंटल, आईआर-36 धान 67.02 क्विंटल और सरना धान 47 हजार 410 क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदा गया है।

अमर शहीद हेमू कलानी की पुण्यतिथि मनाई गई

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। दिन मंगलवार को सिंधी समाज के लोगों द्वारा सुबह 8रू00 बजे मूक बधिर विद्यालय बागोडार में बच्चों को सिंधी समाज के गणमान्य नागरिकों के द्वारा कॉपी पेन हलवा एवं चॉकलेट बांटा गया इसके बाद सुबह 9रू00 बजे वृद्धाश्रम नादन मारा में वृद्धजनों को सेव फल केला गाजर का हलवा दिया गया इसके पश्चात संध्या को पुराने बस स्टैंड में अमर शहीद की पुण्यतिथि पर हलवा वितरण किया गया इसके पश्चात संध्या 7.00 बजे समाज के द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया है जिसमें सिंधी समाज के अध्यक्ष दिलीप खटवानी डॉ लखीचंद लालवानी राजू पंजाबी प्रताप वलेचा कल्याण दास नागवानी संजय मशानी पंकज लोहानी राहुल मोटवानी मनोहर लालवानी प्रेम मोटवानी सुनील वासवानी अमन खटवानी नरेश जवरानी अमृत जवरानी आदि उपस्थित हुए ।

अति संवेदनशील क्षेत्रों में स्थानीय कर्मचारियों की लगेगी ड्यूटी

- मैदानी क्षेत्र के विकासखण्डों के मतदान अधिकारी दूसरे क्षेत्रों में करेंगे ड्यूटी

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिले के भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा विकासखण्ड अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने तथा क्षेत्र में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को वहाँ का भौगोलिक ज्ञान होने के फलस्वरूप मतदान दल के पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो और तीन की ड्यूटी उनके पदस्थापना विकासखण्ड में लगाने की सहमति छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की गई है। आयोग के निर्देशानुसार जिले के शेष विकासखण्ड कांकेर, चारामा एवं नरहरपुर के मतदान दल के पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो और तीन की ड्यूटी दूसरे विकासखण्डों में लगाये जाऐंगे। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में मतदान संपन्न कराने के लिए रिजर्व मतदान दल सहित है कि कांकेर विकासखण्ड में 168 मतदान केन्द्रों के लिए 180 मतदान दल, चारामा विकासखण्ड के 133 मतदान केन्द्रों के लिए 160 मतदान दल, नरहरपुर विकासखण्ड में 132 मतदान केन्द्रों के लिए 170 मतदान दल, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में 116 मतदान केन्द्रों के लिए 128 मतदान दल, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में 88 मतदान केन्द्रों के लिए 98 मतदान दल, अंतागढ़ विकासखण्ड में 116 मतदान केन्द्रों के लिए 128 मतदान दल और पखांजूर (कोयलीबेड़ा) विकासखण्ड में 199 मतदान केन्द्रों के लिए 220 मतदान दल बनाये गये है।

इनाम में कार जीतने का हवाला देकर 8 लाख की ठगी, आरोपी बिहार से गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोतवाली थाना पुलिस ने स्नैपडील कम्पनी के नाम से लाखों रुपये की ठगी करने वाले शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों को बिहार के मानपुर से पकड़कर कोरबा लाया। मामला कोरबा के सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्र का है, जहां बुधवारी निवासी अमीषा महंत द्वारा शिकायत की गई कि स्नैपडील के नाम से फोन कॉल आया और लॉटरी में कार जीतने की बात कही गई.

शिकायतकर्ता के मुताबिक कॉल में 10 लाख रुपये की कीमत वाली टाटा नेक्सन कार जीतने का प्रलोभन उसे दिया गया. इसके एवज में आरोपियों ने उससे 8 लाख रुपये ठग लिए. शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की. साइबर सेल तथा बैंक से जानकारी प्राप्त कर अलग-अलग टीम बनाकर पुलिस को आरोपियों के बिहार क्षेत्र का होने की जानकारी मिली. कोरबा पुलिस द्वारा पतासाजी के लिए दिल्ली एवं नालंदा (बिहार) रवाना किया गया था.

स्थानीय पुलिस से मिली मदद

कोरबा कोतवाली के प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा स्थानीय पुलिस की सहायता से मामले के आरोपीगण संतोष कुमार पिता सचित प्रसाद कुशवाहा जाति महतों उम्र 28 साल साकिन ग्राम हरगांवा थाना मानपुर जिला नालंदा (बिहार) एवं शिवशंकर प्रसाद पिता जनक महतों उम्र 48 साल साकिन ग्राम धनुकी थाना मानपुरजिला नालंदा (बिहार) को दिल्ली एवं बिहार से पकड़ा गया. अपराध में प्रयुक्त 9 बैंकों का पासबुक, 4 नग एटीएम कार्ड, 1 मोबाइल फोन, 2 सिमकार्ड जब्त किया गया।

नगर पंचायतों में भी गर्म पौष्टिक भोजन का वितरण

कांकेर। जिले में लाभकारी फसलों जैसे-दलहन, तिलहन, साग-सब्जी, गेहूँ, चना, मक्का इत्यादि की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर श्री के.एल. चैहान ने कृषि, उद्यानिकी एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिले में निर्मित गौठान के आसपास रबी सीजन में महिला स्व-सहायता समूहों को मक्का की खेती के लिए जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर श्री चैहान ने सभी जिला अधिकारियों को अकांक्षी जिला के घटक अनुरूप उपलब्धियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिला एवं अनुविभागीय स्तरीय कार्यालय, ब्लाक स्तरीय व मैदानी कार्यालयों, ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में भी आकांक्षी जिला के घटकों का प्रचार-प्रसार किया जावे तथा उसके अनुरूप उपलब्धियाँ हासिल करने के लिए कार्यवाही किया जावे। बैठक में कलेक्टर श्री चैहान ने समय सीमा में निराकरण पत्रों पर की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की तथा सभी प्रकरणों को निर्धारित समय के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिये। न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में समय पर जवाब-दावा प्रस्तुत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के निर्माण कार्य में प्रगति का भी समीक्षा किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

प्रसव पीड़ा से...

उसे बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस के जरिए बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया। महिला का नाम बुद्धि हपका है, जो पदेड़ा गांव के गायतापारा की रहने वाली है।

एरिया डोमिनेशन के लिए...

रही थी। जवानों ने महिला को बिना देर किए खाट पर लिटाया और अपने कंधों पर उठाकर करीब 6 किमी पैदल चल चेरपाल अस्पताल पहुंचा दिया। इसके बाद महिला को एम्बुलेंस के जरिये जिला चिकित्सालय लाया गया।

भिलाई में एक ही परिवार के...

हत्यारों ने मंजू व पुरुष के शरीर को जगह-जगह जला दिया। इसके लिए हत्यारों ने बर्तन रखने की जाली का इस्तेमाल किया। जाली को गर्म कर दोनों के शरीर के कई हिस्सों पर रखा। पूरे घर में कहीं भी खून के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में पुलिस को हथियार का इस्तेमाल नहीं किए जाने की आशंका लग रही है। वहीं हत्या के बाद से रवि फरार है। मंजू व उसकी बच्ची का शव बिस्तर पर जबकि पुरुष का शव गैस चूल्हे के बर्नर से टिका मिला। इस हत्याकांड के बाद मंजू का पति रवि शर्मा लापता है। कोतवाली पुलिस के अनुसार जिस हालत में महिला और पुरुष के शव बरामद हुए हैं। उसे देखकर वारदात में एक से ज्यादा लोगों के शामिल होने का अंदेशा है।

सूबे के दो दिग्गजों ने...

बीच मतभेद का मुद्दा फिर से उठाते हुए उन्होंने कहा कि सीएएस-एनपीआर पर कोई कुछ कह रहे हैं, एनआरसी में कुछ कह रहे हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के बयान अलग-अलग है। ऐसे समय में डीएसपी देवेंद्र का पकड़ा जाना और फिर उसको तत्काल एनआईए को क्यों सौंपा गया। एनआईए गृह मंत्रालय के आधीन है और जम्मू कश्मीर पुलिस भी गृह मंत्रालय के अधीन है। ऐसे में अपनी पुलिस पर विश्वास नहीं करना यह तो पुलिस के मनोबल को ना केवल हतोत्साहित करना है बल्कि सवाल भी खड़ा हो रहा है कि आखिर इसको आनन-फानन में एनआईए को क्यों सौंपा गया? क्या राज है? जिसको छुपाना चाहते हैं? हम लोग शुरू से कह रहे हैं कि पुलवामा की जो घटना है उसमें बड़ा षड़यंत्र हुआ है और अब जब यह पकड़ा गया है तो पकड़े जाने के बाद इसको जिस प्रकार से एनआईए को दिया गया है यह बहुत सारे सवाल खड़े हो रहे हैं।

रमन बोले भूपेश सरकार...

काम से भटक रही है और एसपी से लेकर सारे अधिकारी सिर्फ एक ही काम कर रहे हैं किसानों के धान की जब्ती और राजनीतिक दृष्टि से लोगों को प्रताड़ित करना। डॉ. रमन सिंह ने बजट सत्र को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ विकास में पिछड़ते जा रहा है। सरकार ने 13 महीने में कुछ नहीं किया। जेपी नड्डा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर रमन सिंह ने कहा कि पहले अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तो छत्तीसगढ़ में संगठन के प्रति गतिशीलता बढ़ने के लिए उनकी अहम भूमिका रही। उन्होंने कहा कि श्री शाह का कार्यकाल तो स्वर्ण युग था जिसमें भाजपा की सदस्यता इतनी बढ़ गई कि 300 से ऊपर मेंबर जीत गए। राज्य में सरकार बनी इतने बड़े-बड़े काम हुए तो निश्चित रूप से जेपी नड्डा को कमान मिली है जो संगठन को और आगे ले जाएंगे।

मुकेश गुप्ता का...

बाद मंगलवार को मीडिया को दिए एक बयान में सीएम भूपेश बघेल ने साफ संकेत दे दिया है। सीएम श्री बघेल ने तल्ख लहजे में कहा है कि जिस मदनवाड़ा नक्सली हमले की जांच तक नहीं हुई रमन सरकार के कार्यकाल में उसी रेंज के आईजी को बिना कुछ किये ही शासन की तरफ से राष्ट्रपति के गैलेंट्री अवॉर्ड के लिए नाम भेजा गया। ऐसा कौन सा बहादुरी का कार्य किया गया था कि तात्कालीन आईजी रेंज मुकेश गुप्ता को गैलेंट्री अवॉर्ड के नवाजा गया। मदनवाड़ा नक्सली हमले की जांच तक नहीं हुई और जिसने कुछ नहीं किया उसे गैलेंट्री अवार्ड दे दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मदनवाड़ा नक्सली हमले की न्यायिक जांच टीम गठित किये जाने को लेकर बयान दिया है। उन्होंने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि मदनवाड़ा में इतनी बड़ी घटना हो गई लेकिन उसकी जांच नहीं करायी गयी, वहीं जिन्होंने कुछ नहीं किया, उन्हें गैलेंट्री अवार्ड दे दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मदनवाड़ा में इतनी बड़ी घटना हो गयी, जिसमें एसपी बीके चौबे सहित 29 जवान शहीद हुए और उसकी जांच तक नहीं हुई और जो लोग कुछ भी नहीं किये उनको गैलेंट्री अवार्ड दे दिया गया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में इसी प्रकार की घटनाएं होती रही है।

रेल टिकटों में...

नाम गुलाम मुस्तफा है और उसे भुवनेश्वर से पकड़ा गया है। मुस्तफा मदरसे में पढ़ा हुआ है लेकिन खुद से सॉफ्टवेयर डिवेलपिंग को सीखा है।

नेपाल: गैस लीक...

की उस टीम का हिस्सा थे जो केरल से पोखरा गया था। उधर, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घटना पर दुख जाहिर किया। उन्होंने ट्वीट किया, 'नेपाल में 8 भारतीय पर्यटकों की मौत त्रासदपूर्ण खबर से दुखी हूं। नेपाल में हमारा दूतावास स्थिति पर नजर बनाए हुए है। दूतावास के अधिकारी अस्पताल में मौजूद हैं और जरूरी सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर करता हूं।' दरअसल, सभी पर्यटक घर वापस लौटने के क्रम में सोमवार की रात मकवानपुर जिले के दमन में एवरेस्ट पैनोरमा रिजॉर्ट में रुके थे। रिजॉर्ट के प्रबंधक के अनुसार, ये लोग एक कमरे में रुके थे और उन्होंने खुद को गर्म रखने के लिए गैस हीटर चालू किया।

सांसद विधायकों को...

को अयोग्य ठहराने पर कोर्ट ने कहा कि ऐसे केस की सुनवाई के लिए किसी स्वतंत्र ईकाई का गठन होना चाहिए। मणिपुर में दलबदल करने वाले एक विधायक के मामले पर फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अयोग्यता पर निर्णय के लिए निष्पक्ष स्थायी व्यवस्था बनाना बेहतर रहेगा कर्नाटक में जेडीएस और कांग्रेस की गठबंधन सरकार के दौरान जारी खींचतान में स्पीकर रमेश कुमार ने 17 विधायकों को अयोग्य करार दिया था।

मैराथन दौड़ 23 को, विजेता प्रतिभागियों को मिलेगा नकद पुरस्कार

कांकेर। जिले में विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर से विजयी प्रतिभागियों को जिला स्तर और जिला स्तर से विजयी प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। खेल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी विकासखण्डों में 23 जनवरी को तथा जिला स्तर पर 29 जनवरी को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी समस्त विकासखण्ड में आयोजन करने के लिए कलेक्टर श्री के.एल. चैहान द्वारा निर्देशित किया गया है। मैराथन दौड़ पुरुष वर्ग के लिए 10 किलोमीटर एवं महिला वर्ग के लिए 05 किलोमीटर निर्धारित किया गया है। विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ में कोई आयु बंधन नहीं रहेगा। जिले में निवासरत धावक एवं धाविकाओं को ही भाग लेने की पात्रता होगी। मैराथन दौड़ में प्रथम से दसवां स्थान प्राप्त करने वाले पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग के धावक एवं धाविकाओं को नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा, प्रथम पुरस्कार 01 हजार रूपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को पांच सौ रूपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को तीन सौ रूपये, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले को दो सौ रूपये एवं पांचवा से दसवा स्थान प्राप्त करने वाले धावक एवं धाविकाओं को एक-एक सौ रूपये नकद राशि से पुरस्कृत किया जायेगा। जिला स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 29 जनवरी को प्रातः 07 बजे से बरदेभाटा चैक कांकेर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विकासखण्ड स्तर पर चयनीत 15-15 महिला और पुरुष प्रतिभागियों को ही दौड़ में शामिल किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

चैंपियन ऑफचेंज अवॉर्ड से सम्मानित की गयी शिल्पा शेट्टी

नई दिल्ली (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुन्द्रा को चैंपियन ऑफचेंज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और उनके पति एवं बिजनसमैन राज कुंद्रा को वर्ष 2019 के चैंपियन ऑफचेंज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड उन्हें 'स्वच्छ भारत अभियान' के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में की गई उनकी कोशिशों के लिए दिया गया है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने शिल्पा को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। शिल्पा यह पुरस्कार पाकर सम्मानित महसूस कर रही हैं। शिल्पा ने कहा, ÷मैं यह पुरस्कार पाकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे लगता है कि अपने देश को स्वच्छ रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। स्वच्छता दिमाग से शुरू होती है। जब हम अपना घर साफरखते हैं तो देश क्यों नहीं'इस वर्ष अपने पूरे कार्बन फुटप्रिंट को ऑफसेट करने के लिए मैंने 480 पेड़ लगाए।

दीपिका पादुकोण को मिला क्रिस्टल अवॉर्ड

नई दिल्ली (वार्ता)। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को क्रिस्टल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। दीपिका पादुकोण को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ओर से क्रिस्टल अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें मेंटल हेल्थ के बारे में अवेयरनेस लाने और इस बारे में नेतृत्व करने के लिए यह अवार्ड दिया गया है। दीपिका ने इस अवॉर्ड के साथ अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। तस्वीर में दीपिका पर्पल कलर की खूबसूरत ड्रेस पहने नजर आ रही हैं और उन्होंने हाथ में इस खूबसूरत अवॉर्ड को थामा हुआ है। तस्वीर के कैप्शन में दीपिका ने लिखा, 'अविभूत हूं, क्रिस्टल अवार्ड 2020' डिप्रेशन से जंग लड़ चुकीं दीपिका को दावोस में यह सम्मान दिया गया, जिसके बाद दीपिका पादुकोण ने एक स्पीच भी दी, जिसमें मेंटल हेल्थ को लेकर बात की। दीपिका पादुकोण ने कहा कि लोगों को डिप्रेशन और तनाव को भी दूसरी बीमारियों की तरह समझना चाहिए और इसका इलाज हो सकता है। दीपिका पादुकोण ने कहा, 'मेरी लव और हेट रिलेशनशिप ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है और मैं इससे पीड़ित हर किसी को बताना चाहती हूं कि आप अकेले नहीं हैं। जितना टाइम मुझे अवॉर्ड लेने में लगा है, उतनी ही देर में दुनिया में किसी एक शख्स ने डिप्रेशन की वजह से सुसाइड कर लिया होगा।

इम्तियाज अली ने की सारा खान की तारीफ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड निर्देशक इम्तियाज अली ने सारा अली खान की तारीफकी है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी सारा अली खान और कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म 'लव आज कल' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। यह फिल्म इसी नाम से बनी इम्तियाज अली की वर्ष 2009 में प्रदर्शित फिल्म का फॉलोअप माना जा रहा है जिसमें सैफअली खान और दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। अब इस फिल्म में सैफकी बेटी सारा लीड रोल में हैं। फिल्म में सारा अली खान जोई का किरदार निभा रही हैं। इम्तियाज अली ने कहा कि सारा में ऐसी क्षमता है कि वह इंडियन हीरोइनों की इमेज बदल सकती हैं। उन्होंने कहा, ÷जोई का किरदार मेरे लिए खास है। वह एक ऐसी लड़की है जो इमोशनली बहुत नाजुक है लेकिन वह मॉर्डन लड़की है जो अपनी भावनाओं को जाहिर नहीं करना चाहती है। वह अपने दिमाग और दिल के बीच उलझी हुई है। वह अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बीच भी उलझ जाती है।

अक्षय कुमार ने ली 120 करोड़ की फीस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली एक फिल्म के लिये 120 करोड़ रूपये की फीस ली है। बॉलीवुड में चर्चा है कि फिल्मकार आनंद एल राय ने अपनी अगली फिल्म के लिये अक्षय कुमार को साइन किया है। इस फिल्म में सारा अली खान और धनुष भी काम करते नजर आ सकते हैं। अक्षय कुमार इन दिनों लगातार हिट फिल्में दे रहे हैं। ऐसे में अक्षय कुमार की फीस भी लगातार बढ़ती जा रही है। कहा जा रहा है कि अक्षय ने इस फिल्म के लिये 120 करोड़ रूपये की फीस ली है। बताया जा रहा है कि फिल्म की जल्द ही घोषणा होगी। इससे पहले खबर आई थी कि यह फिल्म लव स्टोरी पर बेस्ड होगी और फिल्म की शूटिंग कुछ महीने में शुरू हो जाएगी।

भूल भुलैया 2 में अक्षय को कैमियो भूमिका देना सही नही : अनीस बज्मी

बॉलीवुड निर्देशक अनीस बज्मी का कहना है कि अक्षय कुमार बड़े स्टार हैं और भूल भुलैया 2 में उन्हें कैमियो भूमिका देना सही नही था। अक्षय कुमार, विद्या बालन और शाइनी आहूजा की फिल्म 'भूल भुलैया' 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। अब भूल भुलैया 2 प्रदर्शित होने वाली है। अनीस बज्मी के निर्देशन बन रही इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी नजर आएंगी।

QUIZ TIME

1) कोलम संवत कब प्रारम्भ हुआ था?

(क) 425 ई. में (ख) 650 ई. में (ग) 825 ई. में (घ) 1200 ई. में

2) भूकम्प की उत्पत्ति का स्थान किस नाम से जाना जाता है?

(क) अधिकेन्द्र (ख) नाभि (ग) उत्पत्ति बिन्दु

3) एंडुरोमन रेस कहाँ से कहाँ तक होती है?

4) पहला ट्रासजेनिक उत्पादित पौधा कौन-सा था?

5) टूर-डी-फ्रांस 2019 का विजेता कौन था? (इगन बेरनाल / एण्डी मरे)

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 825 ई. में (2) अधिकेन्द्र (3) लंदन से पेरिस (4) टमाटर (5) इगन बेरनाल

भारती एक्सा के दो बीमा उत्पादों को आईआरडीएआई की मंजूरी

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण इंडिया (आईआरडीएआई) ने अपने सैंडाबॉक्स प्रोजेक्ट के तहत साधारण बीमा क्षेत्र की कंपनी भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के बीमा उत्पादों को मंजूरी दी है। बीमा कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि रेगुलेटरी सैंडबॉक्स प्रोजेक्ट के तहत उसके दो इंश्योरेंस प्रस्तावों को अनुमति मिली है। कंपनी ने बताया कि इसके दो प्रस्तावित उत्पादों यूसेज बेस्ड मोटर इंश्योरेंस तथा हेल्थ सेगमेंट में शार्ट टर्म हेल्थ इंश्योरेंस को नियामक ने अपने सैंडबॉक्स प्रोजेक्ट के लिए चुना है।

आईआरडीएआई ने सैंडबॉक्स प्रोजेक्ट के लिए हैल्थ, नॉन-लाईफ एवं वितरण सेगमेंट्स के तहत दिए गए 173 आवेदनों में से केवल 33 को चुना है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव श्रीनिवासन ने कहा कि ग्राहकों की जरूरतें निरंतर विकसित हो रही हैं, इसलिए पार्टनरों एवं ग्राहकों से लचीले और 'डू इट योरसेल्फ' कवरेज की मांग बढ़ रही है। सैंडबॉक्स प्रोजेक्ट के लिए प्रस्तावित उत्पाद ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेंगे। यह ग्राहकों पर केंद्रित रहने की कंपनी की प्रतिबद्धता का नश उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 'यूसेज़ बेस्ड मोटर इंश्योरेंस' में प्रीमियम पूर्व में घोषित या फिर वाहन उपयोग करने तथा स्टैंडर्ड मापदंडों के आधार पर लिया जाता है, जिससे उन लोगों को फायदा मिलेगा, जो लोग कम वाहन चलाते हैं। बाजार में उपलब्ध मौजूदा उत्पाद ग्राहक के ड्राईविंग के तरीके के आधार पर पर्सनलाईज़ेशन नहीं करते। जो ग्राहक साल में 20,000 किलोमीटर वाहन चला रहा है तथा जो साल में केवल 5000 किलोमीटर वाहन चला रहा है, उन दोनों को एक ही उत्पाद दिया जाता है। यह उत्पाद 'पे एज़ यू गो' मॉडल पर आधारित है, जो पारंपरिक मोटर इंश्योरेंस से अलग है। यह उन ग्राहकों के लिए आदर्श उत्पाद है, जिनके पास कई वाहन हैं तथा जो हर वाहन का उपयोग ज्यादा नहीं करते।

पेट्रोल-डीजल तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज लगातार छठे दिन गिरावट दर्ज की गयी और ये तीन सप्ताह के निचले स्तर पर आ गये। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 16 पैसे सस्ता होकर 74.82 रुपये प्रति लीटर रह गया। यह 28 दिसंबर 2019 के बाद का निचला स्तर है। डीजल की कीमत भी 21 पैसे घटकर 68.05 रुपये प्रति लीटर पर आ गयी जो 01 जनवरी के बाद का निचला स्तर है। छह दिन में पेट्रोल 88 पैसे और डीजल 1.01 रुपये सस्ता हो चुका है। कोलकाता और मुंबई में भी पेट्रोल 16-16 पैसे सस्ता होकर क्रमशः 77.42 रुपये और 80.42 रुपये प्रति लीटर रह गया।

सोना 50 रुपये चमका, चांदी स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। विदेशों मे दोनों कीमती धातुओं में तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना आज लगातार छठे दिन मजबूत होता हुआ डेढ़ सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया। स्थानीय बाजार में सोना 50 रुपये की मजबूती के साथ 41,470 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया जो 11 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। वहीं, चाँदी 48,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। लंदन एवं न्यूयॉर्क से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर आज 5.66 डॉलर चमककर 1,566.51 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह करीब दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,568.35 डॉलर प्रति औंस तक पहुँचने में भी सफल रहा था। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा 1.70 डॉलर लुढ़ककर 1,558.60 डॉलर प्रति औंस बोला गया। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि चीन में कोरोना वायरस फैलने की खबरों के बाद विदेशी शेयर बाजारों में गिरावट रही जिससे निवेशकों ने सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने का रुख किया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर 0.06 डॉलर की तेजी के साथ 18.12 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गयी। स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 50 रुपये चमककर 41,470 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। सोना बिटुर भी इतनी ही तेजी के साथ 41,300 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव बिका। वहीं, आठ ग्राम वाली गिन्नी 100 रुपये टूटकर 30,800 रुपये रह गयी। चाँदी हाजिर गत दिवस के 48,100 रुपये पर स्थिर रही। चाँदी वायदा 161 रुपये की बढ़त में 46,956 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

आईसीआईसीआई की 'कार्डलेस कैश निकासी' की पेशकश

नई दिल्ली (वार्ता)। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने अपने ग्राहकोंके लिए बगैर डेबिट कार्ड के एटीएम से 'कार्डलेस कैश निकासी ' सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। बैंक ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि यह सेवा ग्राहकों को बैंक के मोबाइल बैंकिंग ऐप 'आईमोबाइल' पर अनुरोध करके बैंक के 15,000 से अधिक एटीएम से नकदी निकालने में सक्षम बनाती है। यह डेबिट कार्ड का उपयोग किए बिना नकदी निकालने का एक सरल और सुविधाजनक तरीका है। 'कार्डलेस कैश निकासी' सेवा का उपयोग स्व-निकासी के लिए किया जा सकता है। इसके लिए ग्राहक को डेबिट कार्ड साथ रखने की जरूरत नहीं होगी। बैंक के कार्यकारी निदेशक अनूप बागची ने कहा कि उनका बैंक शुरू से ही डिजिटल नवाचारों में सबसे आगे रहा है।

अगले वित्त वर्ष में बढ़ेगी ग्रामीण माँग : रिपोर्ट

मुंबई (वार्ता)। साख निर्धारण तथा बाजार अध्ययन कंपनी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में ग्रामीण माँग में सुधार का अनुमान जताते हुये मंगलवार को कहा कि इससे रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुओं (एफएमसीजी) का कारोबार जोर पकड़ेगा और यह उद्योग दहाई अंक की विकास दर हासिल कर लेगा। क्रिसिल की यहाँ जारी रिपोर्ट में कहा गया है ÷इस साल मार्च-अप्रैल से किसानों की आमदनी बढ़ने से ग्रामीण आय में धीरे-धीरे वृद्धि होगी। पिछले साल बेहतर मानसून के बाद अभी जलाशयों में जमा पानी का स्तर अच्छा है। रबी उत्पादन भी सात-आठ प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। आमदनी बढ़ने से ग्रामीण इलाकों में माँग भी बढ़ेगी हालाँकि शहरी इलाकों में माँग में सुस्ती बनी रहेगी। ग्रामीण माँग बढ़ने से अगले वित्त वर्ष में एफएमसीजी क्षेत्र का कारोबार 10-11 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है जबकि चालू वित्त वर्ष में इसके 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

कोरोना वायरस की पुष्टि से 205 अंक टूटा सेंसेक्स

मुंबई (वार्ता)। चीन में कोरोना वायरस फैलने से दुनिया भर के शेयर बाजारों में बिकवाली रही और घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को करीब आधा फीसदी टूटकर दो सप्ताह के निचले स्तर पर आ गये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 205.10 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट में 41,323.81 अंक पर बंद हुआ। यह 09 जनवरी के बाद का निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 54.70 अंक यानी 0.45 प्रतिशत लुढ़ककर 08 जनवरी के बाद के निचले स्तर 12,169.85 अंक पर आ गया।

चीन में कोरोना वायरस फैलने की सरकारी पुष्टि के बाद निवेशकों ने पूँजी बाजार में निकासी शुरू कर दी। विदेशों में भी शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्की 0.91 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.01 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.41 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 2.81 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.43 प्रतिशत की फिसल गया। बिजली, धातु, ऑटो, रियलिटी और यूटीलिटी समूहों में एक से डेढ़ फीसदी के बीच गिरावट रही। सिर्फ दूरसंचार में ही दो प्रतिशत की उल्लेखनीय तेजी रही।

जूमकार में तीन करोड़ डॉलर का निवेश

नई दिल्ली (वार्ता)। देश के प्रमुख सेल्फ-ड्राइव मोबिलिटी प्लेटफॉर्म जूमकार ने सोनी इनोवेशन फंड बाय आईजीवी सहित मौजूदा और नए वैश्विक निवेशकों की अगुवाई में 10 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए चल रहे सीरीज डी फंडिंग राउंड के एक हिस्से में तीन करोड़ डॉलर का निवेश हासिल किया है। कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि सोनी इनोवेशन फंड बाय आईजीवी टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने वालों में से एक है। जूमकार इस निवेश का शेयर्ड सब्सक्रिप्शन सर्विस के अलावा आईओटी लेआउट को बेहतर बना कर कारोबार में वृद्धि हासिल करने, टेक्नोलॉजी और डेटा विज्ञान में उपयोग करने की योजना बना रहा है।

जल्द आयेगा 'नाविक' वाला मोबाइल

क्वालकॉम ने लांच किये चिपसेट

नई दिल्ली (वार्ता)। चिपसेट बनाने वाली अमेरिकी कंपनी क्वालकॉम ने इसरो के 'नाविक' (नेविगेशन विद इंडियन कॉन्सटेलेशन) को सपोर्ट करने में सक्षम तीन चिपसेट प्लेटफॉर्म आज लांच किये। 'नाविक' अमेरिकी 'जीपीएस' की तरह इसरो द्वारा विकसित भारत का अपना नेविगेशन सिस्टम है। चीन की कंपनियों शाओमी और रियलमी ने जल्द ही 'नाविक' की सुविधा से लैस हैंडसेट लांच करने की बात कही है। ये तीनों मोबाइल प्लेटफॉर्म स्नैपड्रैगन 720जी, 662 और 460 के नाम से लांच किये गये हैं। चिपसेट प्लेटफॉर्म हैंडसेट के प्रोसेसर, मेमोरी और अन्य हार्डवेयर के बीच संवाद को संभव बनाता है। भविष्य में इन तीनों प्लेटफॉर्म के साथ कोई भी कंपनी जो भी हैंडसेट लांच करेगी उस पर 'नाविक' की मदद से नेविगेशन संभव होगा। यह पहली बार है जब किसी कंपनी ने 'नाविक' को सपोर्ट करने वाला चिपसेट विकसित किया है। इन्हें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की देखरेख में विकसित किया गया है। लांचिंग के मौके पर जारी एक संदेश में इसरो के अध्यक्ष डॉ. के. शिवन ने कहा कि 'नाविक' को अपने चिपसेट में अपनाने के क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज के प्रयासों से इसरो संतुष्ट है। उन्होंने हैंडसेट बनाने वाली कंपनियों से देश में लांच होने वाले मोबाइल फोनों में 'नाविक' समर्थित चिपसेट का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विभिन्न मोबाइल प्लेटफॉर्मों पर 'नाविक' के इस्तेमाल से भारतीय उपमहाद्वीप के क्षेत्र लोकेशन बताने की मोबाइल फोनों की क्षमता बेहतर होगी। क्वालकॉम इंडिया के अध्यक्ष राजन वगाडिया और क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज के उपाध्यक्ष (उत्पाद प्रबंधन) केदार कोंडप ने तीनों उत्पाद लांच किये।

सोशल मीडिया पर बढ़ रही क्षेत्रीय कंटेंट की मांग

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में स्मार्टफोन और इंटरनेट पहुंच बढ़ने से क्षेत्रीय भाषाओं में कंटेंट की मांग में तेजी आयी है और इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या में भी वृद्धि का रूख देखा जा है। अब क्षेत्रीय कंटेंट बनाने में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है।

महिलाओं के लिए यूजर जनरेटेड कंटेंट प्लेटफार्म मॉमस्प्रेसो डॉटकॉम ने इस संबंध में मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में इसे पिछले वर्ष की तुलना में क्षेत्रीय कंटेंट क्रियेटरों (रचनाकारों) में 228 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गयी है और क्षेत्रीय भाषाई पेज व्यू पिछले 12 महीनों में 180 प्रतिशत बढ़े हैं। इस प्लेटफॉर्म पर क्षेत्रीय कंटेंट के लिए सात करोड़ से ज्यादा मासिक पेज व्यू दर्ज किए गये हैं।

महिलाओं को दस भाषाओं में टेक्स्ट, ऑडियो और वीडियो कंटेंट के माध्यम से खुद को व्यक्त करने में सक्षम बनाने वाले इस प्लेटफार्म ने बताया कि वर्तमान में बनाई गई सामग्री का 65 प्रतिशत क्षेत्रीय भाषाओं में है और यह कुल पेज व्यू का 85प्रतिशत है। भारतीय भाषा के इंटरनेट यूजरों की संख्या के वार्षिक 18 फीसदी की वृद्धि से वर्ष 2021 तक 53.6 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है जबकि अंग्रेजी यूजरों की संख्या इसी अवधि में 3 प्रतिशत की दर से बढ़कर 19.9 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है।

नशे के लिए पागलों को दी जाने वाली नींद की दवा खा रहे नशेड़ी, जिम्मेदार बेसुध

जिन दवाओं के लिए डॉक्टर की पर्ची जरूरी ड्रग माफिया उसे यूं ही बेच रहे

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली लौह नगरी में नशीली दवाओं का धंधा इस समय जोरों पर है। पड़ोसी राज्यों से लेकर दूर-दराज के इलाकों से नशीली वस्तुओं एवं दवाओं की तस्करी कर माफिया द्वारा बचेली नगर लाया जा रहा है। माफिया तो इस गोरखधंधे में खूब कमा रहे हैं, लेकिन नशे के आदी युवाओं का कॅरियर बर्बाद हो रहा है। संबंधित विभागों की ओर से नसीली दवाओं की खुलेआम बिक्री पर नकेल कसने के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा। कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

ये है मामला

नींद व अन्य ऐसी दवाएं जो डॉक्टर की चिट्ठी के बिना नहीं बेची जा सकती वो दवाएं बचेली के युवाओं को आसानी से मिल जा रही है। इन दवाओं की सप्लाई माफिया के विभिन्न एजेंट द्वारा की जा रही है। युवा पहले तो इन दवाओं को तनाव से मुक्ति के

लिए लेते हैं, फिर धीरे धीरे इनके अदी हो जाते हैं। अब बचेली में आलम ये हैं युवा नशे की दवा व गोलियों का सेवन नशे के लिए कर रहे हैं। यहीं नहीं खांसी दूर करने की बेनाड्रिल व कोरेक्स जैसी दवाओं का अतिरिक्त सेवन भी नशे के लिए किया जा रहा है। इसके पीछे की वजह यह भी है कि शराब पीने पर बदनामी होती। बदनामी से बचने के डर से युवाओं ने यह नया रास्ता अपनाया है। युवाओं की बातों से यह भी स्पष्ट होता है कि बचेली में कई जगह ऐसे एजेंट हैं जो अपने ग्राहकों को ये नशीले पदार्थ उपलब्ध कराते हैं। इसके अलावा नगर में नशे के लिए गांजा का इस्तेमाल भी बढ़ रहा है।

ऐसे आसानी से उपलब्ध है नशा

दवा की दुकानों में बिना डॉक्टर की पर्ची दिखाये दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती है। इसका फायदा कुछ स्थानीय एजेंट उठा रहे हैं। क्योंकि नशेड़ी बेचैनी की स्थिति में दवा के रेट पर बहस नहीं करता बल्कि उपलब्धता की जल्दी में रहता है।

यह है नियम

कोई भी दवा चिकित्सक की पर्ची के बिना नहीं बेची जा सकती। वहीं नींद में काम आने वाली दवाओं का तो पूरा रिकॉर्ड दवा विक्रेताओं को रखना पड़ता है। चिकित्सक की पर्ची की फोटो कॉपी रखनी होती है। इसके बाद ही दवा दी जा सकती है।

नशा करने वालों को ये होती है समस्या

नशा करने वाले में कुछ असामान्य लक्षण सामने आते हैं जैसे चिड़चिड़ाना, हकलाना, लोगों में अरुचि उत्पन्न होना, अध्ययन के प्रति विरक्ति, याददाश्त कमजोर होना, बात बात पर क्रोधित होना, रक्तचाप में असामान्य वृद्धि, अंगों का कंपकंपाना, नशा न लेने की स्थिति में बेचैनी बढ़ना, हिंसात्मक व्यवहार, बहकी-बहकी बातें करना, नजरों के कमजोर होने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

एटीएम का क्लोन कर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले 4 अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

■ चारों आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया पुलिस को एटीएम कार्ड की क्लोनिंग कर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के आरोपियों को पकड़ने में शानदार सफलता मिली जिसका खुलासा कोरिया पुलिस अधीचक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया वही इन आरोपियों के पास से पुलिस को एटीएम क्लोनिंग डिवाइस, ढेर सारे एटीएम कार्ड और मोबाइल बरामद हुए हैं। इस पूरे मामले में मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के पीड़ित जवाहरलाल राजवाडे निवासी करजी थाना पटना एवं बिंदेश्वर सिंह निवासी सरभोका थाना पटना के एटीएम कार्ड का क्लोनिंग कर 24 अगस्त से 5 सितंबर 2019 के बीच ?3.41 हजार की धोखाधड़ी की गई थी। जिसके बाद पुलिस टीम

ने एटीएम केंद्र के सीसीटीवी के फुटेज खंगाल कर आरोपियों की तस्वीरें निकालकर उसे सब जगह वायरल किया गया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वायरस तस्वीर से मिलता जुलता एक शख्स और अपने साथियों के साथ स्विफ्ट कार में फिर से ठगी करने के लिए पटना क्षेत्र में एटीएम के आसपास घूम रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने घेरा बन्दी कर आरोपी राजेश पिता चत्तर सिंह 34 असरफगढ़ जिला जिन्द हरियाणा, राजकुमार पिता प्रेम सिंह 33 वर्ष, गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा, राजेश पिता साहसी 35 वर्ष निवासी धर्मखेड़ी जिला हिसार हरियाणा व तिलकराज पिता जसवंत 30 खैरडीह जिला रोहतक हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 58 हजार, 3 नग एटीएम क्लोनिंग डिवाइस और 15 नग एटीएम कार्ड , पॉकेट डायरी, स्विफ्ट कार एचआर 48 ई 3500 व एक मोबाइल फोन बरामद किया। हैरानी की बात यह है कि आरोपी मोबाइल यूज नही करते थे। केवल मोबाइल में एप डाल कर ऑफलाइन कर एटीएम की डिटेल्स मोबाइल में ट्रांसफर करते थे।

यह आरोपी छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, उड़ीसा, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों में घूम-घूम कर एटीएम से पैसा निकालने में लोगों की मदद करने के बहाने उनके एटीएम कार्ड को पहले से हाथ में रखे छोटे से स्कैनिंग डिवाइस से स्कैन कर उसके गोपनीय पिन को पीछे से देखकर एटीएम कार्ड का क्लोन तैयार कर भोले-भाले लोगों का दूसरे एटीएम से जाकर पैसा निकाल लेते थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने भादवि की धारा 420 66ए, 34 के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

नजूल की जमीन के सैकड़ों मामले, 71 आवेदन आए

भू-स्वामी अधिकार के लिए 21 लोगों ने की राशि जमा

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। राज्य सरकार के नजूल जमीन पर भू-स्वामी हक देने की घोषणा और प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी जिले में अब तक कुल 71 मामलों में से सिर्फ21 मामलों के लिए 4 लाख 27382 की राशि जमा हुई है। आम लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने की वजह से इस योजना का फायदा भी नहीं मिल पा रहा है ।

नजूल जमीन पर अब तक सिर्फ पटटा ही दिया जा रहा था लेकिन राज्य सरकार के मालिकाना हक देने की घोषणा के बाद लोगों को मालिकाना हक मिलने की उम्मीद बंधी है। इस योजना के लिए लोगों के मन में बहुत से सवाल है जिसके लिए वह आवेदन तक नही कर पा रहा है। आवेदन कैसे और कहां करना होगा। आगे की प्रक्रिया कैसे होगी। इसके लिए जिले में अब तक कही शिविर भी नहीं लगे है। पंचायत चुनाव की वजह से

शिविर नहीं लगने का कारण अफसर ग्रामीण क्षेत्र में आचार संहिता लगना बता रहे है जबकि शहर में भी यह स्थिति है। इसके लिए नजूल जमीन पर पटटाधारी को जमीन के बाजार मूल्य का 2फीसदी मूल्य जमा करना होगा। इस संबंध लोगो का कहना है कि नियम तो सही है लेकिन इसकी प्रक्रिया क्या होगी इसकी जानकारी नही है। इसी तरह राजकुमार तिवारी का कहना है कि सरकारी योजना के अधिक से अधिक लाभ के लिए प्रशासनिक अफसरों को शिविर लगाना चाहिये थां।

शहर में सैकडो पट्टाधारी- शहर में नजूल के सैकडो पट्टाधारी है जिन्हे भू-स्वामी अधिकार मिलना है। इसमें अब तक सिर्फ 71 लोगो ने ही भू-स्वामी अधिकार के लिए आवेदन किया है, जिसमें अभी 21 आवेदन की प्रक्रिया की शुरूवात हुई है।

यह करना होगा- इस योजना में पट्टाधारियों को अपना पट्टा लाना है और विभाग के पास जमीन के बाजार मूल्य की दो फीसदी राशि का भुगतान करना है। इसके बाद जिला प्रशासन से अनुमोदन के बाद आवेदक को भू-स्वामी अधिकार पत्र मिल जाएगा।

नक्सली संगठन में जनमिलिशिया सदस्य पाईप बम व विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

■ थाना बासागुड़ा एवं डीआरजी की संयुक्त कार्यवाही

बीजापुर। नक्सली गश्त सर्चिंग, पर ग्राम पेद्दागेलुर, पूवर्ती, जोनागुड़ा की ओर रवाना हुये थे। अभियान के दौरान पेद्दागेलुर और पूवर्ती के मध्य पूर्व से घात लगाये बैठे नक्सलियों के द्वारा पुलिस पार्टी को देखकर जान से मारने एवं हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुध फायरिंग शुरू कर दिये। पुलिस बल के द्वारा आत्मसुरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में नक्सली घने जंगल पहाड़ का फायदा उठाकर भाग खड़े हुये। पाईप बम व विस्फोटक सामग्री भी बरामद। पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर 01 नक्सली को भागते हुये पकड़ा गया जिसके कब्जे से पाईप बम, विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी, पीटठू, बरामद किया गया। पकड़े गये नक्सली का माड़वी कोसा पिता माड़वी धुरवा उम्र 19 वर्ष साकिन पूवर्ती थाना जगरगुण्डा पकड़ा गया नक्सली संगठन में जनमिलिशिया सदस्य के रूप में कार्य करना बताया। थाना बासागुड़ा में विधिवत कार्यवाही उपरान्त न्यायालय पेश किया गया।

रिटेल छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण, छात्राओं ने जाना रोजगार के गुर

नवप्रदेश संवाददाता

केशकाल। शासकीय कन्या उच्च. माध्यमिक विद्यालय केशकाल जिला कोण्डागांव में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान और सेंटम वर्क स्किल इंडिया द्वारा संचालित व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है, जिसके अंतर्गत रिटेल ट्रेड में अध्यनरत कक्षा दसवीं के विद्यार्थियो को शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण हेतू साहू मेटल्स एंड जनरल स्टोर्स, विश्रामपूरी ले जाया गया जहां पर संचालक श्रीमान भूपेंद्र साहू ने छात्राओं को दुकान के विभिन्न व्यावसायिक कार्य प्रणाली के बारे में अवगत कराया, इसके अंतर्गत

छात्राओं को ग्राहको से व्यवहार, ग्राहक सुविधा, स्टॉक लेवल, सुरक्षा के आवश्यक उपाय आदि विषयो से संबधित जानकारी प्रदान की गयी, अंत में संचालक ने व्यवसायिक पाठ्यक्रम को लाभदायक बताते हुए छात्राओं को शुभकामनायें दी।

बोदरापारा में हाथियों ने ढहाए दो मकान

कोरबा। वन मंडल कोरबा के एतमा नगर परिक्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। बीती रात 43 हाथियों के दल ने मड़ई सर्किल के बोदरापारा में भारी उत्पात मचाते हुए, जहां दो मकानों को ढहा दिया, वहीं खेतों में पहुंचकर वहां लगे अरहर के फसलों को भी तहसनहस कर दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और नुकसानी का सर्वे शुरू कर दिया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों के क्षेत्र में पहले से उपस्थिति होने की वजह से विभाग की ओर से सतकर्ता बरती जा रही है। सोमवार की रात जैसे ही हाथियों के मड़ई पहुंचने की सूचना मिली, वन विभाग का अमला हाथी मित्रदल के साथ मौके पर पहुंचे और सूनसान इलाके में बने घरों में निवासरत लोगों को बाहर सुरक्षित स्थानों पर ले जाकर पंचायत भवन में ठहराया। जिससे बड़ी घटना नहीं हो सकी। ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के कुछ देर बाद हाथियों का झुंड बोदरा पारा पहुंचा और उत्पात मचाते हुए इनमें से दो मकानों को ढहा दिया। इतना हीं नहीं हाथियों के झुंड खेतों में पहुंच गया और वहां लगे अरहर के फसल को तहस-नहस कर दिया।

स्थापना दिवस पर किए गए विविध कार्यक्रम

कोरबा। एचटीपीपी कॉलोनी दर्री स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के नवमें स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। आयोजन के अंतिम चरण में क्षेत्र के स्कूली बच्चों द्वारा गोपी नृत्य की मोहक प्रस्तुति मंदिर परिसर में दी गयी। बच्चों द्वारा संकल्प महिला मंडल एचटीपीपी दर्री की अध्यक्षा श्रीमती मोडक और अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। अतिथियों के द्वारा राधा श्री कृष्ण के तैल चित्र की विधिवत पूजा अर्चना करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अतिथियों ने आयोजन समिति के प्रयास को सराहा और बच्चों से जीवन के हर मोड़ पर लगातार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

भीख मांगते मासूमों को किया गया रेस्क्यू, 17 बच्चों को घर भेजा

■ जिला टॉस्क फोर्स टीम द्वारा की गई कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स द्वारा जिले में बाल श्रम, अपशिष्ट संग्राहक, बाल भिक्षावृत्ति एवं नशा में लिप्त बालकों के प्रभावी रोकथाम हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान जिले में 17 बच्चों का रेस्क्यू किया गया। जिसमें से 04 बच्चे को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। जहां से परिवार को समझाईश देकर उनके सुपुर्द किया गया। इसी तरह 13 बच्चों के परिजनों को समझाईश देकर छोड़ा गया। उन्होने बताया कि लोगों को बालक एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत 14 वर्ष के कम उम्र के बालकों का नियोजन प्रतिबंधित है। उन्होने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम के तहत बच्चों से भीख मंगवाना जुर्म है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा।

राज्य योग सोसायटी द्वारा योगासन खेल प्रतियोगिता

मुंगेली। राज्य के सभी प्रतिभावान युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी 2020 को नगर में किया यह प्रतियोगिता जूनियर वर्ग 9 से 14 वर्ष एवं सीनियर वर्ग 15 से 25 वर्ष के आयु के युवक एवं युवती की होगी इस प्रतियोगिता में प्रत्येक गांव विद्यालय महाविद्यालय एवं योग संस्थान आदि के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे । यह प्रतियोगिता जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की होगी जिसमें प्रथम एवं द्वितीय विजय प्रतिभागी का चयन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी दो पासपोर्ट फोटो आधार कार्ड एवं निर्धारित शुल्क के साथ अपना आवेदन पतंजलि कार्यालय पंकज मेडिकल स्टोर में जमा कर सकते हैं ।

जल जीवन मिशन की बैठक संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरेलू नल जल कनेक्शन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला स्तर पर जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के पुनर्गठन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। इस हेतु उन्होने इस वर्ष ग्रामीण परिवारों की जनसंख्या का 30 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कार्य योजना बनाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिये।

प्रशिक्षण से गायब रहे 10 अफसर-कर्मियों को नोटिस

मुंगेली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भुरे ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को गंभीरता से लिया है। उन्होने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के कार्यो के प्रति उदासीनता और लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में उन्होने 16 एवं 17 जनवरी को जनपद पंचायत जिला के निर्वाचन हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही में आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित 10 अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

मतदान के दिन श्रमिकों को भी मिलेगा अवकाश

मुंगेली। राज्य शासन के श्रम विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में श्रमिकों को मतदान की सुविधा देने के लिए मतदान के दिन संबंधित क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले के जनपद पंचायत में 28 जनवरी को, जनपद पंचायत पथरिया में 31 जनवरी को एवं जनपद पंचायत लोरमी में 3 फरवरी को जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंचों का चुनाव होगा। श्रम पदाधिकारी ने कारखाना अधिनियम के अंतर्गत ऐसे कारखाना जो सप्ताह में सातों दिवस कार्य करते है वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों के लिए मतदान के दिन दो-दो घण्टे का अवकाश देने के निर्देश दिये है।

गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर

बचेली। केंद्रीय विद्यालय मैदान,हाई स्कूल मैदान पुराना मार्किट में की जा रही तैयारियां। कड़ी धूप में बच्चे कर रहे तैयारी। केंद्रीय विद्यालय में एनएमडीसी के अधिशासी निदेशक करेंगे ध्वजारोहण एवं लेंगे परेड की सलामी वही हाई स्कूल ग्राउंड में नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्षा द्वारा किया जाएगा ध्वजारोहण दोनों ही मैदानों में स्कूली बच्चो द्वारा जबरदस्त तैयारियां की जा रही है। बचेली के लिए पहला मौका है जब हाई स्कूल ग्राउंड में एक महिला नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

प्रतियोगिता | जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

नौनिहालों ने कठिन योग मुद्राओं से लोगों को चौंकाया

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चाम्पा। नगर पालिका जांजीगर-नैला के सांस्कृतिक भवन में जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। इस प्रतियोगिता में जो बच्चे प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किये है उनको राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में शामिल होंगे।आज जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नवागढ़ विकासखण्ड सहित अन्य विकासखण्ड के दर्जनों स्कूलों के बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। छोटे-छोटे स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक योग का प्रदर्शन किया

गया। योगासन खेल प्रतियोगिता में बालक कनिष्ठ वर्ग में नवागढ़ विकासखण्ड के कचंदा स्कूल के आयुष को प्रथम एवं खोखरा स्कूल के मुकेशपुरी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इसी तरह बालिका कनिष्ठ वर्ग में कु. प्राची महंत प्रथम व हेमा सूर्यवंशी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। बालक वरिष्ठ वर्ग में प्रथम नारायण साहू जैजैपुर, द्वितीय कचंदा के अविनाश यादव को दिया गया। बालिका वरिष्ठ वर्ग में प्रथम संजीवनी कश्यप को मिला। बालिका ग्रुप में प्रथम तानी तिवारी समूह जांजगीर को, द्वितीय शिवानी समूह खोखरा को मिला। बालक ग्रुप में प्रथम संजीव साहू जांजगीर, द्वितीय नारायण समूह खोखरा को दिया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ शिक्षक एवं कवि बोधीराम साहू, अजय अग्रवाल प्रशिक्षक ऑर्ट ऑफ लिविंग, संतोष राठौर वालेंटियर ऑर्ट ऑफ लिविंग, पत्रकार पुरूषोत्तम राठौर, हरीश कुमार राठौर द्वारा योगासन खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुश्री कांति यादव द्वारा किया गया, वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का निर्णायक बलराम जलतारे रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी श्रीमती मनीषा गोपाल, व्याख्याता चमेली साहू, विनय कौशिक युवा प्रभारी, रामेश्वर क्षत्रिय जिला प्रभारी, ब्लॉक प्रभारी श्रीमती शारदा साहू, योग शिक्षक चन्द्रकिरण सोनी, मनोरंजन चौबे, सीताराम सहित बड़ी संख्या में स्कूल छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

शिखर न्यूज़ीलैंड के टी-20 दौरे से बाहर

शिखर की जगह किसी वैकल्पिक खिलाड़ी की घोषणा नहीं, पृथ्वी को मिल सकता है मौका

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय ओपनर शिखर धवन कंधे की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच ट्वंटी 20 मैचों की सीरीज़ से बाहर हो गये हैं और इस सीरीज़ के लिये युवा बल्लेबाज़ पृथ्वी शॉ को मौका मिल सकता है, हालांकि बीसीसीआई ने शिखर की जगह किसी वैकल्पिक खिलाड़ी की घोषणा नहीं की है।

इस दौरे के लिये विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम इंडिया सोमवार को ही ऑकलैंड रवाना हो गयी थी। शिखर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज़ के बेंगलुरू में आखिरी मैच के दौरान चोट लग गयी थी। शिखर भारतीय टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर नहीं गये हैं। चयनकर्ताओं ने फ्लिहाल शिखर की जगह अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा नहीं की है। भारत ए टीम इस समय न्यूजीलैंड के दौरे में है और इस टीम से ही किसी खिलाड़ी को भारतीय टीम का हिस्सा बनाया जा सकता है।

- **शिखर आस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरू में आखिरी वनडे मैच के दौरान आरोन फिंच के शॉट को रोकने के प्रयास में कंधे के बल गिर पड़े**
- **भारत और न्यूजीलैंड के बीच ट्वंटी 20 सीरीज़ 24 जनवरी से शुरू होगी**
- **यदि शिखर टी-20 सीरीज़ के बाद तक भी फिट नहीं हो पाते हैं तो भारतीय टीम के पास संजू सैमसन, मयंक अग्रवाल तथा पृथ्वी शॉ में से किसी को चुनने का विकल्प हो सकता है**

युवा ओपनर पृथ्वी टीम में शिखर की जगह लेने के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। पृथ्वी ने हाल ही में न्यूजीलैंड एकादश के खिलाफ 50 ओवर के एकदिवसीय अभ्यास मैच में मात्र 100 गेंदों पर 150 रन की जबरदस्त पारी खेली थी।

■ न्यूज गैलरी

ऑस्ट्रेलिया ने नाइजीरिया को 10 विकेट से पीटा

किम्बर्ली (वार्ता)। लेग स्पिनर तनवीर संघा (14 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने नाइजीरिया को अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी मुकाबले में सोमवार को 10 विकेट से पीट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने नाइजीरिया को 30.3 ओवर में मात्र 61 रन पर ढेर कर दिया। नाइजीरिया की तरफ से ओपनर एलिजाह ओडाले ने 53 गेंदों में दो चौकों की मदद से सर्वाधिक 21 रन बनाये। नाइजीरिया की पारी में दूसरी दहाई संख्या 14 अतिरिक्त रनों की रही। उसके चार खिलाड़ी खाता खोले बिना आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया ने 7.4 ओवर में बिना कोई विकेट खोये 62 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीत लिया। सैम फैनिंग में नाबाद 30 और जैक फ्रेज़र मैकगर्क ने नाबाद 23 रन बनाये।

विदर्भ ने दिल्ली को दिया मुश्किल लक्ष्य

नई दिल्ली (वार्ता)। तेज़ गेंदबाज़ इशांत शर्मा के टखने में चोट के कारण शेष मैच से बाहर हो जाने से दिल्ली की गेंदबाजी कमजोर पड़ गयी, जिसका फायदा उठाते हुये विदर्भ ने गणेश सतीश के नाबाद 100 रनों से अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 330 रन पर घोषित कर मेज़बान दिल्ली के सामने मुश्किल लक्ष्य रख दिया। दिल्ली ने 347 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुये स्टम्प्स तक बिना कोई विकेट खोए 10 रन बना लिये हैं और उसे अंतिम दिन जीत के लिये 337 रन की ज़रूरत है। विदर्भ ने पहली पारी में 179 और दिल्ली ने 163 रन बनाये थे। विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 330 रन पर घोषित की। कप्तान फैज़ फज़ल ने 43,संजय रघुनाथ ने 57, वसीम जाफर ने 40, सतीश ने 92 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 100 और अक्षय वाडकर ने 82 गेंदों में सात चौकों के सहारे नाबाद 70 रन बनाये।

पूर्व खेल पत्रकार आशुतोष राय का निधन

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्व खेल पत्रकार आशुतोष राय का निधन हो गया है। वह 78 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। आशुतोष राय का मंगलवार तड़के निधन हुआ। वह अपने अंतिम समय तक पूरी तरह स्वस्थ थे। उन्होंने हिंदी दैनिक हिंदुस्तान में खेल पत्रकार के रूप में काम किया था और वर्ष 2002 में रिटायर हुये थे। उन्होंने हिंदुस्तान में करीब 32 वर्ष सेवा की थी। अपनी खेल पत्रकारिता के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई टूर्नामेंटों को कवर किया था। दिल्ली खेल पत्रकार संघ के अध्यक्ष एस कन्नन, सचिव राजेंद्र सजवान, उपाध्यक्ष और हिंदुस्तान के उनके साथी रहे विपिन बहुगुणा तथा दिल्ली के खेल पत्रकारों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

सचिन और वॉल्श बुशफायर राहत मैच में करेंगे कोचिंग

मेलबोर्न (वार्ता)। भारत के दिग्गज बल्लेबाज़ सचिन तेंदुलकर और कर्टनी वॉल्श आस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग के लिये खेले जाने वाले राहत मैच में सितारों से सजी क्रिकेट टीम के लिये कोच की भूमिका निभाएंगे। प्रदर्शनी मैच के आयोजकों ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पूर्व टेस्ट कप्तानों के अलावा आस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट, ब्रैट ली, माइकल क्लार्क और शेन वाटसन भी इस भयावह आग से पीड़ितों के लिये दान की अपील कर रहे हैं। भारत के सचिन और वेस्टइंडीज़ के तेज़ गेंदबाज़ वॉल्श कोच की भूमिका में होंगे जबकि रिकी पोंटिंग और शेन वार्न कप्तान की भूमिका में होंगे। स्टीव वॉ और आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लेंगर भी गैर खिलाड़ी की भूमिका में होंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के प्रमुख केविन रॉबर्ट्स ने कहा,÷ हम सचिन और कर्टनी का आस्ट्रेलिया में स्वागत करते हैं जहां दोनों खिलाड़ियों को खेलना बहुत पसंद है और हमसे अब इंतजार नहीं हो रहा है। बिग बैश लीग फाइनल से पहले 8 फरवरी को यह प्रदर्शनी मैच खेला जाएगा जिससे मिलने वाली कमाई को आस्ट्रेलिया रेड क्रॉस को दिया जाएगा जो जंगलों में लगी आग के राहत बचाव कार्य में लगी है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने साथ ही आग से प्रभावित क्रिकेट क्लबों को भी 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर की मदद दी है। इस आग में अब तक 29 लोगों की मौत हुई है जबकि संभवतः 50 करोड़ से अधिक जानवर मारे गये हैं।

पंजाब ने केरल को 3-1 से हराया

लुधियाना (वार्ता)। दीपांडा डिका के दूसरे हाफ के दो शानदार गोलों की मदद से पंजाब एफसी ने गोकुलम केरल को सोमवार को यहां गुरु नानक स्टेडियम में खेले गए हीरो आई लीग फुटबॉल चैंपियनशिप के मुकाबले में 3-1 से हरा दिया। पंजाब ने पहले हाफ के इंजरी समय के पहले मिनट में सर्जियो बार्बोजा के गोल से बढ़त बना ली लेकिन केरल ने दूसरे हाफमें 52वें मिनट में हेनरी किसेका के गोल से बराबरी हासिल कर ली। डिका ने 64वें मिनट में पंजाब को 2-1 की बढ़त दिलाई और मैच के इंजरी समय के पहले मिनट में पंजाब का तीसरा गोल दाग दिया। पंजाब ने इस जीत से तीन हासिल किये और वह 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। वह शीर्ष पर चल रहे कोलकाता के मोहन बागान से तीन अंक पीछे है।

ठाकरे के सात विकेट, दिल्ली 163 पर ढेर

नई दिल्ली (वार्ता)। युवा तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे (55 रन पर 7 विकेट) की घातक गेंदबाजी के सामने दिल्ली रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए और बी मुकाबले के दूसरे दिन सोमवार को अपने घरेलू अरुण जेटली स्टेडियम में पहली पारी में 163 रन पर ढेर हो गयी जिससे विदर्भ को पहली पारी में 16 रन की बढ़त मिल गयी। विदर्भ ने पहली पारी में 179 रन बनाये थे।

दिल्ली ने चार विकेट पर 41 से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पहली पारी फिरोजशाह कोटला मैदान की पिच पर 163 रन पर सिमट गयी। 21 वर्षीय तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे ने कल चार विकेट लिए थे और आज उन्होंने दिल्ली के बचे छह विकेटों में से तीन विकेट झटके। ठाकरे ने 17.1 ओवर में 55 रन देकर सात विकेट लिए जबकि भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव ने 45 रन पर दो विकेट लिए। पहले दिन कुणाल चंदेला छह, हितेन दलाल 14, कप्तान ध्रुव शौरी शून्य और जोंटी सिद्धू आठ रन बनाकर आउट हुए थे। नीतीश राणा ने तीन और ललित उपाध्याय ने शून्य से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। राणा 17 और ललित सात रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली का छठा विकेट 64 के स्कोर पर गिरा। राणा को ठाकरे और ललित को उमेश ने आउट किया। अनुज रावत ने 101 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 37 रन बनाये जबकि कुंवर बिधूड़ी ने 41 गेंदों में चार चौकों के सहारे 19 रन बनाये। दसवें नंबर के बल्लेबाज सिमरजीत सिंह ने 43 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 23 रन बनाकर दिल्ली को विदर्भ के स्कोर के करीब पहुंचाया। विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में 10 ओवर में बिना कोई विकेट खोये 35 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 51 रन की हो गयी है। स्टंप्स पर कप्तान फैज फज़ल 22 और संजय रघुनाथ आठ रन बनाकर क्रीज पर थे।

जापान को 10 विकेट से रौंद भारत क्वार्टरफाइनल में

ब्लोएमफोंटेन (वार्ता)। रवि बिश्नोई की 5 रन पर 4 विकेट की घातक गेंदबाज़ी की बदौलत भारत अंडर-19 क्रिकेट टीम ने जापान को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्वकप में मंगलवार को मात्र 41 रन पर ढेर कर मुकाबला एकतरफा अंदाज़ में 10 विकेट से जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। गत चैंपियन भारतीय टीम की विश्वकप में यह लगातार दूसरी जीत है। पहले मुकाबले में उसने श्रीलंका को 90 रन से पराजित किया था। भारतीय टीम चार टीमों के अपने ग्रुप ए में दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि जापान दो अंक लेकर दूसरे नंबर पर है। कप्तान प्रियम गर्ग ने टॉस जीतने के बाद पहले विपक्षी टीम को बल्लेबाजी का मौका दिया और जापान अंडर-19 टीम को 22.5 ओवर में 41 रन के मामूली स्कोर पर ढेर कर दिया। जापानी टीम के लिये एक भी बल्लेबाज़ दहाई के आंकड़े तक पहुंच ही नहीं सका और सबसे बड़ा स्कोर 7 रन रहा जबकि टीम के पांच बल्लेबाज़ शून्य पर आउट हुये। भारतीय गेंदबाज़ों ने कमाल का खेल दिखाया और बिश्नोई ने 8 ओवर में मात्र 5 रन देकर सर्वाधिक 4 विकेट की जबरदस्त गेंदबाज़ी की।

दिल्ली के अनुराग ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल में जीता स्वर्ण पदक

महाराष्ट्र और हरियाणा के तीसरे खेलो इंडिया युवा खेलों में चल रहे दबदबे के बीच दिल्ली के अनुराग सिंह ने तैराकी में सोमवार को अंडर-17 वर्ग में 800 मीटर फ्रीस्टाइल का स्वर्ण पदक जीत लिया।

गुवाहाटी (वार्ता)। अनुराग ने आठ मिनट 38.06 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण अपने नाम किया जबकि महाराष्ट्र को दूसरा और पश्चिम बंगाल को तीसरा स्थान मिला। पश्चिम बंगाल की सोब्रिति मंडल ने तैराकी पूल में तहलका मचाते लड़कियों के अंडर-21 वर्ग में 200 मीटर बैकस्ट्रोक, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले और चार गुना 100 मीटर मेडले रिले के स्वर्ण पदक जीत लिए। लड़कों के अंडर-21 में कर्नाटक के श्रीहरि नटराज ने दो स्वर्ण जीते। गत चैंपियन महाराष्ट्र ने अपना दबदबा कायम रखते हुए इन खेलों में 200 पदक पूरे कर लिए हैं। महाराष्ट्र के 63 स्वर्ण सहित 204 पदक हो गए हैं। गत उपविजेता हरियाणा काफी पिछड़ चुका है और वह 47 स्वर्ण सहित 138 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली 31 स्वर्ण सहित 102 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर कायम है। हरियाणा ने लड़कियों का अंडर-17 हॉकी खिताब शूटआउट में झारखंड को हराकर जीता। चंडीगढ़ ने अंडर-17 का लड़कों का खिताब उत्तर प्रदेश को शूटआउट में हराकर जीता। पंजाब और केरल ने बास्केटबॉल में क्रमशः लड़के और लड़कियों के अंडर-21 बास्केटबॉल खिताब जीते।

भारत को सर्बिया में हुये नेशंस कप में 6 पदक

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय मुक्केबाज़ मोनिका (48 किग्रा), रितु ग्रेवाल (51 किग्रा) एम मीना कुमारी (54 किग्रा) और भाग्यबती (75 किग्रा) ने सर्बिया में हुये नौवें नेशंस कप चैंपियनशिप में चार रजत और दो कांस्य सहित देश के लिये कुल छह पदक हासिल किये हैं। 48 किग्रा के लाइट फ्लाएवेट वर्ग में मोनिका ने बढ़िया शुरूआत की और 1-0 की बढ़त ली। इंडिया ओपन की स्वर्ण पदक विजेता भाग्यबती कचारी को भी अपने 75 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में मोरक्को की खिलाड़ी से विभाजित फैसले में हार का सामना करना पड़ गया और रजत से संतोष करना पड़ा। अन्य भारतीय मुक्केबाजों में कोलोग्ने विश्वकप पदक विजेता मीना और रितु को भी इटली और चीन की अपनी विपक्षियों से स्वर्ण पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

प्रजनेश आस्ट्रेलियन ओपन के पहले ही राउंड में बाहर

भारत के शीर्ष रैंक टेनिस खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन अपने 'लकी लूज़र' होने का फायदा नहीं उठा सके और ग्रैंड स्लेम आस्ट्रेलियन ओपन में पुरूष एकल के पहले ही राउंड में बाहर हो गये। इसी के साथ प्रजनेश का दूसरे दौर में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच से भिड़ने का सपना भी टूट गया।

मेलबोर्न (वार्ता)। विश्व में 122वीं रैंक खिलाड़ी और भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी प्रजनेश क्वालिफायर के फाइनल मैच में हारकर बाहर हो गये थे लेकिन लकी लूज़र होने की बदौलत उन्होंने आस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था। हालांकि एकल के पहले ही दौर में वह जापान के वाइल्ड कार्ड और उनसे रैंकिंग में 22 स्थान पीछे तात्सुमा इतो से लगातार सेटों में 4-6, 2-6, 5-7 से हारकर बाहर हो गये।

दो घंटे में मिली इस पराजय के साथ ही प्रजनेश का दूसरे दौर में सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच से भिड़ने का सपना भी टूट गया जिससे अब इतो का मुकाबला होगा। भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने लगातार पांचवीं बार किसी ग्रैंड स्लेम के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया है। वह विंबलडन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के भी मुख्य ड्रॉ में पहुंच चुके हैं। प्रजनेश की हार के साथ ही आस्ट्रेलियन ओपन के एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी है।

ग्रैंड स्लेम | **विजयी शुरूआत करते हुये पुरूष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया**

नडाल जीते, शारापोवा पहले दौर में बाहर

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल ने वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम आस्ट्रेलियन ओपन में विजय शुरूआत करते हुये पुरूष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया लेकिन महिला वर्ग में पूर्व नंबर एक रूस की मारिया शारापोवा पहले ही दौर में बाहर हो गयीं हैं।

मेलबोर्न (वार्ता)। शीर्ष वरीय और 19 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन नडाल अब रोजर फेडरर के 20 खिताबों से एक कदम ही दूर हैं और मेलबोर्न पार्क में एकल के पहले राउंड में उन्होंने गैर वरीय बोलिवियाई ह्यूगो डेलियन के खिलाफ 6-2 6-3 6-0 से आसान जीत दर्ज कर अपने अभियान की बढ़िया शुरूआत की। 33 साल के पूर्व फ्रेंच तथा यूएस ओपन चैंपियन ने जीत के बाद कहा,÷ मुझे सिर्फइस बात की चिंता है कि मैं अपने सर्वोच्च स्तर तक कैसे जाऊंगा। मैं 20 या 15 या 16 खिताबों की परवाह नहीं करता। मैं केवल आगे बढ़ते रहने के बारे में सोचता हूं। मैं अपने टेनिस करियर का मजा ले रहा हूं।÷ उनका अगला मुकाबला फेडेरिको डेलबोनिस या जोओ सोसा से होगा। नडाल ने करियर में केवल एक बार वर्ष 2009 में आस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था, यहां उन्होंने फेडरर को फाइनल में हराया था। उसके बाद से नडाल को चार बार मेलबोर्न के खिताबी मुकाबले में हारना पड़ा है। दूसरी ओर महिला एकल के पहले दौर में ही पांच बार की ग्रैंड स्लेम चैंपियन शारापोवा का बोरिया बिस्तरा बंध गया जिसके बाद 32 वर्षीय खिलाड़ी के करियर पर सवाल उठ रहे हैं। शारापोवा को 19वीं वरीय क्रोएशिया की डोना वेकिक के हाथों लगातार सेटों में 3-6, 4-6 से हार झेलनी पड़ी। विश्व में 145वीं रैंकिंग पर खिसक चुकीं पूर्व नंबर एक शारापोवा को मेलबोर्न में वाइल्ड कार्ड दिया गया था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकीं। शारापोवा ने वर्ष 2008 में यहां खिताब जीता था। वह वर्ष 2010 में भी मेलबोर्न में पहले राउंड में ही बाहर हो गयी थीं और लगातार ग्रैंड स्लेम के पहले दौरों में बाहर हो रही हैं। अन्य मुकाबलों में 26 साल के आस्ट्रियाई खिलाड़ी और पांचवीं सीड डॉमिनिक थिएम ने फ्रांस के एड्रियन मनारियो को 6-3 7-5 6-2 से लगातार सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

न्यूजीलैंड को मुश्किल में डाल सकता है भारत: सचिन

नई दिल्ली। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंडुलकर ने कहा कि न्यू जीलैंड की पिचों का व्यवहार काफी बदल गया गया है और बल्लेबाजी के लिए अनूकुल इन पिचों पर भारत के पास वह क्षमता है जिससे वे मेजबान टीम को मुश्किल में डाल सकते हैं। सचिन ने 1990 से 2009 तक रेकॉर्ड पांच बार न्यू जीलैंड का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि जब वह अपने पहले दौरे पर न्यू जीलैंड गए थे तो पिचों से तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलती थी जबकि 2009 में उनके आखिरी दौरे पर यहां रन बनाना काफी आसान हो गया था। उन्होंने खास इंटरव्यू में कहा, 'न्यू जीलैंड की पिचों में बदलाव आया है जिससे हाल के वर्ष में टेस्ट मैचों में काफी रन बने हैं।' भारतीय टीम 24 जनवरी से शुरू हो रहे न्यू जीलैंड दौरे पर पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय, तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैच खेलेगी। भारतीय टीम ने तब 32 साल के बाद न्यू जीलैंड में टेस्ट सीरीज में जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा, 'मुझे याद है जब मैं 2009 में वहां खेला था, हैमिल्टन की पिच का व्यवहार दूसरी पिचों से अलग था। दूसरी पिचें (वेलिंग्टन और नेपियर) सख्त थी लेकिन हैमिल्टन की नहीं। वह नरम थी। समय बीतने के साथ नेपियर की पिच सख्त हो गई (गौतम गंभीर ने यहां 2009 में 12 घंटे से ज्यादा देर तक बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाकर मैच बचाया था)। मुझे लगा कि मेरे पहले दौरे के मुकाबले (1990 से 2009) पिचें सख्त हो गईं।

न्यूज गैलरी

लोकवाणी : 'परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम' पर चर्चा

27 से 29 जनवरी तक रिकार्ड करा सकेंगे आमजन अपनी बात

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 7वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 9 फरवरी को होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम, विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम. रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज के हर वर्ग की भावनाओं और सुझावों से अवगत होने तथा अपने विचार साझा करने के लिए लोकवाणी रेडियोवार्ता प्रारंभ की है। लोकवाणी में इस बार का विषय 'परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम' रखा गया है। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 27, 28 एवं 29 जनवरी को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकार्ड करा सकते हैं।

सीएम हाऊस में आज जनचौपाल स्थगित

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में 22 जनवरी बुधवार को आयोजित होने वाला 'जनचौपाल भेंट-मुलाकात' का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित रहेगा।

बजट पूर्व चर्चा : बजट प्रस्तावों पर मंत्री प्रेमसाय का विभाग हुआ शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम से सम्बद्ध विभागों के बजट प्रस्तावों पर किया गया विचार-विमर्श

रायपुर। राज्य की कांग्रेस सरकार बजट की तैयारियों में जुट गई है। बजट में विभिन्न शासकीय विभागों में मांगों के अनुरूप बजट में राशि के प्रावधान किए जाने को लेकर राज्य सरकार लगातार समीक्षा कर रही है। इसी क्रम में आज मुख्यमंत्री निवास में स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विभाग, सहकारिता विभाग के अफसरों के साथ ही विभागीय मंत्री बैठक में शामिल हुए।

बैठक में इन सभी विभागों के अफसरों से विभागीय जरूरतों के हिसाब से प्रस्ताव मांगा गया तथा उनसे जानकारी ली गई कि विभाग के कामकाज को और अधिक सुचारू रूप से चलाने, विकास कार्य और अन्य मद के लिए कितनी राशि की जरूरत पड़ेगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने विभिन्न मदों के लिए जरूरत के हिसाब से तैयार प्रस्तावों के हिसाब से अपने-अपने विभागों को आवश्यक राशि का ब्योरा बैठक में प्रस्तुत किया है। बताया जाता है कि प्रदेश के सहकारिता मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम इस बैठक में विशेष रूप से उपस्थित थे।

मंत्री श्री टेकाम ने विभागीय अफसरों से बजट प्रस्तावों पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया है। बैठक में मुख्य सचिव आर. पी. मण्डल, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा आलोक शुक्ला, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी, सचिव आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास डी.डी. सिंह, सहकारिता सचिव सुश्री रीता शांडिल्य, संचालक लोक शिक्षण एस. प्रकाश, प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा पी. दयानंद सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

छग दौरे पर पहुंचे सुरक्षा सलाहकार विजय कुमार एवं सीआरपीएफ डीजी माहेश्वरी

नवप्रदेश संवाददाता

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के डायरेक्टर जनरल एपी. महेश्वरी ने सौजन्य मुलाकात की।

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार और सीआरपीएफ डीजी डॉ. एपी माहेश्वरी मंगलवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर पहुंचे। वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार आज नया रायपुर में पुलिस, फोर्स और गृह विभाग के अफसरों के साथ बैठक करेंगे। नया रायपुर के सीआरपीएफ मुख्यलाय में बैठक होगी। बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद बस्तर जाएंगे, जिसके बाद जगदलपुर के लिए रवाना होंगे जहां जवानों से सीधी बातचीत करेंगे। नक्सलवाद के खिलाफ संयुक्त स्तर पर बड़े ऑपरेशन की तैयारी की रणनीति बनाई जाएगी। आज ही देर शाम रायपुर आकर दिल्ली रवाना होंगे। वहीं सीआरपीएफ के नवनियुक्त डीजी मिस्टर एपी माहेश्वरी बीजापुर समेत बस्तर के कैंपो का दौरा कर जवानों से मुलाकात करेंगे। 22 जनवरी को वे रायपुर आकर देर शाम दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ थीम पर तैयार हो रही झांकियां

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां युद्ध स्तर पर

झांकियों में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ थीम पर झांकियां तैयार की जा रही

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। इस बार गणतंत्र दिवस में राज्यपाल यहां ध्वजारोहण करेंगी और परेड की सलामी लेंगी। परेड में इस बार 22 प्लाटून शामिल होने वाले हैं। परेड को महिला आईपीएस अफसर लीड करेंगी।

राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में इन दिनों गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। गणतंत्र दिवस का मुख्य आकर्षण आकर्षक मार्चपास्ट रहेगा, इसके अलावा विभिन्न विभागों की झांकियां दर्शकों को आकर्षित करेगी। सूत्रों ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस में होने वाले आकर्षक मार्चपास्ट को महिला आईपीएस अफसर लीड करेंगी। इनके नेतृत्व में रोजाना यहां परेड का अभ्यास चल रहा है। परेड में कुल 22 प्लाटून शामिल होंगे। इसके अलावा स्काउट, गाइड, एनसीसी आदि विंग के द्वारा भी मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न शासकीय विभागों की झांकियां भी दर्शकों को आकर्षित करेगी। राज्य की कांग्रेस सरकार की थीम गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ को केन्द्र बिंदु मानते हुए विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभाग के विकासकार्यों की झांकियां तैयार की जा रही है। आरआई कार्यालय के बगल में तथा पुराने उद्यान की ओर झांकियों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। झांकियों में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ थीम पर झांकियां तैयार की जा रही है। इसमें छत्तीसगढ़ के विकासजनक कार्यों की झांकियों के अलावा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक मढ़ई-मेला, हाट-बाजार, पर्यटन केन्द्र, पर्यटन स्थलों की झांकियां तैयार हो रही है।

अबुझमाड़ हाफ मैराथन रन फॉर पीस 8 फरवरी को

■ **पहला पुरस्कार 1.21 लाख रुपए**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश के नारायणपुर जिले में 8 फरवरी को अबुझमाड पीस हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मैराथन आयोजन समिति के द्वारा किया जा रहा है । यह 21 किलोमीटर हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के सौजन्य से जिला मुख्यालय नारायणपुर के हाई स्कूल मैदान से किया जाएगा।

अबुझमाड़ रन फॉर पीस का आयोजन क्षेत्र में खेल सम्भावना को मंच देने के साथ-साथ क्षेत्र के प्रति नक्सल गतिविधियों के कारण लोगों के मन में बने खौफ को भी हटाने का प्रयास है । इस हाफ मैराथन का यह दूसरा वर्ष है गत वर्ष इसका सफल आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 5 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिये थे। इस प्रतियोगिता के विजेता केन्या देश के धावक रहे थे। इस वर्ष भी 4 हजार से अधिक लोगों ने प्रतियोगिता के लिए पंजीयन करवाया है। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार एक लाख एक्कीस हजार, द्वितीय 61 हजार, तृतीय 31 हजार, चतुर्थ 21 हजार, पंचम 11 हजार रुपए राशि रखी गई है साथ ही नारायणपुर जिले के मूल निवासी प्रतिभागी को विशेष पुरस्कार रखा गया है ।

हाफ मैराथन को सफल बनाने और अधिक से अधिक की सहभागिता के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित नारायणपुर जिले के विद्यार्थी, लोक कलाकार, खिलाड़ियों द्वारा रन फॉर पीस में शामिल होने की अपील की जा रही है ।

तिरंगा समर्थन

रायपुर(नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी द्वारा सीएए के समर्थन में बुढ़ापारा धरना स्थल से निकली तिरंगा यात्रा

नियमित देखभाल और उचित पोषण से रिहान को मिली कुपोषण से मुक्ति

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नियमित देखभाल और उचित पोषण से बच्चों की सेहत पर जल्द असर देखा जा सकता है। ऐसा ही असर जशपुर जिले के पत्थलगांव के नन्हे बालक रिहान बघेल की सेहत में देखने को मिला है। दिसम्बर 2018 में श्री मनोज बघेल के घर जन्मे एक साल के रिहान का वजन जन्म के समय मात्र डेढ़ किलोग्राम था। रिहान के कम वजन का पता चलते ही पत्थलगांव के आंगनबाड़ी केन्द्र दर्रापारा की कार्यकर्ता श्रीमती संतोषी खुंटे रिहान के घर गृह भेंट करने पहुंचीं और बच्चे का वजन लेकर सतत् स्तनपान हेतु रिहान की मां श्रीमती कंचन बघेल को सलाह दी साथ ही रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराया। श्रीमती खूंटे ने रिहान के माता-पिता, दादा-दादी और घर के अन्य सदस्यों को कंगारू मदर केयर के बारे में भी बताया कि कंगारू मदर केयर में बच्चे को ज्यादा से ज्यादा शरीर के सम्पर्क में रखना व गर्माहट देना होता है,इससे बच्चे की सेहत में सुधार होता है। सेक्टर पर्यवेक्षक ने भी रिहान के परिवार से सम्पर्क कर मॉनिटरिंग जारी रखी। निरंतर मॉनिटरिंग और उचित सलाह से धीरे-धीरे बच्चे का वजन बढते गया। दो माह में ही बच्चे का वजन बढ़कर तीन किलो से अधिक हो गया।

शहीद हेमूकालाणी राष्ट्र के गौरव : महापौर ढेबर

महापौर एजाज ढेबर ने शहीद हेमूकालाणी को शहादत दिवस पर किया नमन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मंगलवार को महापौर एजाज ढेबर ने निगम के संस्कृति विभाग द्वारा कचहरी चैक स्थित शहीद हेमूकालाणी की मूर्ति के समक्ष उनके शहादत दिवस पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में समस्त राजधानीवासियों की ओर से सादर नमन करते हुए उन्हें आदरांजलि अर्पित की। महापौर ने कहा कि शहीद हेमूकालाणी समूचे राष्ट्र के गौरव है। शहीदों की शहादत से सभी नागरिकों को युगों-युगों तक देश के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की सकारात्मक प्रेरणाषक्ति प्राप्त होती रहेगी।

निगम संस्कृति विभाग के संक्षिप्त व गरिमापूर्ण आयोजन में प्रमुख रूप से रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक रमेश वल्यानी, निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष आकाश तिवारी, शहीद हेमूकालाणी वार्ड पार्षद हरदीप सिंग होरा, पार्षदद्वय पुरूषोत्तम बेहरा, कामरान अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर आहूजा, पूर्व पार्षद प्रेम बिरनानी, आयोजन समिति के प्रमुख पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में गणमान्यजन, आमजनों ने शहीद हेमूकालाणी को आदरांजलि अर्पित की।